रांची, शुक्रवार 11 जुलाई 2025 ● श्रावण कृष्ण प्रतिपदा, संवत 2082 ● रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 94 ● मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




## बैठक में इन्होंने की शिरकत

पूर्वी परिषद की बैठक में गृहमंत्री अमित शाह के अलावा ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन मौजूद थे. वहीं, झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह आदि अधिकारी भी शरीक थे. झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ, बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय चौधरी, पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य, ओडिशा के उप मुख्यमंत्री पी परीदा अपने-अपने राज्य के दर्जनों अधिकारियों के साथ बैठक भाग लेने पहुंचे थे. बैठक में चार राज्य झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा व बिहार के प्रतिनिधि के अलावा अधिकारी शामिल थे.

## ब्रीफ न्यूज

### सरकार एलआईसी में बेचेगी हिस्सेदारी

**नयी दिल्ली।** सरकार जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में और हिस्सेदारी बेचने पर काम कर रही है. सूत्रों के अनुसार विनिवेश विभाग इस सौदे की विस्तृत जानकारी तैयार करेगा. सरकार के पास वर्तमान में एलआईसी में 96.5 प्रतिशत हिस्सेदारी है. उसने मई 2022 में आईपीओ के माध्यम से 902-949 रुपये प्रति शेयर के मूल्य बैंड पर 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची थी. इस शेयर बिक्री से सरकार को लगभग 21,000 करोड़ रुपये प्राप्त हुए.

### कनाडा में भिड़े दो विमान भारतीय पायलट मरा

**टोरंटो।** कनाडा के मैनिटोबा प्रांत में दो छोटे विमानों की हवा में टक्कर में भारत के एक छात्र पायलट की मौत हो गई. मृतक छात्र पायलट की पहचान श्रीहरि सुकेश के रूप में हुई है. वह कनाडा में पायलट बनने की ट्रेनिंग ले रहे थे. यह हादसा स्टीनबैक नाम के इलाके के पास हुआ, जो कनाडा के विंनीपेग शहर से लगभग 50 किमी दक्षिण-पूर्व में मौजूद है. इस हादसे में एक और छात्र पायलट की भी मौत हो गई, जिसका नाम सावाना मे रोयेस था. वह कनाडा की रहने वाली थीं.

### हरियाणा में दो छात्रों ने प्रिंसिपल को मार डाला

**हिसार ।** हरियाणा के हिसार में छात्रों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया. यहां स्कूल में प्रिंसिपल ने बच्चों को बाल कटवा कर आने को कहा तो बच्चों ने प्रिंसिपल की चाकू मारकर हत्या कर दी. हांसी के एसपी ने बताया, नारनौंद के करतार मेमोरियल स्कूल के दो नाबालिग छात्रों ने गुस्से में आकर प्रिंसिपल की चाकू से हत्या कर दी. प्रिंसिपल ने बच्चों को बाल काट कर आने और अनुशासन बनाए रखने को कहा था. प्रिंसिपल के शव को पोस्टमार्टम के लिए हिसार भेज दिया गया है.

### भारतीय नर्स को बचाने की आखिरी कोशिश

**नयी दिल्ली।** यमन में मौत की सजा पाई भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को बचाने की आखिरी कोशिश शुरू हो गई है. दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने निमिषा को बचाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने की मंजूरी दे दी है. निमिषा को यमन में यमनी नागरिक की हत्या के मामले में 16 जुलाई को मौत की सजा दी जा सकती है. जस्टिस सुधांशु धूलिया और जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मामले को 14 जुलाई को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है.

## 27वीं बैठक : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पूर्वी क्षेत्रीय परिषद में जोरदार संबोधन

# बकाया कोल रॉयल्टी व मेट्रो सहित रखीं 31 मांगें

- हेमंत सोरेन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत सभी अतिथियों का अंग वस्त्र, बुके एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को रांची में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक के मंच से राज्य की 31 प्रमुख मांगें केंद्र के समक्ष रखीं. बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की. शहर के होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कोल कंपनियों से 1.40 लाख करोड़ रुपए की लंबित रॉयल्टी राशि की तत्काल वसूली, 18 से 50 वर्ष की महिलाओं को 2500 प्रतिमाह सहायता देनेवाली मंईयां सम्मान योजना, ट्राइबल यूनिवर्सिटी की स्थापना और रांची मेट्रो जैसी अधोसंरचना परियोजनाओं को तेज़ी से आगे बढ़ाने की मांग उठाई.

मुख्यमंत्री ने विकास, सामाजिक न्याय और क्षेत्रीय संतुलन पर जोर देते हुए झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल की साझा विरासत की ओर इशारा किया और सहकारी संघवाद की भावना से आगे बढ़ने का आह्वान किया. बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत सभी अतिथियों का अंग वस्त्र, बुके एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया.

### ये हैं हमारे झारखंडी संस्कार

सीएम हेमंत सोरेन की सादगी और विनम्रता की एक बार फिर राज्यभर में चर्चा हो रही है. अवसर था गृह मंत्री अमित शाह के रांची आगमन का. जिस भाव और सम्मान के साथ सीएम हेमंत सोरेन ने अमित शाह का स्वागत किया, उसने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा और दिलों को छू लिया. जैसे ही अमित शाह होटल के भीतर प्रवेश कर रहे थे, हेमंत सोरेन ने हाथ जोड़कर उनका अभिवादन किया, फिर मुस्कान के साथ हाथ मिलाकर उनका स्वागत किया.



### सीएम ने रखीं ये मांगें

- **पर्यटन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर जोर :** आदिवासी सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के साथ पर्यटन को बढ़ावा देने का सुझाव, एमएसएमई के माध्यम से रोजगार सृजन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मजबूती की बात. मंईयां सम्मान योजना के तहत 18-50 वर्ष की महिलाओं को 2500 रुपए मासिक सहायता देने की योजना का जिक्र.
- **खनन और राजस्व संबंधी मांगें :** कोल कंपनियों से 1.40 लाख करोड़ रुपए की बकाया राशि की शीघ्र वसूली. डीएमएफटी नीति में संशोधन और पीएसयू में स्थानीयों को प्राथमिकता देने की मांग. बंद पड़ी खदानों के सुरक्षित बंदीकरण पर जोर.
- **शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान :** ट्राइबल यूनिवर्सिटी की स्थापना के लिए केंद्र से सहयोग की अपील. रिम्स-2 और नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना में केंद्र सरकार से भागीदारी की उम्मीद. एससी/एसटी/ओबीसी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजनाओं में विस्तार और केंद्र की सहायता की मांग. कनेक्टिविटी और अधोसंरचना विकास पर फोकस
- साहिबगंज-रांची एक्सप्रेसवे और रांची मेट्रो परियोजना का प्रस्ताव. रेलवे नेटवर्क विस्तार और लंबित योजनाओं को जल्द पूरा करने की अपील. रामरेखा धाम को रामायण सर्किट और बौद्ध स्थलों को बौद्ध सर्किट से जोड़ने की मांग.
- **गरीबी उन्मूलन और सामाजिक सहायता योजनाएं :** पीएम आवास और मनरेगा की मजदूरी दरें महंगाई के अनुरूप बढ़ाने का अनुरोध. पेंशन योजनाओं में केंद्र का अंशदान 1000 रुपए मासिक करने की अपील. गरीब परिवारों के लिए 15 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा कवर देने की योजना.
- **पर्यावरण और जल प्रबंधन :** दामोदर नदी को नमामि गंगे योजना में शामिल करने की मांग. सिंचाई परियोजनाओं के लिए केंद्र से साझेदारी की अपेक्षा.
- **संविधानिक अधिकार और संघीय ढांचे पर चिंता :** सीबीए एक्ट में संशोधन का विरोध और खनन के बाद भूमि का नियंत्रण राज्य को देने की अपील. सीओएमएफईडी, होटल अशोक और अन्य संपत्तियों के बंटवारे पर नीति निर्धारण की जरूरत बताई.

## पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में कई अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

# झारखंड नक्सवाद से लगभग मुक्त : शाह

**रांची ।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को रांची में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक की अध्यक्षता की. अपने संबोधन में गृह मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में हमारी सेनाओं ने अपनी वीरता, सटीकता और जांबाजी का अनुभव पूरी दुनिया को कराया है और उनके साहस और पराक्रम के लिए परिषद सेनाओं की वीरता के लिए सर्वसम्मति से धन्यवाद प्रस्ताव पारित करती है. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी जी ने दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए भारत का आतंकवाद के अंत का मजबूत इरादा पूरी दुनिया के समक्ष प्रस्तुत किया है. शाह ने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में झारखंड की भूमि का बड़ा योगदान रहा है और इस भूमि से भगवान बिरसा मुंडा सहित कई स्वतंत्रता सेनानियों ने आज़ादी के आंदोलनों का नेतृत्व किया है. उन्होंने कहा कि पूर्वी भारत भक्ति, ज्ञान, संगीत, वैज्ञानिक अनुसंधान और क्रांति की भूमि है. शिक्षा के मूल आदर्श स्थापित करने में पूर्वी भारत का बहुत बड़ा योगदान रहा है.

उन्होंने कहा कि बैठक में मसंजौर बांध, तैयबपुर बराज और इंद्रपुरी जलाशय से संबंधित काफी समय से लंबित जटिल मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई. साथ ही, बिहार के विभाजन समय से ही लंबित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की संपत्तियों और देनदारियों के बिहार और झारखंड के बीच विभाजन से संबंधित मुद्दों पर भी गहन चर्चा हुई और इनके समाधान की दिशा में आपसी सहमति से निर्णायक कदम उठाए गए. शाह ने कहा, नक्सलवाद के विरुद्ध सभी राज्यों की एकजुटता और सुरक्षा बलों की बहादुरी से हमें अभूतपूर्व सफलता मिली और हम 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त कर के रहेंगे. बिहार, झारखंड और ओडिशा काफी हद तक नक्सलवाद से मुक्त हो गए हैं. 27वीं बैठक में राष्ट्रीय महत्त्व के मुद्दों पर भी चर्चा हुई. इनमें महिलाओं और बच्चों के खिलाफ दुष्कर्म के मामलों की जांच और इनके निपटान के लिए फास्ट ट्रैक विशेष कोर्ट का कार्यान्वयन, शिक्षा, स्वास्थ्य, सहकारिता के सुदृढीकरण सहित विभिन्न मुद्दे शामिल हैं.

### शाह लौटे दिल्ली, भाजपा नेताओं को भी दिए टिप्स



**रांची।** राजधानी रांची में गुरुवार को पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में भाग लेने के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शाम को दिल्ली लौट गए. इस दौरान एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे. दिल्ली लौटने से पूर्व पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में भाग लेने के अलावा अमित शाह ने प्रदेश भाजपा के सभी बड़े नेताओं से भी मुलाकात की. इस दौरान शाह ने उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश और टास्क भी दिए. हालांकि ये दिशा-निर्देश क्या हैं. इनके अभी जानकारी नहीं हो पायी है. शाह ने प्रदेश भाजपा के चार नेताओं से भी मुलाकात की. इनमें बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास, चंपाई सोरेन और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह शामिल थे. लगभग एक घंटे की इस मुलाकात में प्रदेश की राजनीतिक स्थिति और राज्य सरकार के काम पर चर्चा हुई. शाह ने टिप्स भी दिए.

# कनाडा में कपिल शर्मा के कैफे पर अंधाधुंध फायरिंग

- खालिस्तानी आतंकी हरजीत सिंह लड्डी ने ली जिम्मेदारी

**एजेंसियां। ब्रिटिश कोलंबिया**



मशहूर कॉमेडियन कपिल शर्मा के कनाडा वाले कैप्स कैफे पर बुधवार रात ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गोलीबारी की गई. ये कैफे कपिल ने हाल ही में खोला है. कैफे पर लगातार कई राउंड फायर की गई. हालांकि इसमें किसी के घायल होने की खबर सामने नहीं आई है. फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. सोशल मीडिया पर इस हमले का वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें साफ दिख रहा है कि एक शख्स रात के अंधेरे में कैफे पर फायरिंग कर रहा है. ये शख्स कार में बैठकर अंधाधुंध फायरिंग करता दिखा है.

अब इस मामले में मोस्ट वॉन्टेड खालिस्तानी आतंकी का नाम सामने आया है. खालिस्तानी आतंकी हरजीत सिंह लड्डी ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है. हरजीत सिंह लड्डी ने कपिल शर्मा के किसी पुराने बयान की वजह से ये हमला कराया है. हरजीत सिंह लड्डी एनआईए की मोस्ट वॉन्टेड आतंकियों की लिस्ट में है. वो बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़ा हुआ है.

इस मामले में फिलहाल कपिल शर्मा या उनकी टीम की ओर से कोई बयान सामने नहीं आया है. हालांकि, पुलिस और फोरेंसिक टीम मामले की जांच में जुटी हुई हैं. पुलिस के मुताबिक, कपिल के कैफ पर कई राउंड गोलीबारी हुई है. कैफे में गोलियों के निशान हैं. इलाके को सील कर दिया गया है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं.

## सुप्रीम आदेश : बिहार में जारी रहेगा वोटर लिस्ट का रिवीजन, कहा-

# आधार, वोटर आईडी, राशन कार्ड को करें शामिल


### कोर्ट की अहम बातें

- सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से बिहार में मतदाता सूची के लिए लोगों के आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड पर विचार करने को कहा.
- सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण एक महत्वपूर्ण मुद्दा है जो 'लोकतंत्र और वोट देने की शक्ति की जड़' तक जाता है.
- शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से तीन मुद्दों मतदाता सूची को संशोधित करने का अधिकार, इसके लिए अपनाई गई प्रक्रिया और इस प्रक्रिया की टाइमिंग को लेकर जवाब देने को कहा गया है.
- न्यायालय ने राज्य में नागरिकता साबित करने के लिए आवश्यक 11 सूचीबद्ध दस्तावेजों में आधार को शामिल न किए जाने पर चिंता जताई.

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई. इस दौरान याचिकाकर्ताओं और चुनाव आयोग का पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने एसआईआर पर रोक लगाने से इनकार कर दिया. इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वोटर लिस्ट के रिवीजन में आधार कार्ड, वोटर कार्ड और राशन कार्ड को शामिल किया जाए. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संवैधानिक संस्था के काम पर रोक नहीं लगा सकते हैं. जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए निर्वाचन आयोग को राहत दी. कोर्ट ने कहा कि मतदाता सूची की जांच लोकतांत्रिक कार्य है. इस पर रोक नहीं लगा सकते हैं. सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में चुनाव आयोग को जवाब दाखिल करने को कहा है. शीर्ष अदालत अब इस मामले में अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी.

### असली दिक्कत समय को लेकर है



इससे पहले जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाला बागची की पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान मतदाता सत्यापन के लिए जरूरी दस्तावेजों से आधार कार्ड को बाहर रखने पर चुनाव आयोग ने कहा कि आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं है. इस पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा कि आप मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण में नागरिकता के मुद्दे को क्यों उठा रहे हैं? यह गृह मंत्रालय का अधिकार क्षेत्र है. अगर आपको पुनरीक्षण के जरिये नागरिकता की जांच करनी थी तो आपको यह पहले करना चाहिए था. इसमें अब बहुत देर हो चुकी है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि परेशानी पुनरीक्षण प्रक्रिया से नहीं है. बल्कि दिक्कत इसके लिए चुने गए समय से है.

**तीन मुद्दों पर मांगा जवाब :** सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग से तीन मुद्दों पर जवाब मांगा है. सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के वकील से कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि अदालत के समक्ष जो मुद्दा है वह लोकतंत्र की जड़ और मतदान के अधिकार से जुड़ा है. याचिकाकर्ता न केवल चुनाव आयोग के मतदान कराने के अधिकार को चुनौती दे रहे हैं, बल्कि इसकी प्रक्रिया और समय को भी चुनौती दे रहे हैं. इन तीन मुद्दों पर जवाब देने की जरूरत है.

**पुनरीक्षण को बिहार चुनाव से क्यों जोड़ रहे :** जस्टिस बागची ने आयोग के वकील से कहा कि आप इस प्रक्रिया को नवंबर में होने वाले चुनाव से क्यों जोड़ रहे हैं? यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो पूरे देश के चुनाव से स्वतंत्र हो सकती है. इस पर वकील ने कहा कि प्रक्रिया का पालन किया जाएगा. सुनवाई का अवसर दिए बिना किसी को भी मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा.

**मतदाताओं के बिना चुनाव आयोग का अस्तित्व नहीं :** आयोग ने कोर्ट को बताया कि वह एक सांविधानिक संस्था है जिसका मतदाताओं से सीधा संबंध है और अगर मतदाता ही नहीं होंगे तो हमारा अस्तित्व ही नहीं है. हम किसी को भी सूची से बाहर करने का न तो इरादा रखते हैं और न ही कर सकते, जब तक कि हमें क़ानून द्वारा ऐसा करने के लिए बाध्य न किया जाए. हम धर्म, जाति आदि के आधार पर भेदभाव नहीं कर सकते.

## सेहत की बात : सिगरेट, शराब या फिर कुछ और...

# इंसान को सबसे जल्दी किस चीज की लत लगती है?

**शुभम संदेश डेस्क**

धूम्रपान सेहत के लिए कितना खतरनाक होता है, यह बात तो सभी जानते हैं. शराब, सिगरेट और ड्रग्स सभी कुछ सेहत के लिए हानिकारक होता है. बहुत से लोग तो सिगरेट और शराब को शौक के लिए पीते हैं, लेकिन कुछ लोग इसके लती हो जाते हैं. हालांकि किसी को भी लत की स्थिति तुरंत नहीं बनती है, किसी भी काम को लंबे समय तक करने के बाद उस इंसान में उस चीज की लत लग जाती है. लत की स्थिति तब गंभीर हो जाती है, जब कोई शख्स उस नशे के बगैर रह नहीं सकता है. आइए जानें कि सिगरेट, शराब या फिर कुछ और किस चीज की लत सबसे बुरी होती है और कितनी जल्दी लगती है.



### सबसे खतरनाक लत कौन सी

सिगरेट-बीड़ी या ड्रग्स की लत लगना सबसे खराब माना जाता है. इसकी लत के पीछे साइंस का एक फंडा काम करता है. दरअसल जब भी कोई सिगरेट पीता है तो उसमें जलती हुई तंबाकू निकोटीन रिलीज करती है. ये निकोटीन ब्लड के जरिए फेफड़ों में पहुंचती है, वहां से यह दिमाग तक पहुंचती है और फिर ब्रेन में मौजूद निकोटीन एसिटिलकोलीन रिसेप्टर को एक्टिवेट करता है. एक्टिवेट हो चुके रिसेप्टर न्यूट्रांसमीटर डोपामाइन रिलीज करते हैं, जिसका असर दिमाग के खास हिस्से पर देखने को मिलता है. इसी डोपामाइन की वजह से लत धीरे-धीरे बढ़ती जाती है.

### किस चीज की लत लगती है सबसे जल्दी

एक अनुमान की मानें तो सिगरेट और शराब से ज्यादा किसी इंसान को हेरोइन या कोकीन की लत लग जाती है. यह ड्रग्स होता है. इसका सेवन के एक या दो बार में ही किसी को ड्रग्स का चस्का लगता है और 5 बार तक लेने भर से इसकी लत लगने लगती है. वहीं कैनबिस (हशीश, गांजा) इसका चस्का धीरे लगता है, करीब 6 महीने तक लेने से चस्का लगता है और फिर 2 साल के बाद लत लगनी शुरू हो जाती है. इसके बाद आती है सिगरेट या बीड़ी, इसका चस्का भी छह महीने में लगता है और 2-3 साल में लत लग जाती है. अल्कोहल की लत लगने की गति थोड़ा सा धीमी होती है. अमूमन 1-2 साल में लोगों को शराब का चस्का लगता है, लेकिन 5 साल तक लगातार लेने के बाद इसकी लत लग जाती है.

### आसानी से क्यों नहीं छूटती लत

जब भी कोई इंसान सिगरेट या फिर किसी भी तरह के नशे की लत से उबरना चाहता है तो वह जल्दी छूटती नहीं है. इसके पीछे का कारण होता है, उस नशे से इंसान को मिलने वाली खुशी. जब वह शख्स नशा छोड़ना चाहता है तो उसकी खुशी के एहसास की चेन टूटने लगती है और वो उस उस एहसास को फिर से पाना चाहता है. यही वजह है कि किसी भी शख्स के लिए नशे की लत को छोड़ना आसान नहीं होता है.

### कांग्रेस नेता ददई दुबे का दिल्ली में निधन

**रांची।** झारखंड के वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व सांसद और इंटक नेता ददई दुबे का दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में गुरुवार को निधन हो गया. वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे और इलाज के क्रम में उन्होंने राजधानी में अंतिम सांस ली. उनके निधन की खबर से झारखंड की सियासत और श्रमिक संगठनों में शोक की लहर है. चंद्रशेखर दुबे, जिन्हें ददई दुबे के नाम से जाना जाता था, का जन्म 2 जनवरी 1946 को हुआ था. वे बिश्रामपुर से कई बार विधायक रहे. झारखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में कार्य कर चुके थे. वर्ष 2013 में हेमंत सोरेन सरकार में उन्हें राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री की जिम्मेदारी दी गई थी. ददई दुबे 14वीं लोकसभा में धनबाद लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके थे. वे लंबे समय तक कांग्रेस से जुड़े रहे और पार्टी के कद्दावर नेताओं में शुमार थे.

## थरूर ने अब आपातकाल पर कांग्रेस को घेरा, कहा

# अनुशासन और व्यवस्था के नाम पर की गयी भारी क्रूरता

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक बार फिर अपनी ही पार्टी के खिलाफ खड़े हुए हैं. इस बार उन्होंने कांग्रेस को आपातकाल को लेकर घेरा है. उन्होंने कहा कि आपातकाल में अनुशासन और व्यवस्था के नाम पर क्रूरता की गई. आपातकाल को भारत के इतिहास का महज काला अध्याय नहीं मानना चाहिए, बल्कि इसके सबक को पूरी तरह से समझना जरूरी है. उन्होंने आपातकाल में इंदिरा गांधी और संजय गांधी के कामों को लेकर सवाल उठाए.

एक मलयालम अखबार में प्रकाशित लेख में कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने 25 जून 1975 और 21 मार्च 1977 के बीच प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा घोषित आपातकाल के काले युग को याद किया. उन्होंने कहा कि अनुशासन और व्यवस्था के लिए किए गए प्रयास क्रूरता में बदल दिए गए. जिन्हें उचित नहीं ठहराया जा सकता. कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य शशि थरूर ने कहा कि इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी ने जबरन नसबंदी अभियान चलाया. यह आपातकाल का गलत उदाहरण बना. ग्रामीण इलाकों में मनमाने लक्ष्यों को पूरा करने के लिए हिंसा और जबरदस्ती की गई. नई दिल्ली जैसे शहरों में झुग्गियों को बेरहमी से ध्वस्त कर दिया गया और उन्हें साफ कर दिया गया.

## राज्यभर के पुलिसकर्मियों में दिखा उत्साह, कई चरणों में संपन्न हुआ मतदान

# कर्ण सिंह बने झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष और रमेश उरांव प्रदेश महामंत्री

शुभम संदेश। रांची



झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन का महाधिवेशन और केंद्रीय पदाधिकारियों का चुनाव गुरुवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. राज्यभर के पुलिसकर्मियों में इस चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखा गया. पांच दिवसीय चुनाव प्रक्रिया के तहत 5 जुलाई से 9 जुलाई तक धनबाद पुलिस लाइन में मतदान कराया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया. चुनाव में कर्ण कुमार सिंह को प्रांतीय अध्यक्ष चुना गया. उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पराजित करते हुए यह प्रतिष्ठित पद हासिल किया. उनके साथ रमेश उरांव की टीम को भी जीत मिली है, जिन्हें व्यापक समर्थन मिला. चुनाव में अन्य प्रमुख पदों पर भी नए पदाधिकारियों का चयन किया गया. प्रांतीय उपाध्यक्ष पद पर सबीलुर्ररहमान खां, संजय राम, मृत्युंजय कुमार, परमेश्वर महतो और प्रदीप टोप्पो निर्वाचित हुए. प्रदेश महामंत्री के रूप में रमेश उरांव को चुना गया, जबकि संगठन महामंत्री का पद अमित तिवारी को मिला है. वहीं, प्रदेश कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी स्टीफन सोरेन को दी गई है. संयुक्त महामंत्री पद पर सच्चिदानंद राय, उपेंद्र नाथ मिश्रा, अविनाश कुमार राय, गाब्रियल सोरेन और अजय कुमार सिंह का चयन हुआ है. सहायक महामंत्री के रूप में नंद किशोर शर्मा, उपेंद्र कुमार पांडे, सरफराज खां, निर्भय राज और जुगल मुंडा को चुना गया है. चुनाव में विजयी सभी पदाधिकारियों को एसोसिएशन के सदस्यों और सहयोगियों ने शुभकामनाएं दी हैं और संगठन को मजबूती प्रदान करने की अपेक्षा जताई है.

### निर्वाचित पदधारी

- प्रांतीय अध्यक्ष : कर्ण कुमार सिंह
- प्रांतीय उपाध्यक्ष : सईदुल रहमान खां, संजय राम, मृत्युंजय कुमार, परमेश्वर महतो, प्रदीप टोप्पो।
- प्रदेश महामंत्री : रमेश उरांव
- प्रदेश संगठन महामंत्री : अमित तिवारी
- प्रदेश कोषाध्यक्ष : स्टीफन सोरेन
- प्रदेश संयुक्त महामंत्री : सच्चिदानंद राय, उपेन्द्रनाथ मिश्रा, अविनाश कृष्ण राय, गाब्रियल सोरेन, अजय कृष्ण सिंह, नन्द किशोर शर्मा, उपेन्द्र कृष्ण पाण्डेय
- सहायक महामंत्री : सरफराज खां, निर्मल राज, जुगल मुंडा

## संविधान देश की आत्मा, इसके साथ छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं : बंधु



शुभम संदेश। रांची

संविधान देश की आत्म है और इसके साथ छेड़छाड़ या कमजोर करने की कोशिश लोकतंत्र को कमजोर करने जैसा होगा. ये बातें गुरुवार को रांची के लापुंग में दलित जागो-संविधान बचाओ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कही. दलित जागो-संविधान बचाओ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लापुंग प्रखंड के दलित समाज के लोग शामिल हुए.

इस मौके पर दलित समाज के लोगों ने संविधान बचाने का संकल्प लिया. बंधु ने कहा कि केंद्र में बैठी भाजपा सरकार और आरएसएस संविधान को कमजोर करने का षडयंत्र रच रहे हैं. ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को इस राजनीतिक षडयंत्र को समझने की जरूरत है. खास कर दलित समाज को आगे बढ़ कर बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर के संविधान के तहत दी गई शक्तियों को बचाने के लिए संघर्ष के मैदान में उतरना होगा. अगर देश में संविधान नहीं बचेगा तो पड़हा व्यवस्था से लेकर ग्राम सभा का अधिकार भी छिन जाएगा. संविधान के तहत ही देश के हर एक नागरिक को बोलने, खाने, पहनने की तक आजादी है. लेकिन भाजपा और आरएसएस के लोग अपने औद्योगिक मित्रों को फायदा पहुंचाने के लिए संविधान को बदलने और कमजोर करने में लगी है. आज ऐसे लोगों को अपने गांव - अपने समाज में पहचानने और उनका विरोध करने की जरूरत है. कार्यक्रम में कृष्णा नायक, बंधु नायक, खीदू नायक, आशा देवी, शोभा कुमारी, महात्मा राम, प्रकाश राम सुमन देवी, लखु नायक सहित अन्य मौजूद थे.

## अब नवी मुंबई में भी बनेगा झारखंड भवन

- 136 करोड़ की लागत से 2 साल में बनकर होगा तैयार

**रांची।** झारखंड सरकार अब मुंबई में भी अपने राज्य का प्रतिनिधि भवन बनाने जा रही है. दिल्ली के बाद अब नवी मुंबई के वाशी इलाके में झारखंड भवन का निर्माण कराया जाएगा. इस परियोजना पर करीब 136 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. भवन को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा और इसमें राज्यपाल, मुख्यमंत्री तथा विशेष अतिथियों के ठहरने की पूरी व्यवस्था होगी. भवन निर्माण से जुड़ी सभी औपचारिकताएं लगभग पूरी कर ली गई हैं. अब सिर्फ टेंडर फाइनल करना बाकी है. टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा और 2 साल के भीतर यह भवन बनकर तैयार हो जाएगा. भवन के लिए वाशी के सेक्टर 30ए में प्लॉट नंबर 2सी पर 63.65 डिसमिल जमीन उपलब्ध कराई गई है. इस भवन में बेसमेंट से लेकर सातवीं मंजिल तक कई आधुनिक सुविधाएं होंगी. बेसमेंट में 27 कार और 137 बाइक की पार्किंग होगी. ग्राउंड फ्लोर में डाइनिंग हॉल, किचन, जिम, लॉकर रूम, वीआईपी लाउंज होगा. पहली मंजिल में वीआईपी वेटिंग एरिया, सेमिनार हॉल, एग्जिबिशन हॉल, दूसरी मंजिल में रेसिडेंट सेक्रेटरी का चेंबर, मीटिंग रूम, लाउंज, तीसरी व चौथी मंजिल में 10-10 डॉरमेट्री (प्रत्येक में 57 बेड), पांचवीं मंजिल में 19 डिलक्स कमरे (विशेष अतिथियों के लिए), छठी मंजिल में 9 एक्जीक्युटिव रूम (अति विशिष्ट मेहमानों के लिए) और सातवीं मंजिल में मुख्यमंत्री व राज्यपाल के ठहरने की व्यवस्था होगी. 2 मास्टर बेडरूम, मीटिंग रूम, डाइनिंग एरिया, लिविंग रूम भी बनाए जाएंगे. मुंबई में रहने या इलाज, पढ़ाई, नौकरी या सरकारी काम से जाने वाले झारखंड के लोगों को इस भवन से बड़ा फायदा मिलेगा. इसके साथ ही राज्य के प्रतिनिधियों, मंत्रियों और अधिकारियों को भी सुविधाजनक आवास मिल सकेगा.

### श्रावणी मेले में पहली बार होगा ड्रोन शो, 5 किमी के दायरे तक दिखेगा रंग-बिरंगा नजारा

# बाबा बैद्यनाथ धाम में हर शाम आकाश में दिखेगा 'ॐ', त्रिशूल और शिवलिंग

■ भक्तों को मिलेगा अनोखा आध्यात्मिक अनुभव

शुभम संदेश। रांची/देवघर



विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला इस बार पहले से कहीं अधिक भव्य और आकर्षक होने जा रहा है. बाबा बैद्यनाथ धाम में इस धार्मिक आयोजन में इस बार इतिहास में पहली बार ड्रोन शो का आयोजन किया जा रहा है. यह तकनीकी नवाचार श्रद्धालुओं के लिए एक अद्वितीय और यादगार अनुभव बनकर सामने आएगा. प्रशासन और पर्यटन विभाग द्वारा मिलकर किए जा रहे इस प्रयास ने भक्तों में खासा उत्साह पैदा कर दिया है.

**ड्रोन शो हर रोज शाम 7:30 बजे के बाद :** ड्रोन शो हर रोज शाम 7:30 बजे के बाद आयोजित किया जाएगा और इसे बाबा मंदिर परिसर के आसपास करीब 5 किलोमीटर के दायरे तक आसानी से देखा जा सकेगा. शो के दौरान सैकड़ों ड्रोन आसमान में उड़ान भरते हुए धार्मिक और सांस्कृतिक आकृतियां बनाएंगे, जो कि प्रकाश और ध्वनि का अद्भुत संगम होगा.इस शो में 'ॐ', त्रिशूल, शिवलिंग, गंगा की धारा, बाबा बैद्यनाथ मंदिर की आकृति और भारत की सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी झलकियां पेश की जाएंगी. इन आकृतियों को खास धार्मिक संगीत और साउंड इफेक्ट्स के साथ लाइट शो के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा. इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं को एक संपूर्ण आध्यात्मिक और भावनात्मक जुड़ाव प्रदान करना है.

श्रावणी मेला, जिसमें लाखों श्रद्धालु कांवर यात्रा के बाद बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करने आते हैं, इस बार तकनीक और श्रद्धा का संगम बनकर उभर रहा है. ड्रोन शो और अन्य व्यवस्थाओं के माध्यम से यह आयोजन न सिर्फ धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विविधता और आधुनिकता का भी प्रतीक साबित होगा.

**रात्रिकालीन नजारा अत्यंत मनोहारी होगा:** श्रावणी मेले के दौरान बाबाधाम को भी विशेष रूप से सजाया गया है. मंदिर परिसर और आस-पास के इलाके को रंग-बिरंगी लाइट्स से सजाया गया है, जिससे रात्रिकालीन नजारा अत्यंत मनोहारी होगा. रात्रि में बाबा धाम का यह रूप भक्तों के लिए किसी दिव्य अनुभव से कम नहीं है.

### सीसीटीवी कैमरों और कंट्रोल रूम से निगरानी

श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर भी प्रशासन ने इस बार कई ठोस कदम उठाए हैं. मेला क्षेत्र में चिकित्सा सेवा, पेयजल, ट्रैफिक प्रबंधन, साफ-सफाई और सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है. इसके अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरों और कंट्रोल रूम के माध्यम से लगातार निगरानी की जा रही है. प्रशासन का दावा है कि इस बार का मेला अब तक का सबसे व्यवस्थित और सुरक्षित होगा.

### आस्था : इस बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से भी जुड़ा रहेगा बाबा धाम

## श्रावणी मेले में पहली बार चैटबोट ऐप से होगी श्रद्धालुओं की मदद

शुभम संदेश। रांची




देवघर श्रावणी मेले में इस बार बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को तकनीक का सहारा मिलेगा. झारखंड सरकार और देवघर जिला प्रशासन ने पहली बार मेले में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित चैटबोट ऐप की शुरुआत करने का फैसला लिया है, जो न सिर्फ भक्तों को मेला संबंधी सूचनाएं देगा बल्कि बाबा मंदिर, परिवहन, अस्पताल, ठहराव और अन्य जरूरी सेवाओं की जानकारी भी एक क्लिक पर उपलब्ध कराएगा.

देवघर के जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी अभय पराशर के मुताबिक, चैटबोट ऐप को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं. ऐप के टेस्टिंग की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी. यह व्यवस्था पहली बार लागू हो रही है, और इसका उद्देश्य है, श्रद्धालुओं की सुविधा को आधुनिक तकनीक से जोड़ना.

**51 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना :** श्रावणी मेले की शुरुआत इस बार 11 जुलाई से हो रही है और करीब 51 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है. इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने साफ-सफाई, ट्रैफिक कंट्रोल, पेयजल, शौचालय, सुरक्षा और यातायात की व्यवस्थाओं के साथ-साथ डिजिटल मदद पर भी जोर दिया है. चैटबोट ऐप को डाउनलोड करने के लिए एक लिंक तैयार किया गया है, जिसे जिला प्रशासन की वेबसाइट, सोशल मीडिया या एसएमएस के ज़रिए साझा किया जाएगा. इसके माध्यम से श्रद्धालु देवघर का इतिहास, बाबा मंदिर की जानकारी, मेला मार्गदर्शन, स्टेशन, बस स्टैंड, एयरपोर्ट, अस्पताल, विश्राम स्थल आदि की लोकेशन जान सकेंगे। जरूरत पड़ने पर श्रद्धालु सीधे ऐप के जरिए प्रशासन से संपर्क भी कर सकेंगे.

### मेले में पहली बार डिजिटल संपर्क सुविधा

उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के अनुसार, यह चैटबोट ऐप प्रशासन और श्रद्धालुओं के बीच सीधा डिजिटल संपर्क स्थापित करेगा. इससे किसी भी आपात स्थिति या सामान्य सहायता के लिए भक्त तुरंत सही सूचना प्राप्त कर सकेंगे. श्रावणी मेले को इस बार अधिक समावेशी और स्मार्ट बनाने के लिए प्रशासन ने एआई और तकनीक के इस्तेमाल को प्राथमिकता दी है. श्रद्धालुओं को जल्द ही इस ऐप का लिंक उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे बाबा धाम की यात्रा अब पहले से कहीं ज्यादा सहज, सुव्यवस्थित और डिजिटल अनुभव वाली होगी.

## एक नजर



### राज्यमंत्री संजय सेठ ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दीं

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर मिलकर जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दीं. सेठ ने कहा, आपका जीवन और आपके कार्य, हर कार्यकर्ता और देशवासी के लिए अनुकरणीय हैं. ईश्वर से आपके आरोग्यपूर्ण दीर्घायु जीवन की कामना करता हूं.

### केंद्र और राज्य के बीच संवाद का मंच है पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक : विजय नायक



**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा है कि रांची में हो रही पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक झारखंड के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है. नायक ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि यह न केवल केंद्र और राज्य के बीच संवाद का मंच है, बल्कि झारखंड को अपनी अनूठी संभावनाओं और चुनौतियों को राष्ट्रीय पटल पर रखने का मौका भी है. इस बार, झारखंड को पारंपरिक मांगों जैसे बकाया राशि या संपत्ति बंटवारे से आगे बढ़कर उन अनछुए पहलुओं को उठाना चाहिए जो न केवल राज्य की सरकार के दिमाग से परे हैं, बल्कि दीर्घकालिक और समावेशी विकास का खाका भी खींचते हैं. ये पहल आदिवासी गौरव, पर्यावरण संरक्षण और युवा सशक्तिकरण को केंद्र में रखकर झारखंड को एक नई पहचान दे सकते हैं.

### आपदा कार्यों में कोताही नहीं करेंगे बर्दाश्त: मंत्री



**रांची।** बीते कई दिनों से लगातार हो रही बारिश को लेकर मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने गुरुवार को आपदा प्रबंधन विभाग की आपात बैठक बुलायी. मौके पर मंत्री ने सभी अधिकारी पदाधिकारियों से कहा कि कई जगह बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त है. आपदा के राहत कार्य करने में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. राहत कार्यों में पदाधिकारी अपने विवेक का इस्तेमाल कर तत्काल लोगों को राहत पहुंचाएं. उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में विगत कई दिनों से लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है. भारी बारिश के चलते अनेक क्षेत्रों में जलजमाव, आवागमन में बाधा, मकानों और फसलों को नुकसान जैसी समस्याएं उत्पन्न हुई हैं. यह स्थिति राज्य के नागरिकों के लिए गंभीर चुनौती बनकर उभरी है. इसलिए कार्यों को गति देने की आवश्यकता है. मंत्री ने कहा कि इस आपदा की घड़ी में राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क, संवेदनशील और प्रतिबद्ध है. बारिश से हो रही क्षति को देखते हुए राज्यवासियों को हुए नुकसान की भरपाई पहुंचाई जाए. उन्होंने जनता से अफवाहों से बचने और सतर्क रहने की अपील की. साथ ही कई दिशा-निर्देश दिया.

## अब नहीं चलेगा पुराना खेल: ऑडिट खत्म, शराब दुकानें चालू!

शुभम संदेश। रांची

झारखंड में खुदरा शराब दुकानों के ऑडिट का कार्य अंतिम चरण में है. राज्य की 1295 दुकानों का ऑडिट पूरा हो चुका है और इन दुकानों का हैंडओवर-टेकओवर भी झारखंड स्टेट बेवरेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (जेएसबीसीएल) द्वारा कर लिया गया है. इनमें से 285 दुकानों में शराब की बिक्री शुरू हो चुकी है. राज्य में कुल 1453 खुदरा शराब दुकानें हैं. एक जुलाई से शुरू हुआ ऑडिट कार्य पहले 5 जुलाई तक पूरा करने का लक्ष्य था, जिसे अब बढ़ाकर 10 जुलाई तक कर दिया गया है. गुरुवार तक शेष सभी दुकानों का



ऑडिट पूरा कर लेने की योजना है.

**अगले हफ्ते तक सभी दुकानें होंगी चालू:** ऑडिट और टेकओवर प्रक्रिया पूरी होने के बाद अगले सप्ताह तक राज्य की सभी शराब दुकानें संचालित होने लगेंगी. 30 जून तक इन दुकानों का संचालन प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से किया जा रहा था, लेकिन अब जेएसबीसीएल खुद निगरानी में संचालन कर रहा है.

**नई उत्पाद नीति अगले माह से लागू :** राज्य सरकार से नई उत्पाद नीति को मंजूरी मिल चुकी है. इसके तहतः

- लॉटरी प्रणाली के माध्यम से दुकानों का आवंटन किया जाएगा
- जब तक नई नीति लागू नहीं होती, तब तक जेएसबीसीएल के जरिए संचालन जारी रहेगा
- दुकान आवंटन के लिए सॉफ्टवेयर तैयार कर लिया गया है
- जिला स्तर पर इसका टेस्टिंग और ट्रायल भी सफलतापूर्वक हो चुका है
- अगले महीने के अंत तक नई नीति लागू होने की संभावना है

**सेल्समैन और सुरक्षा व्यवस्था**

- इन दुकानों में पहले से कार्यरत सेल्समैन, जिन पर कोई आरोप नहीं है, उन्हें फिर से ड्यूटी पर रखा गया है.
- प्रत्येक दुकान पर 2–3 सेल्समैन को दैनिक मानदेय पर रखा जा रहा है
- विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए होमगार्ड के जवानों की तैनाती भी की जा रही है

झारखंड में शराब दुकानों के संचालन को लेकर तेजी से काम हो रहा है. राज्य सरकार की नई नीति से पारदर्शिता और नियंत्रण को बढ़ावा मिलेगा, वहीं जेएसबीसीएल की निगरानी में बिक्री व्यवस्था को और अधिक संगठित किया जा रहा है.

## झारखंड कैबिनेट की बैठक आज कई अहम फैसलों पर लगेगी मुहर

शुभम संदेश। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार 11 जुलाई को मंत्रिपरिषद की अहम बैठक बुलाई गई है. यह बैठक दोपहर 2 बजे झारखंड मंत्रालय स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में आयोजित की जाएगी. मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग द्वारा इस बैठक की जानकारी दी गई है. बता दें कि बुधवार को ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिल्ली से लौट चुके है. गुरुवार को पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक में सीएम शामिल हुए. वहीं शुक्रवार को होने वाली कैबिनेट की बैठक में भी शामिल होंगे. सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र की तिथि पर निर्णय लिया जा सकता है. साथ ही, पिछले वर्ष उत्पाद सिपाही भर्ती की दौड़ परीक्षा के दौरान हुई अभ्यर्थियों की मौत और परीक्षा रद्द होने के बाद अब उसे दोबारा शुरू करने का निर्णय भी लिया जा सकता है. इसके अलावा मुख्यमंत्री माईयां सम्मान योजना को लेकर भी अहम निर्णय की उम्मीद है, जिससे लाखों महिलाओं को इसका लाभ मिलने का रास्ता साफ हो सकता है. ध्यान रहे कि पिछली कैबिनेट बैठक में सरकार ने कुल 23 प्रस्तावों को मंजूरी दी थी, इसे देखते हुए इस बार भी कई महत्वपूर्ण नीतिगत फैसले लिए जा सकते हैं.

**कार्यक्रम** | पार्टी प्रभारी ने किया गिरडीह में कांग्रेस भवन का उद्घाटन

## देशवासियों का विश्वास कांग्रेस की और लौट रहा वापस: के राजू

शुभम संदेश। रांची/गिरिडीह



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नव निर्मित नये गिरिडीह जिला कांग्रेस भवन राजीव भवन का उद्‌घाटन गुरुवार को गुरुपूर्णिमा के पावन मौके पर पार्टी के प्रदेश प्रभारी के राजू ने किया. इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश , मंत्री डा इरफान अंसारी, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, पूर्व प्रदेश प्रमुख राजेश ठाकुर, पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री सुवोध कांत सहाय सहित अन्य मौजूद थे.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश प्रभारी के राजू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का गिरिडीह इलाके में गौरम इतिहास रहा है. उन्होंने कहा कि पुनः देशवासियों का विश्वास कांग्रेस की ओर वापस लौट रहा है. प्रदेश अध्यक्ष कमलेश महतो ने कहा कि राहुल गांधी पार्टी संगठन को मजबूत करने की दिशा में काफी गंभीर हैं. इसका लाभ पार्टी संगठन को प्राप्त हो रहा है. स्वास्थ मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि गिरिडीह जिला कांग्रेस पार्टी का जुडाव आमजन से रहा है. यही कारण है कि नये भवन का नामकरण राजीव भवन रखा गया है. कार्यक्रम को पार्टी के वरिष्ठ नेता सुवोध कांत सहाय, पूर्व प्रदेश प्रमुख राजेश ठाकुर, विधायक स्वेता सिंह, पूर्व विधायक जेपी भाई पटेल सहित अन्य पार्टी नेताओं ने भी संबोधित किया. पार्टी नेताओं ने कहा कि एक समय इलाके में कांग्रेस के सांसद और विधायक हुआ करते थे, लेकिन कुछ कमियों के कारण राज्य में गठबंधन किया जाता रहा है. उन्होंने उम्मीद जतायी की पार्टी प्रमुख राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी अपने पुराने जनाधार की ओर वापस बढ़ रही है. जिसमें पार्टी के छोटे - बड़े सभी कार्यकर्ता ईमानदारी से मेहनत कर रहे हैं. कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष धनन्जय सिंह, सतीश केडिया, उपेन्द्र सिंह, अशोक विश्वकर्मा, अजय सिन्हा, मदन विश्वकर्मा, महमूद अली खान, बलराम यादव, अमित सिन्हा, रिषीकेश मिश्रा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे.

**जेएसएससी ने जारी की अधिसूचना**

## झारखंड में 3181 एएनएम पदों पर होगी भर्ती

शुभम संदेश। रांची

झारखंड में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एएनएम) के 3181 पदों पर भर्ती की जाएगी. इसमें 3020 नियमित पद और 161 बैकलॉग पद शामिल हैं. इसके लिए झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने प्रतियोगिता परीक्षा-2025 के लिए विज्ञापन जारी कर दिया है.

**जिलावार रिक्त पदों की जानकारी**

- रांचीः 245 पद
- पश्चिमी सिंहभूमः 200 पद
- दुमकाः 214 पद
- गुमलाः 203 पद
- पूर्वी सिंहभूमः 172 पद
- पलामूः 180 पद
- धनबादः 134 पद

बैकलॉग की 161 रिक्तियों में गिरिडीह, लातेहार, पलामू, गोड्डा, सरायकेला जैसे जिलों में नियुक्ति की जाएगी.

**आवेदन की योग्यता और प्रक्रिया**

- अभ्यर्थियों को निर्धारित शैक्षणिक योग्यता और उम्र सीमा पूरी करनी होगी.
- ऑनलाइन आवेदन की तारीख जल्द ही जेएसएससी की वेबसाइट पर जारी की जाएगी.

**परीक्षा शुल्क**

- सामान्य वर्गः 100 रुपए
- एससी/एसटी (झारखंड राज्य के): 50 रुपए
- दिव्यांग (40% या उससे अधिक): शुल्क में छूट

गलत श्रेणी से शुल्क भरने पर आवेदन रद्द हो सकता है.

परीक्षा सीबीटी (कंप्यूटर आधारित परीक्षा) होगी. कुल 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे, हर सवाल 1 अंक का होगा. कोई नेगेटिव मार्किंग नहीं होगी. परीक्षा अवधि 1 घंटा (60 मिनट) की होगी.

**न्यूनतम अर्हतांक**

जनरलः 40%

एससी/एसटी/महिलाः 32%

ओबीसी (बीसी-1): 34%

ओबीसी (बीसी-2): 36.5%

संरक्षित जनजाति वर्गः 30%

संविदा कर्मियों को अर्हतांक में छूट दी जाएगी.

**मेधा सूची कैसे बनेगी**

लिखित परीक्षाः 50 अंक

तकनीकी प्रशिक्षणः 10 अंक

मैट्रिक व इंटरः 40 अंक

कार्य अनुभवः 50 अंक (हर वर्ष के लिए 5 अंक)

कुलः 150 अंक के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, शुक्रवार 11 जुलाई 2025 । श्रावण कृष्ण प्रतिपदा, संवत 2082 । रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित । वर्ष : 3, अंक : 94 । मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12




# रांची में मूसलाधार बारिश से जीवन अस्त-व्यस्त, गरीबों की शामत

शुभम संदेश। रांची

राजधानी रांची सहित राज्य के अधिकांश जिलों में हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन प्रभावित हो रहा है. लगातार हो रही बारिश के चलते हैं गरीबों की शामत आ गई है. दिहाड़ी मजदूरी करनेवाले, ठेला खोमचेवाले, सड़क पर सब्जियां बेचनेवाले लोगों के जीवन खासा प्रभावित हुआ है. वहीं विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा. साथ ही लोगों को रोजमर्रा के काम करने भी परेशानी हुई. इधर, रांची में लगातार बारिश से नदी-नाले और डैम उफान पर हैं. रांची के गेतलसूद डैम, रुक्का और धुर्वा डैम लबालब भर गए हैं. वहीं भारी बारिश के कारण राज्य के पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम जिले के स्कूलों में एहतियात के तौर पर अवकाश घोषित कर दिया है.

वहीं रांची और आसपास के इलाकों में मंगलवार की देर रात से ही लगातार बारिश हो रही है. इससे रांची के कई इलाकों अपर बाजार, पंडरा के रवि स्टील का इलाका, अरगोड़ा के पिपरटोली, हिंदपीढ़ी, कोकर, डोरंडा सहित कई इलाकों में जल जमाव हो गया है और लोगों के घरों में पानी घुस गया है.

मौसम विभाग ने कहा है कि बारिश से फिलहाल नहीं राहत मिलेगी. पिछले 24 घण्टों के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश पूर्वी सिंहभूम के घाटशिला में 83.6 मिमी रिकॉर्ड की गई. वहीं इस दौरान रांची में 10 मिमी रिकॉर्ड की गई. गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 28. जमशेदपुर में 30.4, डालटेनगंज में 32.1, बोकारो में 31.2 और चाईबासा में तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया.

## नदियों के बढ़ते जलस्तर को लेकर प्रशासन ने जारी किया अलर्ट

शुभम संदेश। जमशेदपुर

लगातार हो रही बारिश के कारण शहर की दोनों प्रमुख नदियों का जल स्तर तेजी से बढ़ रहा है. खरकई नदी का जल स्तर खतरे के निशान को पार कर गया है, जबकि स्वर्णरेखा नदी का जल स्तर भी खतरे के निशान के करीब पहुंच चुका है. खरकई नदी का जल स्तर आदित्यपुर पुल स्थल पर 129 मीटर के खतरे के निशान के मुकाबले 129.96 मीटर दर्ज किया गया है, जो खतरे के निशान से ऊपर है. वहीं स्वर्णरेखा नदी का जल स्तर आम बागान पुल स्थल पर 121.50 मीटर के खतरे के निशान के मुकाबले 120.64 मीटर दर्ज किया गया है.



गुरुवार को प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और नदियों के आसपास अनावश्यक रूप से जाने से बचें. किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करने की सलाह दी गई है. जिला जनसंपर्क विभाग की टीम लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है.

## भारी बारिश से फिर उफनाई भैरवी, रजरप्पा मंदिर में घुसा पानी

शुभम संदेश। रामगढ़

भारी बारिश की वजह से रामगढ़ जिले में आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. शहर से लेकर गांव तक हर नदी और नाले में पानी काफी अधिक भर गया है. सड़कों पर भी जल जमाव की वजह से आवागमन बाधित हो रहा है. झारखंड के प्रसिद्ध सिद्ध पीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर में भी भैरवी नदी का पानी समा गया है. भैरवी इतनी उफान पर है कि अपने तट पर बने दुकानों को अपने साथ बहा ले गई. कई दुकानों में भारी नुकसान हुआ है. दुकानदार अपने सामान को पहले भी हटा रहे थे. गुरुवार की सुबह मंदिर में दर्शन करने आए लोगों को मंदिर न्यास समिति और पुलिस प्रशासन के द्वारा नदी से दूर रहने की हिदायत दी गई.





### दर्शन करने में श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर रजरप्पा मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंची हुई थी. लेकिन श्रद्धालुओं को दर्शन करने में काफी परेशानी हुई. रात में हुई झमाझम बारिश के बाद नदी उफान पर आ गई. दिन में भी लगातार हो रही बारिश की वजह से श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर में घुसने में दिक्कत हुई. मंदिर परिषद के अंदर नदी का पानी घुस जाने के कारण श्रद्धालुओं को भी काफी सावधानी से न्यास समिति के द्वारा दर्शन कराया जा रहा है. श्रद्धालुओं के बीच भगदड़ ना मचे इसके लिए पुलिस प्रशासन भी वहां मुस्तैद है. सावन मास शुरू होने से एक दिन पहले मंदिर में लगने वाली भीड़ को भी नियंत्रित किया जा रहा है.

## ब्रीफ न्यूज

### उपायुक्त के नाम पर साइबर ठगी का प्रयास

**जमशेदपुर।** जिला प्रशासन ने बुधवार देर रात नागरिकों को सतर्क रहने की अपील की है. प्रशासन को सूचना मिली है कि अज्ञात व्यक्ति की ओर से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के नाम और उनकी प्रोफाइल फोटो का इस्तेमाल कर व्हाट्सएप पर लोगों से पैसे मांगे जा रहे हैं. प्रशासन ने इसे सुनियोजित साइबर फ्रॉड का प्रयास बताते हुए कहा है कि नागरिक ऐसे किसी भी कॉल या संदेश के झांसे में न आएं. कोई भी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें और न ही किसी के कहने पर पैसा ट्रांसफर करें. जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की गतिविधियों से सतर्क रहने की आवश्यकता है. यदि किसी को ऐसे संदेश प्राप्त हों तो तुरंत पुलिस या जिला प्रशासन को सूचित करें ताकि ठगी की कोशिशों को रोका जा सके.

### तेज रफ्तार पिकअप ने ली महिला की जान, चार घायल

**चाईबासा।** गोइलकेरा थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक सड़क हादसा हो गया. चक्रधरपुर-मनोहरपुर के बीच एनएच 320 (डी) पर पटनिया गांव के पास तेज रफ्तार पिकअप वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से सलोमी चेरोवा (38) की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए. गुस्साए ग्रामीणों ने चालक और खलासी की पिटाई कर दी. मृतका के पति मरकस चेरोवा ने बताया कि सुबह वह अपनी पत्नी, बहन और बच्चों के साथ पैदल पोसैता रेलवे स्टेशन ट्रेन पकड़ने जा रहे थे. उसी दौरान पीछे से आ रहे पिकअप वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी. वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गया, जिससे सलोमी चेरोवा की मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आक्रोशित होकर पिकअप वाहन के ड्राइवर और खलासी को बंधक बना लिया और जमकर पिटाई की.

# प्रवेश द्वार दुम्मा में श्रावणी मेले का रंगारंग उद्घाटन

## मंत्री दीपिका, सुदिव्य सोनू, संजय यादव, सुरेश पासवान रहे मौजूद

शुभम संदेश। रांची/देवघर

देवघर में विश्वप्रसिद्ध श्रावणी मेले का दुम्मा में गुरुवार को भव्य शुभारंभ हुआ. प्रवेश द्वार दुम्मा में राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह और श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव के संयुक्त रूप से श्रावणी मेले का उद्घाटन किया. समारोह में मंत्री हफीजुल हसन, सांसद निशिकांत दुबे, नलिन सोरेन, विधायक सरेश पासवान, उदय शंकर, देवेंद्र कुंवर और जिला परिषद अध्यक्ष किरण कुमारी समेत अन्य मौजूद रहे. राजकीय श्रावणी मेला 11 जुलाई से 9 अगस्त तक एक माह चलेगा.

उद्घाटन समारोह में पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा, कांवड़ियों की सेवा, शिव सेवा के समान है. उन्होंने घोषणा की कि अगले वर्ष के श्रावणी मेले तक दुम्मा से बाबा बैद्यनाथ मंदिर तक एक कांवड़िया फ्लाईओवर बनाया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को सड़क पार करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी.



### एक महीने तक स्पर्श पूजा बंद

श्रावणी मेले में हर साल देश-विदेश से 60 से 70 लाख श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ के दर्शन के लिए पहुंचते हैं. इस बार भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है. झारखंड सरकार और जिला प्रशासन ने मेले को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं. खास बात यह है कि इस बार श्रावण मास के दौरान बाबा मंदिर में वीआईपी, वीवीआईपी दर्शन की सुविधा पर पूरी तरह से रोक लगा दी है. मेले के दौरान एक माह तक स्पर्श पूजा बंद रहेगी और श्रद्धालु अरघा के माध्यम से बाबा बैद्यनाथ पर जलार्पण करेंगे. साथ ही मेले की निगरानी के लिए पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा.

मंत्री दीपिका ने कहा कि श्रावण मास की इस पावन बेला में गूंजते जयकारे, शिवभक्तों की अटूट आस्था और बाबा भोलेनाथ की कृपा से मन पूरी तरह भक्ति में रम गया. उन्होंने बाबा बैद्यनाथ से प्रार्थना की कि झारखंड समृद्ध, शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण बना रहे. उन्होंने कहा कि बाबा भोलेनाथ से यही कामना है कि सभी के जीवन में शिव का प्रकाश फैले और कल्याण हो. ॐ नमः शिवाय. हर हर महादेव.

### बासुकीनाथ यात्रा के लिए सीधी बस सेवा

श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस बार बड़ा बदलाव करते हुए बाबा मंदिर के पास से ही बासुकीनाथ जाने के लिए सीधी बस सेवा की शुरुआत की गई है. अब श्रद्धालुओं को स्टेशन या बस स्टैंड जाने की आवश्यकता नहीं होगी. इस सेवा के लिए प्रशासन द्वारा विशेष रूट और पास निर्धारित किए गए हैं.

**सहायता केंद्रों में श्रद्धालुओं को मिलेगी मदद:** मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुविधा-संपन्न व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है. जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे मेला व्यवस्था में सहयोग करें और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सूचना सहायता केन्द्रों से संपर्क करें.

# अपराधियों ने हाइवा में लगाई आग

## वारदात की जिम्मेदारी राहुल दुबे गिरोह ने ली, पुलिस जांच में जुटी

शुभम संदेश। लातेहार

जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत टोरी रेलवे साइडिंग के पास अपराधियों ने बुधवार की देर रात एक हाइवा में आग लगा दी. अपराधियों ने इस दौरान हवाई फायरिंग भी की. घटना की जिम्मेवारी राहुल दुबे गिरोह ने ली है. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज कर दी है. डीएसपी अरविंद कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा.



मिली जानकारी के अनुसार बीती रात लगभग 1:00 बजे 6 से 8 की संख्या में अपराधी कोयला साइडिंग के पास पहुंचे थे. अपराधियों ने इस दौरान वहां खड़े एक हाइवा में आग लगा दी. अपराधियों ने दहशत फैलाने को लेकर हवाई फायरिंग की. इसके बाद अपराधी वहां से फरार हो गए. बताया जाता है कि अपराधियों ने रंगदारी वसूली के लिए दहशत फैलाने के इरादे से इस घटना को अंजाम दिया है. इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन की. इधर इस संबंध में एसडीपीओ अरविंद कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी आरंभ कर दी है. उन्होंने कहा कि राहुल दुबे गिरोह की ओर से घटना की जिम्मेवारी ली गई है. जल्द ही पुलिस घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल की सलाखों में भेज देगी.

### भिलाई पहाड़ी के पास बस पलटी, बड़ा हादसा टला

**जमशेदपुर।** गुरुवार तड़के एनएच-33 पर उस समय हड़कंप मच गया जब ओडिशा से रांची जा रही महालक्ष्मी बस भिलाई पहाड़ी के पास अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई. बस पलटते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई. हादसे की आवाज सुनकर स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकाल कर एम्बुलेंस की मदद से एमजीएम अस्पताल भिजवाया. थाना प्रभारी सचिन दास ने बताया कि सभी यात्रियों का प्राथमिक उपचार कर दिया गया है और किसी को गंभीर चोट नहीं आई है.

## बादेया गांव में बनेगा नेतरहाट जैसा कोल्हान आवासीय विद्यालय



शुभम संदेश। चाईबासा

खूंटपानी प्रखंड अंतर्गत बादेया गांव में कोल्हान आवासीय विद्यालय निर्माण का मार्ग गुरुवार को प्रशस्त हो गया. लंबे समय से चल रहे ग्रामीणों के विरोध के बावजूद डीसी चंदन कुमार के सख्त रवैये के कारण प्रशासन को सफलता मिली. पहले डीसी अनन्य मित्तल के कार्यकाल में मानकी, मुंडा और ग्रामीणों के उग्र विरोध से निर्माण कार्य ठप था, लेकिन डीसी चंदन कुमार के आने के बाद विरोध कमजोर पड़ गया.

करीब 13 एकड़ सरकारी परती भूमि (थाना संख्या 49, खाता संख्या 01) पर यह स्कूल बनेगा. प्रस्ताव के अनुसार स्कूल भवन, प्रशासनिक भवन, प्ले ग्राउंड, बास्केटबॉल कोर्ट, होस्टल, गार्डेन, पार्किंग, कंप्यूटर कक्ष, ध्यान योग सेंटर और ऑडिटोरियम बनाए जाएंगे. यह विद्यालय नेतरहाट आवासीय विद्यालय और इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय की तर्ज पर होगा. पढ़ाई, खानपान और शैक्षणिक वातावरण भी नेतरहाट के स्तर का होगा.

पहले इसका निर्माण मोजोडिम्बा गांव में प्रस्तावित था, लेकिन विरोध के कारण स्थल बदला गया. बादेया में भी विरोध हुआ, जिसके चलते प्रशासन ने छह नामजद सहित 50 अज्ञात ग्रामीणों पर एफआईआर दर्ज की. गुरुवार को प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया कि विद्यालय निर्माण हर हाल में होगा.

## खूंटी: स्कूटी और ऑल्टो कार में सीधी भिड़ंत, मां-बेटी की मौत

**खूंटी।** तोरपा-कर्रा मुख्य मार्ग पर तोरपा थाना क्षेत्र के छाता नदी जंगल के पास गुरुवार को सुबह लगभग 11 बजे ऑल्टो और स्कूटी के बीच हुई सीधी भिड़त में स्कूटी सवार मां-बेटी की घनास्थल पर ही मौत हो गई. मृतकों की पहचान कर्रा थाना क्षेत्र के कुदलूम गांव निवासी सुकरो मिंज(50) और उसकी बेटी हन्ना मिंज(27 ) रूप में हुई है. मृतका सुकरो मिंज के बेटे रमेश मिंज ने तोरपा थाने में बताया कि उसकी बहन हन्ना की शादी कामडारा थाना क्षेत्र के टुरूंडू गांव में ठीक हुई थी. कुछ दिनों के बाद ही उसकी शादी होनेवाली थी. उसी सिलसिले में हन्ना और उसकी मां बुधवार को टुरूंडू गई थी. वहीं से गुरुवार को दोनो मां-बेटी अपनी स्कूटी से वापस गांव लौट रही थी. छाता नदी जंगल के पास धुर्वा से रनिया जा रही एक ऑल्टो कार ने स्कूटी को ठोकर मार दी.

## हजारीबाग: सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत

शुभम संदेश। हजारीबाग

हजारीबाग जिले के दारू थाना क्षेत्र में झुमरा-मेढ़कुरी मुख्य मार्ग पर एक सड़क दुर्घटना में तीन ग्रामीणों की जान चली गई. गुरुवार को यह हादसा तब हुआ, जब तीनों ग्रामीण अपने मवेशियों के साथ सड़क किनारे चल रहे थे. पीछे से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उन्हें टक्कर मार दी. मृतकों की पहचान मेढ़कुरी पंचायत के अमली गांव के बासुदेव यादव (60), घाघरा गांव के रामसेवक मेहता (50) और



तुलसी मेहता के रूप में हुई है. सेवाने नदी के पास हुई इस दुर्घटना में रामसेवक और तुलसी मेहता की मौके पर ही मौत हो गई. बासुदेव यादव को अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई. घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर एकत्र हो गए. उन्होंने प्रशासन से दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है.

दारू पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग भेजा है. पुलिस ने बोलेरो को जब्त कर लिया है. हादसे के बाद से चालक फरार है. उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है. पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है. ग्रामीणों ने इस मार्ग पर स्पीड ब्रेकर बनाने और नियमित पेट्रोलिंग की मांग की है.

## पलामू में दबंगई: वन भूमि पर जुताई कर अवैध कब्जे की कोशिश

# रोकने गई वन विभाग की टीम पर हमला, मारपीट

शुभम संदेश। मेदिनीनगर

पलामू के मनातू थाना क्षेत्र के बंशीखुर्द में बुधवार की रात वन की जमीन पर अवैध कब्जा रोकने गई. वन विभाग की टीम पर हमला कर दिया गया. प्रभारी वनपाल सहित सात वन कर्मियों की जमकर पिटाई कर दी गई. गंभीर रूप से जख्मी ड्राइवर को इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है. गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई है. सूचना मिलने पर मनातू पुलिस ने सभी वन कर्मियों को बाहर निकाला, जबकि हमला करने वाले ग्रामीण ट्रैक्टर को छुड़ा ले गए हैं. वन विभाग के अनुसार मनातू के प्रभारी वनपाल संजय



लकड़ा को बुधवार रात गुप्त सूचना मिली थी कि बंशीखुर्द गांव के गुलेरिया ढोढा में चौकीदार पिंटू कुमार राम फॉरेस्ट की जमीन पर कब्जा करने के लिए ट्रैक्टर से जुताई कर रहा है. सूचना पर सात वन कर्मियों की टीम मौके पर पहुंची और चौकीदार को रंगे हाथ पकड़ा. ट्रैक्टर को जब्त किया, लेकिन इसी बीच चौकीदार पिंटू ने शोर मचा कर ग्रामीणों को जुटा लिया और अचानक हमला बोल दिया. प्रभारी वनपाल संजय लकड़ा, फॉरेस्टर राजेश गुप्ता, वनरक्षी रंजीत कुमार यादव, इना यादव, मनोज कुमार और ड्राइवर देवशरण महतो की पिटाई शुरू कर दी. ड्राइवर सहित अन्य की वन कर्मियों ने किसी तरह गाड़ी में घुसकर अपनी जान बचाई. हालांकि इसके बाद भी चौकीदार पिंटू सहित अन्य ग्रामीणों ने ड्राइवर और वन कर्मियों की लाठी डंडे से पिटाई की. सूचना मिलने पर मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और वन कर्मियों को सुरक्षित बाहर निकाला. चालक की आंख सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई है. अन्य वनकर्मी का स्थानीय स्तर पर इलाज किया गया. इस संबंध में चौकीदार सहित अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी है. जख्मी चालक देवशरण ने गुरुवार सुबह एमएमसीएच में बताया कि बंशी खुर्द गांव में वन भूमि पर ट्रैक्टर से जुताई कर अतिक्रमण करने की सूचना मिली थी. वन कर्मियों की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कार्रवाई करने की कोशिश की तो ग्रामीण उग्र हो गए. हमला कर दिया. ट्रैक्टर छुड़ा कर ले गए. गाड़ी में घुसकर जान बचाई. बाहर रहते तो मौत हो जाती. मनातू थाना पुलिस के आने के बाद उनकी जान बची.

## पलामू के पांकी में निजी हॉस्पिटल में जच्चा-बच्चा की मौत

# परिजनों ने जमकर किया हंगामा

शुभम संदेश। मेदिनीनगर

पलामू के पांकी के किरण सिंह के निजी क्लिनिक सह हॉस्पिटल में ऑपरेशन के दौरान जच्चा-बच्चा (मां और बच्चा) की मौत हो गई. गुरुवार को घटना से आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया. ऑपरेशन में शामिल डॉक्टर और अस्पताल कर्मियों को एक कमरे में बंद कर बंधक बना लिया. घटना की जानकारी मिलने के बाद पांकी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया. पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच में भेज दिया है. महिला की पहचान पांकी के कोनवाई की ममता देवी, पति सोनू सिंह के रूप में हुई है.

ममता को प्रसव पीड़ा के बाद मेदिनीनगर में एक डॉक्टर से जांच कराई गई थी.



प्रसव के लिए पांकी के लोहरसी रोड में स्थित किरण सिंह के निजी क्लिनिक सह हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया. बुधवार की देर रात ऑपरेशन के दौरान अधिक रक्तस्राव होने से ममता देवी और बच्चे की मौत हो गई.

मृतका के पति ने गुरुवार को बताया कि निजी नर्सिंग होम ने कहा था कि वे स्थिति को संभाल लेंगे. नॉर्मल डिलेवरी करा देंगे. रात में जब उसकी पत्नी की हालत बिगड़ने लगी तो उन्होंने रेफर करने की भी बात कही, लेकिन अस्पताल के डॉक्टर और अन्य कर्मचारियों ने कहा कि कोई दिक्कत नहीं है, सब ठीक हो जाएगा, लेकिन ऑपरेशन कर दिया. ऑपरेशन के बाद रक्तस्राव बंद नहीं हुआ, जिससे पत्नी और बच्चे की मौत हो गई.

### रिम्स में अनुबंध पर नियुक्त नर्सों को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत

# नियमित कर्मियों के बराबर वेतन व अन्य लाभ मिलेंगे

**कार्यरत नर्सों की सेवाएं 2014 से ही मानी जाएंगी नियमित**

शुभम संदेश। रांची




झारखंड हाईकोर्ट ने राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में अनुबंध पर कार्यरत नर्सों को बड़ी राहत देते हुए उनकी सेवाएं 21 अक्टूबर 2014 से नियमित मानी हैं. कोर्ट ने रिम्स की अपील को खारिज करते हुए सिंगल बेंच के पहले के फैसले को बरकरार रखा. कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि नर्सों को नियमित नियुक्त कर्मियों के बराबर वेतन और अन्य लाभ मिलेंगे.यह मामला लिली कुजूर समेत अन्य अनुबंधित नर्सों से जुड़ा है, जिन्हें 2003 में एक तय प्रक्रिया के तहत अनुबंध पर नियुक्त किया गया था. लेकिन 2014 में जब स्थायी बहाली निकली, तो उम्र सीमा पार होने के कारण उन्हें अयोग्य ठहराया गया. इसके खिलाफ 2015 से लेकर अब तक कानूनी लड़ाई चल रही थी.कोर्ट ने यह भी कहा कि चयन प्रक्रिया और सेवा शर्तें समान होने पर सिर्फ नियुक्ति की तिथि के आधार पर भेदभाव करना असंवैधानिक है. खंडपीठ ने 'क्लास के भीतर क्लास' की अवधारणा को नकारते हुए संस्थागत भेदभाव को गलत ठहराया. सुनवाई के दौरान रिम्स की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. अशोक कुमार सिंह ने दलीलें पेश कीं, जबकि याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता शादाब बिन हक ने पैरवी की.

**रिम्स की दलीलें खारिज :** रिम्स की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. अशोक कुमार सिंह ने तर्क दिया कि याचिकाकर्ता अनुबंध पर थे, जबकि अन्य नर्सें नियमित प्रक्रिया के तहत नियुक्त थीं. उन्होंने 2014 के नियमों का हवाला देते हुए कहा कि दोनों वर्ग अलग हैं और उन्हें समान लाभ नहीं मिल सकता. लेकिन अदालत ने माना कि याचिकाकर्ताओं की नियुक्ति भी एक विज्ञापन और चयन प्रक्रिया के बाद हुई थी, इसलिए उन्हें भेदभाव के आधार पर अलग नहीं रखा जा सकता. न्यायमूर्ति रोंगोन मुखोपाध्याय और दीपक रोशन की खंडपीठ ने कहा कि सरकार या संस्थान द्वारा 'क्लास के भीतर क्लास' बनाना स्पष्ट भेदभाव है. किसी तिथि विशेष को आधार बनाकर सेवा नियमित करना मनमाना और असंगत है, खासकर जब चयन प्रक्रिया और सेवा शर्तें समान हों.

**भर्ती से लेकर विवाद तक**

रिम्स ने वर्ष 2002 में एक विज्ञापन जारी कर अनुबंध आधारित स्टाफ नर्स की नियुक्ति की थी. चयन के बाद, याचिकाकर्ताओं को 2003 में कार्यभार सौंपा गया. बाद में, रिम्स ने 11 अक्टूबर 2014 को स्थायी स्टाफ नर्स (ग्रेड-ए) की बहाली के लिए नया विज्ञापन निकाला. याचिकाकर्ताओं ने भी आवेदन किया, लेकिन अधिकतम उम्र सीमा पार होने के कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया.

**याचिकाओं की लंबी प्रक्रिया**

इस भेदभाव के खिलाफ याचिकाकर्ताओं ने पहले 2015 में रिट दायर की थी. हाईकोर्ट ने 2017 में निर्देश दिया कि रिम्स एक नियमितीकरण नीति बनाए. इसके बाद 2018 में एक बार की उम्र में छूट देने की योजना बनी और फिर 4 अप्रैल 2018 को नर्सों की सेवाएं नियमित की गईं, लेकिन प्रभावी तिथि रखी गई 8 फरवरी 2018. इस तिथि को लेकर याचिकाकर्ताओं ने फिर से कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और कहा कि उन्हें 21 अक्टूबर 2014 से नियमित माना जाए, जैसा कि अन्य नर्सों के साथ किया गया.

## एसएस मेमोरियल कॉलेज में दिलाई गई पर्यावरण सुरक्षा की शपथ



**रांची।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर एसएस मेमोरियल कॉलेज, कांके रोड में पर्यावरण जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का आयोजन नगर निगम के बैनर तले, रिलेशंस और एनएसएस इकाई के संयुक्त प्रयास से गुरूवार को किया गया. कार्यक्रम में नगर निगम की ओर से विद्यार्थियों के बीच 100 से अधिक फलदार पौधों का वितरण किया गया और पर्यावरण सुरक्षा की शपथ दिलाई गई. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, सामुदायिक सहभागिता और सतत विकास के प्रति जागरूकता फैलाना था. इस अवसर पर रांची नगर निगम के उप प्रशासक गौतम कुमार साहू ने विद्यार्थियों से एक-एक पौधे लगाने की अपील की. उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के साथ उसे बड़ा होने तक पौधा कैसे संरक्षित करें. इसपर खास ध्यान देने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण अब सिर्फ एक विषय नहीं, बल्कि यह जीवनशैली बननी चाहिए. उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं, उनके समाधान और दैनिक जीवन में पर्यावरणीय दृष्टिकोण अपनाने के उपायों पर जागरूक किया गया. छात्र छात्राओं और शिक्षकों के बीच हर तरह के पौधों का वितरण हुआ. विद्यार्थियों ने न सिर्फ पौधारोपण किया, बल्कि पर्यावरण सुरक्षा की शपथ भी ली. कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा ने की. जबकि इस अवसर पर सहायक अभियंता सौरभ केशरी, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, चटकपुर पंचायत की उप मुखिया नमिता देवी, समाजसेवी शुभम चौधरी, अतीन्द्र नाथ वैध, पिया बर्मन और नगर निगम हॉर्टीकल्चर सेल के सुपरवाइज़र राजकुमार, डॉ रानी प्रगति, सुधाकर यादव, मनीष मुंडा, डॉ अनुपमा, डॉ सीमा सुरीन, डॉ कन्हैया लाल, डॉ रंजीत, डॉ सुभाष साहू, डॉ संगीता, डॉ लक्ष्मी कुमारी, रौशन कुमार सहित कई शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्र मौजूद थे.

## झारखंड की 07 महिला हॉकी खिलाड़ी जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप में होंगी शामिल

**रांची।** झारखंड की 07 महिला हॉकी खिलाड़ियों को जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप में शामिल होने का आमंत्रण मिला है. यह कैंप 14 जुलाई से 31 अगस्त 2025 तक बैंगलुरू में आयोजित होगा. इस कैंप में शामिल होने वाली खिलाड़ियों में रजनी केरकेट्टा, बिनीमा धान, संजना होरो, पार्वती टोपनो, निशा मिंज, निराली कुजूर और रोशनी आईड शामिल हैं. हॉकी झारखंड और खेल विभाग के सभी पदाधिकारियों ने इन खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं.

### गुरु पूर्णिमा पर आदिवासी सरना विकास समिति ने पहानों का किया सम्मान

# झारखंड की प्रकृति और संस्कृति पर लगातार हो रहे हमले : रघुवर दास

शुभम संदेश। रांची



गुरु पूर्णिमा के अवसर पर झारखंड की आदिवासी संस्कृति के रक्षक पहानों को गुरुवार को सम्मानित किया गया. इस अवसर पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि गुरु हमारे जीवन में मार्गदर्शक होते हैं-माता-पिता, शिक्षक और धर्मगुरु सभी का जीवन पर गहरा प्रभाव होता है. वे झारखंड आदिवासी सरना विकास समिति, धुर्वा द्वारा गुरुवार को आयोजित सम्मान समारोह में बोल रहे थे. दास ने कहा कि झारखंड के आदिवासी समाज में पहान, मानकी-मुंडा, मांझी-परगनेत जैसे पद प्रकृति और संस्कृति के रक्षक हैं. इनका सम्मान करना, स्वयं का सम्मान करने जैसा है. उन्होंने बताया कि आदिवासी समाज प्रकृति पूजक है और वह इसके संरक्षण में अपना जीवन समर्पित कर रहा है.

पूर्व मुख्यमंत्री ने चिंता जताई कि पिछले 4-5 वर्षों में झारखंड की प्राकृतिक संपदा और संस्कृति पर गंभीर खतरे मंडरा रहे हैं. कोयला, बालू और पत्थर की खुलेआम लूट हो रही है और यहां तक कि आम आदिवासी नागरिकों को भी घर बनाने के लिए बालू नहीं मिल रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य के प्राकृतिक संसाधन सिंडिकेट के जरिए लूटे जा रहे हैं. उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में धर्मांतरण की घटनाएं बढ़ रही हैं और संथालपरगना जैसे क्षेत्रों में एसपीटी कानून के बावजूद लव जिहाद व भूमि जिहाद जैसी गतिविधियां हो रही हैं, लेकिन सरकार चुप बैठी है. दास ने आदिवासी संस्कृति की रक्षा के लिए पढ़े-लिखे समाज को आगे आने का आह्वान किया.

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विदेशी धर्मों के दबाव में पेसा कानून लागू नहीं कर रही है. पेसा के लागू होने से गांवों में ग्राम सभा को अधिकार मिलेंगे और बालू, वनोपज, तालाब जैसे संसाधनों की लूट रुकेगी. इससे ग्राम सभा की आमदनी बढ़ेगी और ग्राम स्वशासन की व्यवस्था मजबूत होगी. उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की 15वें वित्त आयोग की योजना के तहत 1400 करोड़ रुपये की सहायता ग्राम सभा को मिल सकती है. कार्यक्रम में पहान कंचन होरो, परनो होरो, सुमनी, अभय पहान, तीतराम उरांव, मेघा उरांव, बलराम सिंह, उमेश यादव सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे.

## जमीन से जुड़ाव है जरूरी, जमीन से ही हमारी पहचान : बंधु

**रांची।** राजधानी के पंडरा बाजार समिति परिसर में प्रगतिशील महिला उत्पादक समिति की ओर से आयोजित दो दिवसीय कृषि एवं उद्यानिकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन गुरुवार को कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि जमीन ही हमारी पहचान है. आज की युवा पीढ़ी जमीन से अन्न का पैदावार करने के बजाय उन्हें बेचने में लगी है. लोग कृषि से दूर होते जा रहे हैं, जबकि कृषि में अपार संभावनाएं हैं. उन्नत कृषि से जुड़कर किसान आर्थिक रूप से समृद्ध हो सकते हैं. सरकार ने राज्य के हर एक गांव को आर्थिक तौर मजबूती प्रदान कर उसका सर्वांगीण विकास करने का लक्ष्य रखा है. महिला उत्पादक समूह का गठन कर महिलाओं को विभाग की योजनाओं से जोड़ने का काम किया जा रहा है. महिलाएं सरकार की योजनाओं के बारे में प्रशिक्षित होंगी.

# तुष्टीकरण में आकंठ डूबी कांग्रेस बिहार मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया का कर रही विरोध : प्रदीप वर्मा

शुभम संदेश। रांची



भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद प्रदीप वर्मा ने कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने गुरुवार को कहा कि न्यायालय ने बिहार में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को सही ठहराया है. आम जनता में भी इसे लेकर कोई परेशानी नहीं है लेकिन इंडी गठबंधन के घटक दल कांग्रेस, राजद और झामुमो इसे तुष्टीकरण के चश्मे से देख रहे हैं और यही कारण है कि वे इसका विरोध कर रहे हैं.

सांसद वर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास संवैधानिक संस्थाओं के विरोध से भरा हुआ है. जब इनके सोच के अनुकूल संस्थाएं कार्य नहीं करती तो ये पार्टियां उनकी विरोधी हो जाती है. आज ये लोग चुनाव आयोग, ईडी, सीबीआई सब के विरोधी बने हैं. आज ये जिस न्यायालय में याचिका दायर करते हैं, उसी न्यायालय के फैसले को सत्ता मद में बदला है. राहुल गांधी ने तो अपनी पार्टी की सरकार के फैसले को भी चौराहे पर फाड़ दिया था.

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को न लोकतंत्र में विश्वास है और न संविधान और संवैधानिक संस्थाओं पर. ये परिवारवादी पार्टियां परिवार के कानून से चलती हैं और देश को भी चलाना चाहती हैं. उन्होंने कहा कि आज झारखंड में शेड्यूल 5 के तहत पेसा कानून लागू करने से कांग्रेस पार्टी भाग रही. ये पेसा पर गोल मटोल जवाब दे रहे. यहां भी तुष्टीकरण का भूत इनपर सवार है. अपनी धार्मिक परंपरा, रीति रिवाज संस्कृति से कटे समाज को भी ये पारम्परिक कानून व्यवस्था में शामिल करना चाहते हैं.

उन्होंने कहा कि आदिवासी, दलित, पिछड़ा विरोध से कांग्रेस का इतिहास भरा हुआ है. पहली बार देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन होने जा रही आदिवासी महिला राष्ट्रपति उम्मीदवार का कांग्रेस ने केवल विरोध नहीं किया बल्कि अपमान भरे शब्द भी बोले. उन्होंने कहा कि दलित को केवल वोट बैंक बनाने वाली कांग्रेस आज किस मुंह से दलित की आवाज बनेगी।बाबा साहब अम्बेडकर का अपमान दलित समाज भुला नहीं है. पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा नहीं देने वाली कांग्रेस,मंडल कमीशन रिपोर्ट को वर्षों तक ठंडे बस्ते में डालने वाली कांग्रेस कभी भी पिछड़ों की हितैषी नहीं हो सकती.

### ओरगोड़ा अंचल कार्यालय के पास ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग

# समय रहते पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने टाला बड़ा हादसा

शुभम संदेश। रांची



राजधानी रांची के अरगोड़ा अंचल कार्यालय के पास स्थित पानी टंकी के समीप गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे एक ट्रांसफारर में अचानक आग लग गई. आग की लपटें उठते ही आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गयी. स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका.

समय रहते कार्रवाई होने से एक बड़ा हादसा टल गया. हालांकि ट्रांसफार्मर पूरी तरह जलकर खाक हो गया है. फायर ब्रिगेड के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे, लेकिन उन्होंने घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की.

बिजली विभाग के एक अधिकारी ने आशंका जताई कि आग लगने की वजह केबल में आई तकनीकी खराबी हो सकती है, जिससे चिंगारी ट्रांसफार्मर तक पहुंच गई. अधिकारी ने आश्वासन दिया कि प्रभावित ट्रांसफार्मर को जल्द बदला जाएगा, ताकि लोगों को बिजली और पानी की आपूर्ति में किसी तरह की परेशानी न हो.

## एक नजर

### बाल कांवड़ यात्रा 27 जुलाई को निकाली जाएगी



**रांची।** श्री शिव बारात आयोजन महासमिति की ओर से बाल कांवड़ यात्रा 27 जुलाई को निकाली जाएगी. श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर के अध्यक्ष राजेश साहू के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री शिव बारात आयोजन महा समिति पहाड़ी मंदिर भव्य और विशाल बाल कांवर यात्रा 27 जुलाई को नक्षत्र वन, राज्यभवन के समीप से रातू रोड होते हुए पहाड़ी मंदिर में महाकाल बाबा पर जलाभिषेक करेंगे. सभी छोटे-छोटे बच्चे गेरुआ वस्त्र धारण किये पैदल जल लेकर पहाड़ी मंदिर में जलाभिषेक करेंगे. जलाभिषेक करने वाले बच्चों की उम्र 5 से 12 वर्ष के बीच होगी. इस साल कई जीवंत झांकियो का स्वरूप, ढोल नगाड़ा, डीजे ताशा के साथ बाल शिव रथ पर सवार होकर चलेंगे. महासमिति के अध्यक्ष राजेश कुमार साहू ने कहा कि इस साल का आयोजन बहुत ही विशेष और भव्य होगा. प्रवक्ता बादल सिंह ने गुरुवार को कहा कि बाल कांवर यात्रा आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य सभी बच्चों को सनातनी धर्म के बारे में जानकारी मिले. साथ ही धर्म की मार्ग पर चलने का प्रण दे सके और पूरे शहर वासियों से अपील किया कि आप सभी लोग अपने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल करें. बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष राजेश साहू ,प्रवक्ता बादल सिंह, मीरा गुप्ता, मुरारी मंगल, राजीव वर्मा, पुजारी कबीर बाबा, मनोज मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे.

### शिक्षा के साथ संस्कार भी देते हैं गुरु : प्राचार्य

**रांची।** एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल, पुंदाग में गुरुवार को धूमधाम से गुरु पूर्णिमा समारोह मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के प्राचार्य डॉ तापस घोष, मुख्य अतिथि शशि प्रकाश झा, भारतीय प्रशासनिक सेवा, अभियान निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, विशिष्ट अतिथि विवेकानंद केंद्र, कन्याकुमारी,रांची शाखा के सम्मानित पदाधिकारी जयंत कुमार झा, विकास कुमार सिन्हा, चिराग़ परमार ने किया. इसके बाद प्राचार्य ने सभी अतिथियों का स्वागत किया. विद्यालय के बच्चों ने गुरु वंदना (भजन) प्रस्तुत करके सबका मन मोह लिया. कक्षा अष्टम और 11 वीं की छात्राओं ने शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत करके शमा बांध दिया. कक्षा अष्टम के विद्यार्थियों ने गुरु - शिष्य परंपरा पर हृदय स्पर्शी लघु नाटिका प्रस्तुत किया. इस अवसर पर कक्षा नवम से 12 वीं तक के विद्यार्थियों ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया. विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया जाएगा. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शशि प्रकाश झा ने गुरु पूर्णिमा के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु का काम केवल शिक्षा देना ही नहीं है,बल्कि वे तो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देते हैं. वे विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार भी देते हैं. प्राचार्य ने कहा कि भारत में गुरु - शिष्य परंपरा अत्यंत प्राचीन है. सभी शिक्षकों को इसकी गरिमा बनाए रखनी चाहिए और शिष्यों को भी अपने शिक्षकों के निर्देशानुसार काम करना चाहिए. तभी उनका भविष्य उज्ज्वल बन सकता है. शांतिपाठ के साथ समारोह का समापन हुआ.

### सरला बिरला विवि में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया



**रांची।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरुवार को सरला बिरला विश्वविद्यालय में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया. इस अवसर पर अपने संबोधन में विवि के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने गुरु के महत्व के विषय में बताते हुए कई उदाहरणों के माध्यम से व्यक्ति विशेष के जीवन में उनकी अपरिहार्यता पर प्रकाश डाला. कुलपति प्रो सी जगनाथन ने बच्चों को गुरु के महात्म्य के विषय में बताए जाने पर जोर दिया. साथ ही व्यक्ति की सत्संगति की भी बात की, जिससे अच्छे गुणों का विकास हो. डीन प्रो नीलिमा पाठक ने भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र में अपने संबोधन में कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में गुरु की महिमा एवं जीवन में गुरु के बताए हुए सन्मार्ग पर चलते हुए सुखी, संपन्न एवं सफल जीवन जिया जा सकता है. डॉ आरएम झा ने वर्तमान समय में व्याप्त विभिन्न समस्याओं एवं उन समस्याओं से मुक्ति की प्रक्रिया में गुरु की महत्ता को समझाया. कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो एसबी डांडिन, डॉ अर्चना मौर्या, डॉ संदीप कुमार, डॉ विश्वजीत वर्मा, पंकज केसरी, डॉ स्वातिलेखा महतो, सुजीत सेनगुप्ता, स्पर्श उपाध्याय सहित अन्य शिक्षकों ने हिस्सा लिया. गुरु पूर्णिमा के अवसर पर एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने सभी गुरुजनों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं.

### रांची में कैंसर समिट का आयोजन 12 जुलाई को

**रांची।** कैंसर रिसर्च एंड स्टैटिसटिक फाउंडेशन की ओर से 12 जुलाई को होटल रेडिशन ब्लू में कैंसर समिट कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. समिट में मुख्य रूप से बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी मौजूद रहेंगे. यह जानकारी आयोजन समिति के प्रमुख आंकोलाजिस्ट डॉ सतीश शर्मा ने दी. उन्होंने बताया कि समिट में अमेरिका की डॉ वर्षा गुप्ता, डॉ अरुण शाही, डॉ अरूज ध्यानी, डॉ आदित्य श्रीनिवास एवं डॉ मो. नशीर जैसे अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ एवं राष्ट्रीय स्तर से डॉ सेवंती लिमये, डॉ कुमार प्रभाष के अलावे 50 के करीब चिकित्सकों की भागीदारी होगी। जो कैंसर चिकित्सा के क्षेत्र में अपनाई जा रही तकनीक पर चर्चा करेंगे.

**चुनाव आयोग** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से किया अनुरोध, कहा-

# राजनीतिक दल सभी बूथों पर अपने-अपने दल के एजेंट नियुक्त कर लें

शुभम संदेश। रांची



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया है कि वे सभी मतदान केंद्रों पर अपने–अपने दल के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त कर लें. जिससे मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे. उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल जिला,विधानसभा स्तर पर बूथ लेवल एजेंट–1 एवं सभी मतदान केंद्र स्तर पर बूथ लेवल एजेंट– 2 को चयनित करते हुए उनकी सूची संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें. कुमार गुरुवार को राज्य के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचन सदन में बैठक कर रहे थे.

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि राजनीतिक दल बीएलए नियुक्त करते समय इस बात का ध्यान रखें कि संबंधित बीएलए उसी मतदान केंद्र का मतदाता हो. उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल बीएलए की सूची संबंधित क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को उपलब्ध कराएंगे जिसे निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा संबंधित बीएलओ को उपलब्ध करा दिया जाएगा.

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के क्रम में एक भी मतदाता छूटे नहीं इस कार्य के लिए बीएलए एवं बीएलओ आपस में समन्वय स्थापित करते हुए काम करें. मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के चयनित बीएलए को शर्तों के साथ मतदाताओं के फॉर्म जमा करने, मतदाता सूची के प्रारूप की कॉपी प्राप्त करने सहित कई अधिकार भी दिए गए हैं. मतदाता सूची को पारदर्शी एवं एक भी मतदाता छूटे नहीं इस ध्येय को पूरा करने के लिए बीएलओ की भूमिका के साथ–साथ बीएलए की भी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है.

इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे.

### झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने उपायुक्त रांची को भेजा पत्र

# आरटीई का उल्लंघन: 45 निजी स्कूलों पर कार्रवाई की जाए

शुभम संदेश। रांची



राजधानी रांची के 45 निजी विद्यालयों द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के बच्चों का नामांकन नहीं लेने को लेकर झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने कड़ी नाराजगी जताई है.एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने रांची उपायुक्त को ईमेल के माध्यम से पत्र भेजकर इस लापरवाही को गंभीर बताते हुए दोषी स्कूलों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है. उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा तीन बार नोटिस भेजे जाने के बावजूद जब इन स्कूलों ने नामांकन नहीं लिया, तो यह शिक्षा के अधिकार कानून का स्पष्ट उल्लंघन है.

एसोसिएशन द्वारा उपायुक्त को भेजे गए पत्र में दोषी स्कूलों की मान्यता तत्काल रद्द करने की मांग की है. साथ ही सीबीएसई, आईसीएसई व राज्य बोर्ड को अनुशंसा भेजी जाए कि ऐसे स्कूलों की मान्यता खत्म की जाए. आरटीई का उल्लंघन करनेवाले स्कूलों के प्रबंधन पर आर्थिक दंड लगाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसा दोहराया न जा सके. प्रभावी निगरानी तंत्र का गठन हो जो इस प्रकार की अनदेखी पर रोक लगा सके.राय ने कहा कि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है और बच्चों को जानबूझ कर इससे वंचित करना सामाजिक अपराध है. झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन इस मुद्दे को लेकर पूरी तरह मुखर रहेगा और ज़रूरत पड़ी तो आंदोलन का रास्ता भी अपनाएगा.उन्होंने प्रशासन से अपील की कि इस संवेदनशील मामले में शीघ्र हस्तक्षेप कर सख्त कदम उठाए जाएं, जिससे आरटीई अधिनियम को प्रभावी रूप से लागू किया जा सके.

## ब्रीफ न्यूज

### केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिले रवीन्द्र तिवारी

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद के सदस्य रवीन्द्र तिवारी एवं गढ़वा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार मुलाकात की. इस दौरान दोनों नेताओं ने गढ़वा में एनएच-39 बाईपास सड़क के उद्घाटन के लिए मंत्री गडकरी को बधाई दी और क्षेत्र में अन्य राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को शीघ्र शुरू करने की मांग की. रवीन्द्र तिवारी ने कहा कि उन्होंने मंत्री से गढ़वा जिले के विकास के लिए विशेष योजनाओं की स्वीकृति पर आभार व्यक्त किया और क्षेत्र के लिए विशेष कृपा बनाए रखने का आग्रह किया.

### नाले में मिला युवक का शव, क्षेत्र में मचा हड़कंप

**महुआडांड़।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के शिवनगर गांव में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों ने एक युवक का शव नाले में देखा. घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी. थाना प्रभारी मनोज कुमार के निर्देश पर पुअनि आनंद कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पानी से बाहर निकलवाया. शव अधिक समय तक पानी में रहने के कारण फूल चुका था और उसमें से दुर्गंध भी आ रही थी. पुलिस द्वारा पहचान कराने की कोशिश की गई, जिसके बाद शव की शिनाख्त रेगांई टोंकाटोली निवासी विजय कुजुर के रूप में हुई. परिजनों को सूचना दे दी गई है. स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार मृतक शराब का आदी था.

### ट्रक ने टेंपो को टक्कर मारी, नौ लोग घायल

**लातेहार।** एनएच-75 पर चंदवा थाना क्षेत्र के ब्राह्मणी के पास एक टेलर ट्रक ने यात्रियों से भरे टेंपो को जोरदार टक्कर मार दी. इस हादसे में टेंपो चालक सहित नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत एंबुलेंस से सदर अस्पताल लातेहार पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ऋषभ झा ने उनका प्राथमिक उपचार किया. गंभीर हालत को देखते हुए छह घायलों को रिम्स रेफर कर दिया गया है. घायलों में गुड़िया देवी (बारियातू), कलौती देवी, चरकू भुईयां (दोनों बारी, चंदवा), रोशन उरांव, सैलेश्वरी देवी (दोनों धनकारा, लातेहार), टेंपो चालक रंजीत प्रसाद, ममता देवी (मैक्लुस्कीगंज), और प्रतिमा देवी (हौलांग, मासियातू, बालूमाथ) शामिल हैं. गुड़िया देवी का हाथ टूटा है, जबकि अन्य चार घायलों के पैर टूटे हैं. टेंपो चालक रंजीत प्रसाद ने बताया कि वह लातेहार से सवारी लेकर चंदवा जा रहे थे, तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार ट्रक ने सीधे टेंपो को टक्कर मार दी.

### केरल मजदूरी के लिए जा रहा युवक लापता, परिजन परेशान

**महुआडांड़।** के बेलटोली गांव के 25 वर्षीय बेनेदिन कुजूर मजदूरी के लिए केरल जा रहे थे, लेकिन रास्ते में अचानक लापता हो गए. बेनेदिन कुजूर 2 जुलाई को गांव के छह युवकों के साथ केरल जाने के लिए ट्रेन से निकले थे. परिजन के अनुसार, जब ट्रेन पोंटनीर रेलवे स्टेशन पर रुकी, तब बेनेदिन कुजूर वहां से उतर गए और फिर ट्रेन में वापस नहीं चढ़े. साथ गए युवकों ने इस बात की जानकारी दी है. उसके बाद से मोबाइल फोन पर संपर्क नहीं हो पा रहा है. मोबाइल लगातार बंद बताया जा रहा है. बेनेदिन की मां, शोसन तिर्की ने बताया कि उन्होंने कई बार फोन किया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला. लापता युवक की पत्नी और चार साल का बेटा है, जो इस वक्त बेहद परेशान हैं. परिवार ने गुरुवार को महुआडांड़ थाना जाकर मामले की शिकायत की, लेकिन आवेदन नहीं लिया गया, जिससे उनका दुख और बढ़ गया है.

## गुरु पूर्णिमा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुजारियों को किया सम्मानित

शुभम संदेश। मेदिनीनगर

गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नगर मंडल मेदिनीनगर के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार स्थानीय मंदिरों के पुजारियों और पंडितों को सम्मानित कर गुरु परंपरा का सम्मान किया. मंडल अध्यक्ष श्रवण गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के प्रमुख मंदिरों के पुजारियों को अंग वस्त्र और गुरु दक्षिणा भेंट की गई. महावीर मंदिर मुख्य बाजार में कृष्णा पांडे, विष्णु मंदिर में संजय पांडे, शिव मंदिर थाना रोड में चंदन पांडे, शनि मंदिर में मोहन शर्मा तथा काली मंदिर में सुरेश मिश्रा को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सम्मानित किया और उनका आशीर्वाद लिया. इस अवसर पर भाजपा के जिला मंत्री सोमेश सिंह ने कहा कि भाजपा सामाजिक

पुजारियों को भेंट की गई अंग वस्त्र और गुरु दक्षिणा



समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने वाली पार्टी है. उन्होंने कहा कि भारत में गुरु-शिष्य परंपरा हजारों वर्षों से चली आ रही है और आज की पीढ़ी को अपने मूल्यों की जानकारी देने के लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता है. नगर अध्यक्ष श्रवण गुप्ता ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति का अंधानुकरण कर रही है, जबकि हमारी भारतीय संस्कृति सर्वश्रेष्ठ है. उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सांस्कृतिक चेतना जागृत करते हैं. इस कार्यक्रम में श्यामजी चौधरी, आनंद कुमार, संजय कुमार, रंजीत गुप्ता, नीतीश कुमार, बलबीर कुमार, बबलू मालाकार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे. कार्यक्रम का उद्देश्य गुरु परंपरा को सहेजना और समाज में सकारात्मक संदेश देना था.

### गुरु पूर्णिमा पर हवन, पूजन और गुरु वंदना का आयोजन

**लातेहार।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर अखिल भारतीय गायत्री परिवार, लातेहार द्वारा चंडनडीह स्थित गायत्री प्रज्ञा कुंज मंदिर परिसर में हवन-पूजन, गुरु वंदना और सामूहिक प्रार्थना का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और गुरु पूजन से हुआ. उपस्थित श्रद्धालुओं ने विधिवत रूप से गायत्री माता की पूजा-अर्चना की और हवन में आहुतियाँ अर्पित कीं. पूरे वातावरण में मंत्रों की गूंज और धूप-दीप की सुगंध से भक्तिमय वातावरण बन गया. इस अवसर पर वक्ताओं ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु ही हमारे जीवन के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश प्रदान करते हैं. हवन में



बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और सामूहिक रूप से राष्ट्र कल्याण की कामना की गई. कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया. आयोजन को सफल बनाने में गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं एवं सदस्यों ने सराहनीय भूमिका निभाई. इस अवसर पर दिलेश्वर यादव, लव कुमार तिवारी, वीरेंद्र प्रसाद, संदीप प्रसाद, भोला प्रसाद, उर्मिला देवी, अनीता देवी, सुधा देवी, रीता देवी, शांति देवी, पुष्पा देवी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे.

### पिछले कुछ महीनों से जमीन के बंटवारे को लेकर चल रहा था विवाद

## बुजुर्ग ने अपने पीएम आवास को जेसीबी से गिरवा दिया



मयंक विश्वकर्मा। बरवाडीह

बरवाडीह प्रखंड के छेंचा पंचायत में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक बुजुर्ग ने पारिवारिक जमीन विवाद के चलते प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत बने अपने पक्के मकान को खुद ही जेसीबी मशीन से गिरवा दिया. यह मकान चार वर्ष पूर्व सरकारी अनुदान से बनवाया गया था. इस घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है. घटना छेंचा गांव निवासी 70 वर्षीय भदई भुइयां से जुड़ी है, जिनके परिवार में पिछले कुछ महीनों से जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था.

विवाद बढ़ने पर हाल ही में गांव में एक पंचायत बैठक बुलाई गई थी, जिसमें उपमुखिया सहित कई पंच शामिल हुए. पंचायत ने विवाद सुलझाने की कोशिश की, लेकिन भदई भुइयां, उनके बेटे और बहुओं के बीच कोई सहमति नहीं बन सकी. बताया जा रहा है कि अगले ही दिन भदई भुइयां ने अपनी मंझली बहू मीना देवी और बेटे गुणी भुइयां के दबाव में आकर घर को तोड़ने का फैसला लिया. उन्होंने जेसीबी मशीन मंगवाई और चार साल पहले बने पक्के मकान को गिरवा दिया. यह मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत और निर्मित किया गया था.

इस घटना के बाद सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि बिना किसी प्रशासनिक अनुमति और निगरानी के, आखिर एक सरकारी योजना के तहत बने मकान को कैसे ध्वस्त कर दिया गया. भदई भुइयां ने बताया कि जेसीबी मंटू यादव द्वारा भेजी गई थी, लेकिन इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है. ग्रामीणों का कहना है कि यह न सिर्फ कानून का उल्लंघन है, बल्कि सरकारी धन और संसाधनों की बर्बादी भी है. लोगों में घटना को लेकर गहरा रोष है और उन्होंने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है. फिलहाल स्थानीय प्रशासन को मामले की सूचना दे दी गई है और जांच प्रक्रिया शुरू की जा रही है. सरकारी आवासों की सुरक्षा और पारिवारिक विवादों के बढ़ते प्रभाव पर यह घटना कई गंभीर सवाल खड़े करती है.

### पीएम आवास योजना (शहरी) 2.0 के लिए आवेदन शुरू

**लातेहार।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत लातेहार नगर पंचायत क्षेत्र में जरूरतमंद परिवारों से आवेदन लिए जा रहे हैं. यह योजना शहरी क्षेत्र में बेघर अथवा कच्चे मकान में रहने वाले लोगों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है. नगर प्रशासक राजीव रंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि आवेदन करने वाले परिवार के पास भारत के किसी भी हिस्से में पक्का मकान नहीं होना चाहिए. उन्होंने बताया कि पात्र आवेदकों के पास स्वयं की भूमि, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों का होना अनिवार्य है. योग्य लाभार्थी अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. आवेदन करने के बाद उसकी हार्ड कॉपी नगर पंचायत कार्यालय, लातेहार में जमा करना अनिवार्य है. राजीव रंजन ने सभी पात्र नागरिकों से समय पर आवेदन करने की अपील की है, ताकि योजना का लाभ उन्हें आसानी से मिल सके. योजना से जुड़ी किसी भी जानकारी या सहायता के लिए इच्छुक व्यक्ति नगर पंचायत कार्यालय, लातेहार से संपर्क कर सकते हैं. यह योजना उन लोगों के लिए सुनहरा अवसर है जो वर्षों से पक्के घर के सपने देख रहे हैं. पात्र लोग आवेदन कर जल्द से जल्द योजना का लाभ उठाएं.

### सांप के डंसने से महिला अचेत, गंभीर हालत में रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बारियातू प्रखंड के रहिया गांव में बुधवार देर रात एक विषैले सांप के डंसने से 25 वर्षीय महिला गुंजरी देवी अचेत हो गईं. घटना उस समय घटी जब गुंजरी देवी अपने घर में थीं. अचानक एक जहरीले सांप ने उन्हें डंस लिया, जिससे वे मौके पर ही बेहोश हो गईं. परिजनों ने उन्हें आनन-फानन में बालूमाथ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया. फिलहाल महिला की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है. गौरतलब है कि मॉनसून की शुरुआत के साथ ही सर्पदंश की घटनाओं में तेजी आई है. डॉ. सुरेंद्र कुमार ने लोगों से अपील की है कि सांप काटने की स्थिति में झाड़-फूंक में समय न गंवाएं और तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर उचित उपचार कराएं

### लगातार बारिश से मक्का और बादाम की खेती हुई है प्रभावित

**महुआडांड़।** प्रखंड क्षेत्र में हो रही लगातार मूसलाधार बारिश से किसानों की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है. इस क्षेत्र के किसान मुख्य रूप से मक्का और बादाम की खेती पर निर्भर हैं, लेकिन बारिश के कारण खेतों में जलभराव हो गया है और इस कारण बुवाई का काम अब तक शुरू नहीं हो पाया है. किसानों का कहना है कि सामान्यतः इस समय मक्का और बादाम की बुवाई का मौसम होता है, लेकिन लगातार हो रही बारिश ने खेती का पूरा कार्यक्रम प्रभावित कर दिया है.

## पांकी विधायक ने नितिन गडकरी से की मुलाकात

शुभम संदेश। मेदिनीनगर

पांकी विधानसभा क्षेत्र की जर्जर सड़कों और लंबित सड़क परियोजनाओं को गति देने के उद्देश्य से क्षेत्रीय विधायक शशिभूषण मेहता ने बुधवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से दिल्ली स्थित कार्यालय में मुलाकात की. इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान विधायक ने अपने क्षेत्र की प्रमुख सड़कों के निर्माण व सुदृढ़ीकरण से संबंधित एक विस्तृत मांग पत्र (ज्ञापन) केंद्रीय मंत्री को सौंपा. विधायक मेहता ने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के कई संपर्क मार्ग अत्यंत जर्जर स्थिति में हैं, जिससे ग्रामीणों, छात्रों, मरीजों और व्यवसायियों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. उन्होंने बताया कि झारखंड के अन्य क्षेत्रों की तुलना में पांकी क्षेत्र अभी भी काफी पिछड़ा हुआ है और नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहा है, जिससे



विकास कार्य प्रभावित हुए हैं. विधायक ने विशेष रूप से डालटनगंज-पांकी-रिमी-रामपुर-बागरा (एनएच-22) से चतरा होते हुए डोभी (बिहार) एनएच-2 तक और डालटनगंज से शेरघाटी (बिहार) के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण की मांग की. उन्होंने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे का जुड़ाव एनएच-39 से संभव हो सकेगा और डालटनगंज से कोलकाता के लिए सीधा सड़क संपर्क स्थापित होगा. इससे क्षेत्रीय आवागमन तो सुलभ होगा ही, साथ ही व्यापार, पर्यटन और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे. केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने विधायक की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और आश्वस्त किया कि संबंधित विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि ग्रामीण सड़कों का विकास केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है और इस दिशा में राज्य सरकार के साथ मिलकर ठोस प्रयास किए जा रहे हैं.इस अवसर पर विधायक के साथ सरोज चटर्जी और प्रकाश मेहता भी उपस्थित थे.

## एसडीओ ने विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण



शुभम संदेश। हुसैनाबाद

अनुमंडल पदाधिकारी सह आइएएस ओम प्रकाश गुप्ता ने राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय जमुआ और विश्वसिया का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण का उद्देश्य विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन, छात्र उपस्थिति और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समग्र समीक्षा करना था. निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने छात्रों की संख्यात्मक क्षमता, गणितीय दक्षता और भाषा बोध का मूल्यांकन किया. उन्होंने छात्राओं से संवाद कर उनकी विषय संबंधित समझ और आत्मविश्वास का आकलन किया. कक्षा आठ के बाद ड्रॉपआउट दर पर चिंता जताते हुए गहन अनुश्रवण की आवश्यकता बताई गई. उपस्थिति रजिस्टर की जांच कर नियमितता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. शिक्षकों की समयपालन, कार्य संस्कृति और शिक्षण पद्धति की समीक्षा की गई. जहां कर्तव्यनिष्ठ शिक्षकों की सराहना की गई, वहीं लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों को चेतावनी दी गई. इस दौरान अधिकारी द्वारा मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, पोषण स्तर और स्वच्छता की भी जांच की गई तथा छात्रों से उनकी संतुष्टि के बारे में जानकारी ली गई.

## एक नजर

### मन्ना देवी की 11वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**मझिआंव।** ऊंटारी रोड स्थित सिंडहा गांव में गुरुवार को भारत सरकार के सलाहकार सह भाजपा नेता रामाशीष यादव जी की माता जी तथा जेपी यादव जी की धर्मपत्नी स्वर्गीय मन्ना देवी जी की ग्यारहवीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई. इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पगुच्छ अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों गरीब और असहाय महिलाओं एवं पुरुषों के बीच राशन तथा अंगवस्त्र का वितरण किया गया. वहीं, स्कूली बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करते हुए उन्हें लेखन सामग्री भी प्रदान की गई. श्रद्धांजलि सभा में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और उन्होंने स्वर्गीय मन्ना देवी के पुण्य कार्यों को याद कर स्मारक पर माल्यार्पण किया. स्व. मन्ना देवी अपने पीछे एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं, जिनमें पति जे.पी. यादव, पुत्र कृष्णा यादव, विश्वनाथ यादव, विजय यादव, रामाशीष यादव एवं पुत्री इंद्रावती देवी सहित कई नाती-पोते शामिल हैं.

### शव लाने के लिए परिजन को दिया गया 50 हजार रुपये



**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के पेशरार पंचायत अंतर्गत होशिर गांव निवासी लालू यादव की तमिलनाडु के कोयंबटूर में कार्य के दौरान आकस्मिक मृत्यु हो गई. रोजगार की तलाश में बाहर गए लालू यादव का शव गांव लाने के लिए उनकी पत्नी मनोरमा देवी के पास आर्थिक संसाधन नहीं थे. उन्होंने जिला प्रशासन और जन प्रतिनिधियों से मदद की गुहार लगाई. मनोरमा देवी की दयनीय आर्थिक स्थिति को देखते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के जिला प्रवक्ता सुशील कुमार यादव और यादव समाज के विलास यादव ने श्रम अधीक्षक दिनेश भगत से मिलकर उनकी समस्या बताई. श्रम अधीक्षक ने उपायुक्त के निर्देश पर तत्काल 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता की स्वीकृति दी और यह राशि मृतक की पत्नी को मुहैया कराई गई. इस सहायता से लालू यादव का शव उनके पैतृक गांव लाया गया. परिवार सहित गांववासियों ने श्रम विभाग की इस त्वरित मदद के लिए आभार व्यक्त किया. इस दौरान छोटू यादव, सुमित कुमार यादव समेत कई लोग मौके पर मौजूद थे. सुशील यादव और विलास यादव की पहल को भी स्थानीय लोगों ने सराहा. यह सहायता परिवार के लिए एक बड़ी राहत साबित हुई.

### एमके डीएवी के छात्र मोइनुद्दीन खान हुए सम्मानित



**मेदिनीनगर।** स्थानीय एमके. डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्र मोइनुद्दीन खान ने डीएवी क्षमता संवर्धन केंद्र, नई दिल्ली द्वारा आयोजित अखिल भारतीय इंग्लिश ओलिंपियाड 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है. नवम 'ब' कक्षा के छात्र मोइनुद्दीन ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की, जिसके लिए उन्हें विद्यालय की प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में सम्मानित किया गया. विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य आलोक कुमार ने मोइनुद्दीन को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया. इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि एमके. डीएवी के छात्र पढ़ाई के साथ-साथ सह-पाठयक्रम गतिविधियों में भी अग्रणी रहते हैं. विद्यालय में उन्हें अनुकूल वातावरण, आवश्यक संसाधन और मंच प्रदान कर हर स्तर पर सहयोग दिया जाता है. उन्होंने मोइनुद्दीन के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके अभिभावकों को भी बधाई दी.

### तेली समाज जिला कमेटी का पुनर्गठन 13 जुलाई को

**गुमला।** छोटा नागपुरिया तेली उत्थान समाज की जिला कमेटी का पुनर्गठन आगामी 13 जुलाई को किया जाएगा. यह आयोजन डीएसपी रोड, गुमला स्थित रामकृष्ण ओहदार के नए आवास में पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू होगा. इस संदर्भ में समाज के संरक्षक हीरा साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि इस महत्वपूर्ण अवसर पर समाज के सभी बुद्धिजीवी, समाजसेवी, प्रबुद्धजन, पूर्व समिति के पदाधिकारी और समाज के अन्य सदस्य आमंत्रित हैं. उन्होंने समाज के सभी लोगों से अनुरोध किया है कि वे इस पुनर्गठन कार्यक्रम में भाग लेकर संगठन के भविष्य को सशक्त बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं. जिला कमेटी का यह पुनर्गठन समाज के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने और नई दिशा देने की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है. इस अवसर पर समाज के विकास, एकजुटता और उत्थान पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा.

### बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने मनाई ऋषि वेदव्यास जयंती

**मेदिनीनगर।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की ओर से ऋषि वेदव्यास की जयंती श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की. समारोह की शुरुआत ऋषि वेदव्यास की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुई. अध्यक्ष उदय राम ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु पूर्णिमा को 'व्यास पूर्णिमा' भी कहा जाता है क्योंकि यह दिन ऋषि वेदव्यास की स्मृति में मनाया जाता है. वेदव्यास को हिंदू धर्म का आदि गुरु माना जाता है, जिन्होंने वेदों का वर्गीकरण कर मानवता को ज्ञान का अमूल्य उपहार दिया. उन्होंने कहा कि गुरु ही शिष्य को अज्ञानता के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं. गुरु पूर्णिमा उस भावना का प्रतीक है जब शिष्य अपने गुरु के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करता है. समाज में गुरु का स्थान सर्वोपरि होता है, क्योंकि वह ही सही और गलत के बीच का फर्क समझाता है. इस अवसर पर प्रद्युम्न तिवारी, श्याम पाठक, राधामोहन सिंह, कृष्णा राम, जयपाल मोची, अनिल राम, सुनील कुमार, उपेंद्र तिवारी और गणेश चंद्र सहित कई सदस्य उपस्थित रहे.

### पांडू में गुरु पूर्णिमा पर भजन-कीर्तन का आयोजन

**पांडू।** गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर पांडू क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में महाप्रसाद भंडारे और राम नाम संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया. करमडीहरा राम जानकी मंदिर में शिव चर्चा का आयोजन हुआ, जबकि पांडू बजरंगबली मंदिर में भक्तों के बीच धार्मिक चर्चा एवं प्रसाद वितरण किया गया. विश्वनाथ झारखंड मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में गुरु पूर्णिमा हर्षोल्लास के साथ मनाई गई. ब्रिधखैराबेनु गोपाल मंदिर में श्री श्री 1008 श्री विष्णु चित महाराज के नेतृत्व में भजन-कीर्तन हुआ, साथ ही मंदिर भ्रमण के दौरान आए अतिथियों को महाप्रसाद वितरित किया गया.

## खेल

### राइफल शूटिंग रेंज की स्थापना को लेकर जिला संघ की बैठक

## जिले के युवाओं को मिलेगा अब नया मंच

शुभम संदेश। मेदिनीनगर

जिले में राइफल शूटिंग रेंज की स्थापना को लेकर जिला राइफल शूटिंग संघ की एक अहम बैठक माटी कला बोर्ड कार्यालय में आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष अविनाश देव ने की. उन्होंने कहा कि यदि जिले में शूटिंग रेंज की स्थापना होती है, तो यह पलामू के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर होगा. इससे उन्हें उचित प्रशिक्षण, नियमित अभ्यास और प्रतियोगिताओं की तैयारी का मंच मिलेगा, जिससे वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे. अविनाश देव ने बताया कि वह स्वयं एक खेलप्रेमी और अनुभवी खिलाड़ी हैं, जो वर्षों से



पलामू में शूटिंग खेल को मजबूती देने के लिए प्रयासरत हैं. उन्होंने जिले में खेल अधोसंरचना को बेहतर बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि राइफल शूटिंग रेंज की स्थापना एक महत्वपूर्ण कदम होगा. जिला सचिव सुमित वर्मन ने कहा कि वर्तमान में मेदिनीनगर सहित पूरे पलामू जिले के इच्छुक युवाओं को शूटिंग के अभ्यास के लिए दूसरे शहरों का रुख करना पड़ता है, जो समय, श्रम और आर्थिक दृष्टिकोण से चुनौतीपूर्ण है. यदि स्थानीय स्तर पर शूटिंग क्लब और रेंज उपलब्ध हो जाती है, तो यह युवाओं के लिए न केवल सुविधा जनक होगा, बल्कि खेल के क्षेत्र में उनकी प्रतिभा को निखारने में भी मदद करेगा.

बैठक में आनंद कुमार, अमरेश मेहता, ओमनाथ तिवारी, ललन प्रजापति, शोभा प्रजापति सहित कई खेलप्रेमियों ने भाग लिया और राइफल शूटिंग रेंज की आवश्यकता पर अपने विचार साझा किए. सभी ने सर्वसम्मति से इसके शीघ्र निर्माण की मांग की. फोन के माध्यम से जिला उपाध्यक्ष गुरविर सिंह ने कहा कि पलामू के युवाओं में अपार प्रतिभा है, और उन्हें एक सही मंच प्रदान करना हम सभी की जिम्मेदारी है. वहीं संघ के संरक्षक बृजेश शुक्ला ने कहा कि अब समय आ गया है जब जिले की खेल अधोसंरचना को सुदृढ़ किया जाए. उन्होंने शूटिंग रेंज की स्थापना को खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक ठोस पहल बताया. बैठक में यह भी संकल्प लिया गया कि राइफल शूटिंग खेल को सिर्फ शहरों तक सीमित न रखते हुए गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा, ताकि हर वर्ग के प्रतिभाशाली युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके. यह प्रयास न केवल जिले में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि पलामू को राज्य स्तर पर एक नई पहचान भी दिलाएगा. इससे इलाके में खेल को प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे युवा तेजी से आगे बढ़ेंगे.

## पांडेयपुरा रोड जनजीवन के लिए बना खतरा, मरम्मत की मांग

निहित कुमार। लातेहार



अगर आप लातेहार जिला मुख्यालय के पानी टंकी के पास से पांडेयपूरा ग्राम की ओर जाने का सोच रहे हैं, तो जरा संभल कर चलें. यह मार्ग फिलहाल बेहद खस्ताहाल है, खासकर पहाड़पुरी के पास जहाँ सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं. इन गड्ढों की स्थिति ऐसी हो गई है कि यह समझ पाना मुश्किल हो जाता है कि सड़क में गड्ढा है या गड्ढों में सड़क. लगातार बारिश ने हालात और बदतर कर दिए हैं – कीचड़ और फिसलन के कारण यहां रोजाना दुर्घटनाएं हो रही हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क लगभग 300 गांवों को जिला मुख्यालय से जोड़ती है. बावजूद इसके, इसकी मरम्मत को लेकर कोई गंभीर प्रयास नहीं हुए हैं. रोजाना हजारों ग्रामीण, छात्र-छात्राएं, किसान और मरीज इसी रास्ते से आवागमन करते हैं. लेकिन सड़क की जर्जर स्थिति के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. खासकर स्कूली बच्चों और मरीजों के लिए यह मार्ग किसी खतरे से कम नहीं है. गत मंगलवार को एक मोपेड सवार संतुलन खोकर सड़क किनारे बने बांध में गिर गया. यह दुर्घटना इस बात का जीता-जागता प्रमाण है कि सड़क कितनी खतरनाक हो चुकी है. क्षेत्रवासियों का कहना है कि वे कई बार प्रशासन से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है. पिछले वर्ष नगर प्रशासक राजीव रंजन के निर्देश पर गड्ढों में मोरम डलवाया गया था, जिससे सड़क कुछ समय के लिए ठीक हो गई थी. लेकिन अब एक बार फिर स्थिति भयावह हो चुकी है. ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस सड़क की मरम्मत शीघ्र करवाई जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके और जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके.

**ब्रीफ न्यूज**

## उपायुक्त ने अभिलेखागार का किया विस्तृत निरीक्षण

**कोडरमा।** जिले के उपायुक्त ऋतुराज ने आज जिले के अभिलेखागार का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने अभिलेखों के संरक्षण, रख-रखाव और डिजिटलीकरण की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की. उपायुक्त ने अभिलेखों की व्यवस्थापन प्रक्रिया को बारीकी से देखा और संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की. उन्होंने अभिलेखों को सुव्यवस्थित ढंग से वर्गीकृत कर सुरक्षित रखने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में किसी भी दस्तावेज़ या जानकारी को आसानी से प्राप्त किया जा सके. इसके साथ ही उन्होंने अभिलेखों के डिजिटलीकरण को तेजी से पूरा करने पर भी जोर दिया, जिससे कागजी अभिलेखों का संरक्षण बेहतर हो सके.

## बदुलिया घाट पर बालू माफियाओं का कब्जा

**जयनगर।** प्रखंड क्षेत्र के बदुलिया घाट पर इन दिनों बालू माफियाओं का पूरी तरह से कब्जा हो गया है. नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की रोक के बावजूद यहां प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टरों से अवैध रूप से बालू की ढुलाई की जा रही है. दिन-रात गाड़ियों की लंबी कतारें घाट से गांव तक देखी जा सकती हैं. तेज रफ्तार ट्रैक्टरों की आवाजाही से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है. गांव की सड़कें पूरी तरह से जर्जर हो चुकी हैं, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है. ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत देने के बावजूद प्रशासन मौन है और कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है. स्थानीय लोगों का कहना है कि इस अवैध खनन से नदियों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है.

## तिलैया डैम क्षेत्र में पर्यटन विकास के लिए डीसी की बैठक

**कोडरमा।** तिलैया डैम एवं उरांव क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में उपायुक्त श्री ऋतुराज की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में झारखंड पर्यटन विकास निगम, नाविक समिति, स्थानीय जनप्रतिनिधि और विधायक प्रतिनिधि मौजूद रहे. बैठक में पर्यटन गतिविधियों के सुचारु संचालन के लिए समिति गठन, बोट शेड निर्माण हेतु स्थल चयन और कियोस्क स्थापित करने पर चर्चा हुई. युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से एडवेंचर स्पोर्ट्स, इको टूरिज़्म, रूरल होम स्टे जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. साथ ही, एडवेंचर स्पोर्ट्स के लिए स्थल चयन और रूरल टूरिज़्म के तहत पर्यटकों के लिए ठहरने और स्थानीय व्यंजनों के विकास पर भी विचार किया गया.

## जयनगर में निर्वाचन प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न

**जयनगर।** गुरुवार को प्रखंड सभागार में विशेष संक्षिप्त गृहण पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के सफल संचालन के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ गौतम कुमार ने की. उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य अत्यंत संवेदनशील होता है और इसे पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ पूरा करना सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है. कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर कौशल प्रसाद कुशवाहा ने बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को फॉर्म 6, 7, 8 के उपयोग, आवश्यक दस्तावेजों तथा हाउस-टू-हाउस एन्यूमरेशन की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना आवश्यक है, जिससे किसी का भी मतदान अधिकार वंचित न रहे. प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी खुर्शीद मियाँ ने बीएलओ और सुपरवाइजरों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इनके बीच समन्वय से ही त्रुटिहीन और मजबूत मतदाता सूची तैयार की जा सकेगी.

### एनजीटी ने ओकनी तालाब का कायाकल्प का कार्य पूर्ण करने का दिया आदेश

# तीन जुलाई 2026 तक तय कर दी समय सीमा

**शुभम संदेश। हजारीबाग**



हजारीबाग के ऐतिहासिक ओकनी तालाब को लेकर वर्षों से चली आ रही कानूनी लड़ाई में अब एक बड़ी सफलता मिली है. नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने हजारीबाग पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के पक्ष में फैसला सुनाते हुए तालाब के कायाकल्प का रुका हुआ कार्य 3 जुलाई 2026 तक पूरा करने का आदेश दिया है. यह आदेश 3 जुलाई 2025 को ट्रिब्यूनल के जस्टिस बी. अमित स्थालेकर (ज्यूडिशियल मेंबर) और एक्सपर्ट मेंबर अरुण कुमार वर्मा द्वारा सुनाया गया. पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के अध्यक्ष जयगोपाल राय द्वारा प्रस्तुत तथ्यों और विभिन्न जांच रिपोर्टों के आधार पर यह निर्णय लिया गया. रिपोर्टों में साफ तौर पर तालाब की गंदगी, नाली का पानी गिरने और कचरा फेंके जाने की पुष्टि हुई थी.

ट्रिब्यूनल ने जिला उपायुक्त हजारीबाग को जिम्मेदारी दी है कि वे यह सुनिश्चित करें कि तालाब को प्रदूषित करने और कचरा डालने वालों की पहचान कर उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए. साथ ही, एक समग्र एक्शन प्लान बनाकर तालाब के संरक्षण की दिशा में कार्य प्रारंभ किया जाए. इस फैसले से करीब एक करोड़ 39 लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित कायाकल्प कार्यों को दोबारा गति मिलने की उम्मीद जगी है. मामले में झारखंड सरकार के प्रिंसिपल सेक्रेटरी, हजारीबाग नगर निगम, डीसी हजारीबाग और पर्यावरण मंत्रालय को पक्षकार बनाया गया था. शिकायत के बाद एनजीटी के निर्देश पर गठित उच्चस्तरीय कमिटी ने स्थल निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट सौंपी थी. इसमें तालाब में नाली का पानी गिरने, गंदगी के जमाव और जानवरों के प्रवेश जैसी समस्याओं को चिन्हित किया गया. सदर सीओ द्वारा दी गई रिपोर्ट में भी जमीन पर दावेदारी करने वाले शाहनवाज जमील के दावे को खारिज करते हुए स्पष्ट किया गया कि यह जमीन दशकों से सार्वजनिक उपयोग में रही है. रिपोर्टों के आधार पर यह निर्णय लिया गया कि 14.62 एकड़ में फैले ओकनी तालाब की स्थिति को सुधारा जाए और वहां उचित व्यवस्था की जाए.

ट्रिब्यूनल ने कार्ययोजना में स्पष्ट किया है कि तालाब में नाली का पानी नहीं गिरे, कचरा और गंदगी की रोकथाम हो, चारों ओर डस्टबिन की व्यवस्था की जाए, तालाब की फेंसिंग हो, जानवरों का प्रवेश रोका जाए और पानी में मौजूद जलकुंभी व गंदगी को हटाया जाए. इस आदेश के आते ही हजारीबाग पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के सदस्यों में उत्साह की लहर दौड़ गई. बारिश के बीच ट्रस्ट के सदस्य ओकनी तालाब पहुंचे और जीत का जश्न मनाया. पूर्व वार्ड पार्षद विशु विश्वकर्मा ने इस ऐतिहासिक जीत के लिए ट्रस्ट अध्यक्ष जयगोपाल राय और सचिव नीलेन्दु जयपुरियार को मिठाई खिलाकर बधाई दी.

# मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत कृषि यंत्र प्रदर्शनी का सफल आयोजन

### किसानों को दी गई कृषि यंत्रों की विस्तार से जानकारी

**शुभम संदेश। चतरा**



जिले के भूमि संरक्षण कार्यालय प्रांगण में मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना एवं कृषि यंत्रीकरण उप मिशन (एसएमएएम) योजना के अंतर्गत एक दिवसीय कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की (कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग), झारखंड सरकार तथा उपायुक्त कीर्तिश्री जी के निर्देशन में किया गया. इस प्रदर्शनी का उद्देश्य किसानों एवं कृषि से जुड़े हितधारकों को आधुनिक यंत्रीकृत कृषि साधनों से अवगत कराना था ताकि कृषि उत्पादन में सुधार हो और श्रम पर निर्भरता कम की जा सके.

प्रदर्शनी में ट्रैक्टर, पावर टिलर, पंप सेट, सोलर पंप सेट सहित कई अत्याधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन किया गया. इन यंत्रों के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी दी गई, जिससे वे इन उपकरणों का सही उपयोग कर अपनी खेती को अधिक लाभकारी बना सकें. कार्यक्रम में 250 से अधिक किसानों ने भाग लिया, जो इस पहल की सफलता को दर्शाता है और कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के लिए एक प्रभावी मंच साबित हुआ.

कार्यक्रम के दौरान किसानों को अनुदान एवं लाभकारी योजनाओं के तहत आवेदन प्रक्रिया की भी जानकारी प्रदान की गई. कई किसानों ने प्रदर्शनी में देखे गए तकनीकी उपकरणों को अपनाने की इच्छा जताई. भूमि संरक्षण पदाधिकारी हिमांशु कुमार ने इस कार्यक्रम को कृषि क्षेत्र में नवाचार व यंत्रीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया. उन्होंने कहा कि उपायुक्त कीर्तिश्री जी के मार्गदर्शन में यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि हर किसान, विशेषकर छोटे और मध्यम किसान, तक कृषि तकनीक की पहुंच हो और वे इसका सीधा लाभ उठा सकें. हिमांशु कुमार ने आगे बताया कि भविष्य में भी इस तरह के प्रदर्शन, प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि किसानों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जा सके. इसका उद्देश्य उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और लाभकारी खेती की ओर प्रेरित करना है.

इस अवसर पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की की दूरदर्शी सोच और किसान-केंद्रित दृष्टिकोण की भी प्रशंसा की गई. उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि ये योजनाएं जमीन पर प्रभावी ढंग से लागू हों और वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंच सकें. मंत्री के मार्गदर्शन में विभाग की टीम नवाचार, पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता देते हुए किसानों के साथ सतत संपर्क बनाए हुए है, जिससे सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाएं और अधिक प्रभावी और लाभकारी बन सकें.

इस प्रदर्शनी ने न केवल किसानों को नवीनतम कृषि यंत्रों से परिचित कराया, बल्कि उन्हें अपने खेतों में इन यंत्रों को अपनाने के लिए प्रेरित भी किया. इस तरह के आयोजन से ग्रामीण कृषि क्षेत्र में तकनीकी बदलाव की प्रक्रिया को गति मिलेगी और कृषि उत्पादन में सुधार होगा. साथ ही, श्रम लागत में कमी के साथ किसानों की आय में वृद्धि भी संभव होगी. इस प्रकार, मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना एवं स्माम योजना के तहत आयोजित यह एक दिवसीय प्रदर्शनी कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने तथा किसानों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है. सरकार की यह पहल किसानों के कल्याण और कृषि क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हो रही है.

## डॉ. अशोक कुमार ने सिविल सर्जन के रूप में संभाला कार्यभार



**हजारीबाग।** स्वास्थ्य विभाग में महत्वपूर्ण बदलाव के तहत डॉ. अशोक कुमार ने नए सिविल सर्जन के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है. इस मौके पर डॉ. राहुल कुमार सिंह ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे और उन्होंने डॉ. अशोक कुमार का गर्मजोशी से अभिनंदन किया. डॉ. अशोक कुमार ने अपने पदभार संभालते हुए कहा कि वे जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत तथा जनता के लिए सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं. उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर जिला अस्पताल तक सभी स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने को अपनी प्राथमिकता बताया. उनका उद्देश्य है कि हजारीबाग के लोगों को बेहतर और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएं. स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और स्थानीय जनता ने डॉ. अशोक कुमार के नेतृत्व में जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जताई है. उनका मानना है कि डॉ. कुमार के प्रयासों से हजारीबाग की स्वास्थ्य व्यवस्था नई ऊँचाइयों को छूएगी और यहां के लोग बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे.

## 'संगठन सृजन 2025' के तहत कांग्रेस का प्रशिक्षण शिविर आज




**शुभम संदेश। हजारीबाग**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से 'संगठन सृजन 2025' अभियान के तहत एक विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है. यह प्रशिक्षण शिविर 11 जुलाई (शुक्रवार) को पूर्वाह्न 11 बजे हजारीबाग के कार्मल स्कूल चौक स्थित पैराडाइज बैंक्वेट हॉल में आयोजित किया जाएगा. इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसमें हजारीबाग, रामगढ़, चतरा और कोडरमा जिलों के प्रखंड पर्यवेक्षक, प्रखंड अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष शामिल होंगे. प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य कांग्रेस संगठन की जमीनी मजबूती और कार्यकर्ताओं में सांगठनिक चेतना को बढ़ाना है. कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के आमंत्रित सदस्य एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी के. राजू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे. उनके साथ अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव एवं प्रदेश के उप प्रभारी श्रीबेला प्रसाद और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश भी विशेष रूप से भाग लेंगे. इसके अतिरिक्त झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी इस मौके पर मौजूद रहेंगे. जानकारी जिला कांग्रेस कमिटी के मीडिया अध्यक्ष निसार खान ने दी है.

### एचजेडबी आरोग्यम कुणाल महिला व बाल अस्पताल की सराहनीय पहल

## निःशुल्क मेगा स्त्री रोग जांच शिविर कल

**शुभम संदेश। हजारीबाग**



महिला स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए एचजेडबी आरोग्यम कुणाल महिला एवं बाल अस्पताल हजारीबाग द्वारा 12 जुलाई, शनिवार को एक भव्य निःशुल्क मेगा स्त्री रोग जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है. यह शिविर सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक अस्पताल परिसर, इमली कोठी, लिटिल एंगल्स स्कूल के समीप आयोजित होगा. शिविर का उद्देश्य हजारीबाग समेत आसपास के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को समय पर स्त्री रोगों की जांच, पहचान और विशेषज्ञ परामर्श प्रदान करना है, जिससे वे गंभीर बीमारियों से बच सकें और उचित समय पर इलाज शुरू कर सकें. शिविर में निःशुल्क जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिनमें हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, ब्लड ग्रुप, यूरिन रूटीन और अल्ट्रासाउंड स्क्रीनिंग जैसी जरूरी प्राथमिक जांचें शामिल हैं. गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है, जिसमें गर्भावस्था के दौरान सामान्य एवं असामान्य लक्षणों जैसे चक्कर आना, पीठ दर्द, पेट में खिंचाव, सिरदर्द आदि का विश्लेषण कर उन्हें उचित समाधान दिया जाएगा. इसके अतिरिक्त निःसंतान दंपतियों को भी विशेषज्ञों द्वारा परामर्श दिया जाएगा ताकि वे बांझपन के कारणों को समझकर इलाज की शुरुआत कर सकें. साथ ही मासिक धर्म की अनियमितता, फाइब्रॉयड, सिस्ट, एंडोमेट्रियोसिस, प्रजनन तंत्र के कैंसर, मूत्र असंयम, सफेद पानी की समस्या, खुजली, सूखापन और प्रसवोत्तर जटिलताओं जैसी जटिल स्त्री रोगों का भी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परीक्षण एवं परामर्श किया जाएगा.

शिविर में देश-विदेश से उच्च शिक्षित और अनुभवी महिला रोग विशेषज्ञों की टीम मौजूद रहेगी, जो संवेदनशीलता और आधुनिक तकनीक के साथ महिलाओं की स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करेंगी. अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने बताया कि, ₹हर महिला का स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है. इस शिविर के माध्यम से हम महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना चाहते हैं ताकि वे समय रहते सही परामर्श और उपचार प्राप्त कर सकें.₹ शिविर में भाग लेने के लिए पूर्व पंजीकरण अनिवार्य है. इच्छुक महिलाएं 9031074363 या 9031074364 पर संपर्क कर रजिस्ट्रेशन करवा सकती हैं.

**एक नजर**

## गुरु पूर्णिमा पर साईं मंदिर नवाबगंज में भव्य भंडारा का हुआ आयोजन



**हजारीबाग।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुवार को साईं परिवार, हजारीबाग (रजिस्ट्रेशन सं. 8188/19) द्वारा नवाबगंज स्थित साईं मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया. सुबह से ही मंदिर परिसर भक्तों की भीड़ से सराबोर हो उठा. श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा से बाबा का पूजन, अभिषेक, भजन-कीर्तन और आरती में भाग लिया. सुबह साईं बाबा की विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात मंदिर में संगीतमय भजन और आरती की प्रस्तुति हुई. 'ॐ साईं राम' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया. दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारा प्रारंभ हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूरी, सब्ज़ी और हलवे का स्वादिष्ट प्रसाद ग्रहण किया. रिमझिम बारिश के बीच भी भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ. बारिश की फुहारों के साथ-साथ श्रद्धा की बूंदें भी मन में उतरती रहीं. आयोजन में साईं परिवार के सभी सदस्यों ने सेवा भावना के साथ व्यवस्था संभाली. पुरुषों, महिलाओं और युवाओं की टोली ने मिलकर पूरे कार्यक्रम को सफल बनाया. यह भंडारा न केवल धार्मिक आयोजन था, बल्कि सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक एकता का प्रतीक भी बना. हर वर्ष गुरु पूर्णिमा पर आयोजित यह कार्यक्रम श्रद्धालुओं के लिए परंपरा का रूप ले चुका है. समापन साईं बाबा की महाआरती के साथ हुआ, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने एक स्वर में बाबा से आशीर्वाद की कामना की.

## हजारीबाग में तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शुरू



**हजारीबाग।** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल की निर्वाचित महिला मुखियाओं के लिए 'सशक्त पंचायत नेत्री अभियान' विषय पर तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत प्रमंडलीय पंचायत प्रशिक्षण संस्थान, जबरा, हजारीबाग में की गई. कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन हजारीबाग के उपविकास आयुक्त इस्तियाक अहमद एवं जिला पंचायत राज पदाधिकारी रजत अनूप कच्छप द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया. प्रशिक्षण का उद्देश्य महिला जनप्रतिनिधियों की नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता और पंचायत स्तर पर शासन में भागीदारी को और मजबूत करना है, जिससे वे अपने क्षेत्र में विकास कार्यों को प्रभावी रूप से संचालित कर सकें. पहले दिन प्रशिक्षण में कुल 100 महिला मुखियाओं ने भाग लिया. मुख्य अतिथि उपविकास आयुक्त ने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें स्वावलंबी निर्णय लेने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने उम्मीद जताई कि यह प्रशिक्षण हजारीबाग को राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी जिला बनाने में सहायक सिद्ध होगा.

## एनएच 33 का सर्विस रोड बना तालाब, ग्रामीण हैं परेशान

**चरही।** लगातार हो रही बारिश के कारण एनएच 33 का चरही स्थित सर्विस रोड तालाब में तब्दील हो गया है. बारिश का पानी निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण सड़क पर जमा हो जाता है, जिससे लोगों को आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है. स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे नाली का निर्माण सिर्फ कुछ ही दूरी तक किया गया है, जिससे पानी की निकासी बाधित हो रही है. यही नहीं, सड़क किनारे बने मकानों की छत से गिरने वाला पानी भी सड़क पर बहकर जमा हो रहा है. इस कारण बारिश के समय यह सड़क पूरी तरह जलमग्न हो जाती है और तालाब का रूप ले लेती है. रात के समय इस सड़क से गुजरना लोगों के लिए बेहद खतरनाक हो गया है. दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है. गंदा पानी जमा होने से मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है, जिससे बीमारियों के फैलने की संभावना बढ़ गई है. ग्रामीणों ने एनएचएआई (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) से मांग की है कि सड़क पर जमा पानी की निकासी के लिए जल्द से जल्द नाली निर्माण कराया जाए, ताकि लोगों को बारिश में परेशानी से मुक्ति मिल सके और सड़क की स्थिति भी सुधर सके.

## बड़कीधमराय पंचायत भवन में ज्ञान केंद्र का उद्घाटन

**चंदवारा।** गुरुवार को चंदवारा प्रखंड के बड़कीधमराय पंचायत भवन में झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत ज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया गया. बीडीओ सुमित कुमार मिश्रा और पंचायत मुखिया सरजू वर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इस ज्ञान केंद्र का शुभारंभ किया. इस अवसर पर बीडीओ सुमित कुमार मिश्रा ने कहा कि यह केंद्र छात्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनके उज्ज्वल भविष्य में अहम भूमिका निभाएगा. पंचायत मुखिया सरजू वर्मा ने कहा कि इस ज्ञान केंद्र से विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे. ज्ञान केंद्र में बच्चों के लिए समाज ज्ञान, मैगजीन, उपन्यास और अन्य शैक्षिक पुस्तकों के साथ-साथ कंप्यूटर की भी व्यवस्था की गई है, जिससे बच्चे आधुनिक तकनीक का भी लाभ उठा सकेंगे. इस अवसर पर पंचायत सेवक महेश कुमार किस्कु, राहुल कुमार, सरिता देवी, बिनोद पासवान, शारदा देवी, मुकेश साव, मनीष कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे. यह पहल स्थानीय बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी.

## उमरा यात्रियों का मक्का मुअज्जमा के लिए स्वागत

**कोडरमा।** मक्का मुअज्जमा उमरा पर जाने वाले 13 आजमीनो का बुधवार को कोडरमा में गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया और वे सुबह रांची हवाई अड्डा के लिए रवाना हुए. स्वागत समारोह में उन्हें फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया. उमरा पर जाने वालों में मदीना नगर असनाबाद करमा के वसील अहमद, नाज़नीन परवीन, जीनत निशा और शबनम बानो शामिल हैं, जो एक ही परिवार से हैं. इस मौके पर दारुल कजा शरिया के काजी-ए-शरियत व मुस्लिम मैरिज रजिस्ट्रार झारखंड सरकार कोडरमा के मुफ्ती नसीम कासमी ने सामूहिक दुआ कराई. उन्होंने देश की तरक्की, खुशहाली और उमरा यात्रा की सफलता के लिए दुआ मांगी. मुफ्ती नसीम ने बताया कि उमरा अल्लाह की इबादत का एक अनूठा अवसर है, जो विश्वास को नवीनीकृत करने और पापों की माफी मांगने का साधन है.

**खतरा** चरही घाटी बन गई एक्सिडेंटल जोन, हर दिन लील रही हैं जिंदगियां

# तीव्र घुमावदार सड़कें बन रहीं मौत की वजह

**शुभम संदेश। चरही**



हजारीबाग जिला अंतर्गत चरही थाना क्षेत्र की चरही घाटी अब 'एक्सिडेंटल ज़ोन' बन चुकी है. यूपी मोड़ के पास स्थित इस घाटी में आए दिन सड़क दुर्घटनाएं घट रही हैं, जिनमें अब तक सैकड़ों वाहन पलट चुके हैं और कई लोगों की जान जा चुकी है. इलाके के लोग अब इस घाटी को 'खूनी घाटी' कहने लगे हैं. इस घाटी में सड़कें न केवल ढलान वाली हैं, बल्कि उनमें तीव्र घुमावदार मोड़ भी हैं, जो वाहनों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रही हैं. खासकर बाहर से आने वाले वाहन चालकों को इस सड़क की जानकारी न होने और तेज रफ्तार के कारण जानलेवा दुर्घटनाएं हो रही हैं. चरही घाटी में हर दिन कोई न कोई वाहन दुर्घटनाग्रस्त होता है. स्थानीय लोगों की मानें तो एनएच (राष्ट्रीय राजमार्ग) विभाग ने अभी तक इस समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है. अगर समय रहते यहां सड़क सुधार, ब्रेकर की व्यवस्था और उचित चेतावनी संकेत नहीं लगाए गए, तो हादसों की संख्या और बढ़ सकती है.

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि घुमावदार सड़कों को सीधा किया जाए और स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं, तो हादसों की संख्या में काफी कमी आ सकती है. इसके साथ ही ट्रैफिक संकेत और सावधानी बोर्ड लगाना भी बेहद जरूरी है, ताकि चालक सतर्क हो सकें. चरही-घाटो मोड़ के पास स्थित तीन मुहाना सड़क भी जानलेवा बन चुकी है. तीन दिशाओं से आने वाले भारी वाहनों के कारण यहां सड़क पार करना बेहद खतरनाक हो गया है. स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्हें सड़क पार करने में 15 मिनट से भी ज्यादा समय लग जाता है. कई लोग इस मोड़ पर जान भी गंवा चुके हैं. सबसे बड़ी चिंता कोलियरी क्षेत्र से आने वाले भारी हाइवा वाहनों की है, जो तेज रफ्तार में दौड़ते हैं और कई बार निर्दोष राहगीरों की जान ले चुके हैं. इन वाहनों पर नकेल कसने की आवश्यकता है. स्थानीय लोग जिला प्रशासन और एनएच विभाग से मांग कर रहे हैं कि सड़क को चौड़ा और सीधा किया जाए, जगह-जगह स्पीड ब्रेकर और चेतावनी संकेत लगाए जाएं. तीन मुहाना पर ट्रैफिक सिग्नल और पैदल यात्री क्रॉसिंग बनाई जाए और हाइवा वाहनों की गति पर नियंत्रण के लिए निगरानी बढ़ाई जाए. अगर समय रहते इन सुझावों पर अमल नहीं हुआ तो चरही घाटी और चरही-घाटो मोड़ आने वाले दिनों में और अधिक खतरनाक साबित हो सकते हैं. प्रशासन को चाहिए कि वह लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए तुरंत कार्रवाई करे, ताकि आए दिन होने वाली जानलेवा घटनाओं को रोका जा सके.

# बच्चा चोरी कर बेचने के मामले में पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**शुभम संदेश। हजारीबाग**



बड़ा बाजार थाना क्षेत्र से बच्चा चोरी कर उसे बेचने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए दोनों आरोपी न्यायिक हिरासत में भेज दिए गए हैं. पुलिस की तत्परता से चोरी हुआ बच्चा सकुशल बरामद कर लिया गया है और उसे उसकी मां को सौंप दिया गया है. मामला 18 अप्रैल का है, जब वादिनी चादो पासी, पति मिथलेश पासी, वर्तमान निवासी झोपड़ी पट्टी, सरना मैदान, थाना बड़ा बाजार ओ०पी०, हजारीबाग ने थाना में आवेदन देकर अपने डेढ़ वर्षीय पुत्र मालिक पासी के लापता होने की सूचना दी थी. आवेदन के आधार पर बड़ा बाजार ओ०पी० में कांड संख्या 116/25 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया. जांच के क्रम में 5 वर्षीय एक बच्चे ने बताया कि उसने मालिक पासी को एक व्यक्ति के साथ सागर होटल, लक्ष्मी सिनेमा हॉल के पास देखा था. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया. पूछताछ में उन्होंने अपने नाम छोटु विश्वकर्मा उर्फ टिंकु (पिता सुरेश विश्वकर्मा, निवासी दरिया बारका, थाना ईचाक) और रोहित कुमार (पिता स्व. रविन्द्र राम, निवासी लेपो रोड, थाना सदर) बताए. दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने सुदीप स्वर्णकार और उसकी पत्नी सीमा शर्मा के साथ मिलकर बच्चे का अपहरण किया था और उसे गिरिडीह जिले के सरिया थाना क्षेत्र के बालीडीह गांव निवासी सरिता देवी (पति संतोष ठाकुर) को बेच दिया था. पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बच्चे को बरामद कर उसकी मां को सौंप दिया. इस अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद, बड़ा बाजार ओपी प्रभारी पुअनि बिट्टू रजक, पुअनि राहुल कुमार, पुअनि रमेश हजाम, महिला आरक्षी बैजन्ती कुमारी और रिजर्व गार्ड की अहम भूमिका रही. पुलिस अन्य संलिप्त व्यक्तियों की तलाश में जुटी हुई है.

## ब्रीफ न्यूज

### अमीन प्रशिक्षण परीक्षा में रिश्वत मांगने का मामला उजागर

**इटकी।** प्रखंड में अमीन प्रशिक्षण परीक्षा में पास कराने के नाम पर रिश्वत मांगने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है. नव भारत निर्माण संस्थान द्वारा स्व-नियोजन के तहत 350 रुपये लेकर आयोजित इस अमीन प्रशिक्षण कार्यक्रम में मार्च माह से दो महीने तक हर रविवार प्रशिक्षण दिया गया. इसके बाद 25 मई को पंचायत सचिवालय में परीक्षा आयोजित की गई. परीक्षा में खराब अंक आने पर प्रशिक्षक ने परीक्षार्थियों से पास कराने के लिए पैसे मांगे. एक आदिवासी छात्र ने बताया कि प्रशिक्षक ने फोन (9234847865) कर कहा कि यदि हर विषय में पास होना है तो 500 रुपये और सेकंड डिविजन से पास होना है तो 1000 रुपये पेटीएम (7091876037) के जरिए भेजने होंगे.

### राधा तिर्की बनीं झामुमो महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष

**लोहरदगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए जिला परिषद सदस्य श्रीमती राधा तिर्की को महिला मोर्चा का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है. इस घोषणा के बाद पूरे क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है. कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने उन्हें बधाइयाँ दी हैं. अपनी नियुक्ति पर श्रीमती तिर्की ने झामुमो के केंद्रीय नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि संगठन ने जो विश्वास जताया है, वह उस पर पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास करेंगी.

### विस्थापित ग्रामीणों व प्रबंधन के बीच सफल वार्ता

**पिपरवार।** पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में गुरुवार को कोल इंडिया लिमिटेड (सीसीएल) प्रबंधन और राजधर साइडिंग से विस्थापित हुए ग्राम राजधर, कनौदा एवं बहेरा के ग्रामीणों के बीच वार्ता सम्पन्न हुई. इस बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजीव कुमार और कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग ने की. बैठक में 30 जून को ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए मांग पत्र पर विस्तार से चर्चा हुई. विस्थापित ग्रामीणों ने प्रमुख रूप से अपनी पहचान को मान्यता देने और साइडिंग से जुड़े सभी कार्यों में रोजगार सुनिश्चित करने की मांग उठाई. ग्रामीणों ने बताया कि कुछ लोग स्वयं को रैयत बताकर असली विस्थापित रैयतों के अधिकारों पर सवाल उठा रहे हैं और साइडिंग क्षेत्र का माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं.

### बीआरपी-सीआरपी मास्टर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न

**लोहरदगा।** झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा के तत्वावधान में विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से बीआरपी-सीआरपी मास्टर प्रशिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर डाइट चीरी, लोहरदगा में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ. प्रशिक्षण के दूसरे व अंतिम दिन मास्टर ट्रेनर दीनबंधु डे एवं अरुण साहू द्वारा प्रशिक्षण दिया गया.

### पूर्व शिक्षक रॉबर्ट फ्रांसिस मैनुअल का मुंबई में निधन

**इटकी।** जगन्नाथ मंदिर परिसर में पूर्व में संचालित जेनिफर मेमोरियल हाई स्कूल के प्रिंसिपल रॉबर्ट फ्रांसिस मैनुअल उर्फ रॉबर्ट सर (61) का बुधवार को मुंबई में निधन हो गया. वर्तमान में वह कोल्हापुर के सेवेंथ-डे एडवेंटिस्ट स्कूल में अध्यापन कार्यरत थे. करीब दो दशक पूर्व रॉबर्ट सर ने इटकी के मॉर्डन इंग्लिश स्कूल में अंग्रेजी शिक्षक के रूप में सेवा दी.

---

सेवा और सूचना के अधिकार अधिनियम पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर हुई चर्चा

**शुभम संदेश। सिमडेगा**



उपायुक्त निर्देशानुसार समाहरणालय सभागार में सेवा का अधिकार अधिनियम 2011 और सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 से संबंधित एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला की अध्यक्षता अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र ने की. इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य इन दोनों महत्वपूर्ण अधिनियमों से संबंधित जानकारी प्रदान करना तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा करना था.

कार्यशाला में जिला स्तरीय पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे. सेवा का अधिकार अधिनियम 2011 के तहत सेवाओं के प्रकार, सेवा प्रदान करने की अवधि, समय पर सेवा नहीं देने की स्थिति में लागू कार्रवाई एवं संबंधित शस्तियों की जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई. अधिकारियों को अधिनियम के प्रावधानों के बारे में जागरूक कर उनके बेहतर और प्रभावी कार्यान्वयन हेतु मार्गदर्शन भी किया गया. साथ ही, सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्ति के नियम, सूचना देने की अवधि, सूचना अधिकारी, प्रथम और द्वितीय अपीलीय अधिकारियों की भूमिका एवं उनके दायित्वों पर भी चर्चा की गई. अधिनियम के अनुसार सूचना न देने की स्थिति में की जाने वाली कार्रवाई को भी विस्तार से समझाया गया ताकि अधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन प्रभावी ढंग से कर सकें.

कार्यशाला में नागरिकों के अधिकारों और अधिकारियों की जिम्मेदारियों पर भी गहन चर्चा हुई. इस अवसर पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्री दयानंद कार्जी, जिला कृषि पदाधिकारी श्री मुनेंद्र दास, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री पवन कुमार महतो, अनुमंडल पदाधिकारी श्री प्रभात रंजन ज्ञानी, परिवहन पदाधिकारी संजय बखला सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी उपस्थित थे. यह कार्यशाला सेवा एवं सूचना के अधिकार अधिनियम के सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करने में सहायक सिद्ध हुई. इस कार्यक्रम के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को अपने दायित्वों के प्रति और अधिक जागरूकता प्राप्त हुई, जिससे वे जनता को बेहतर सेवाएं और पारदर्शिता के साथ सूचना उपलब्ध कराने में सक्षम होंगे.

---

वेदव्यास जयंती पर बोले ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य

# ज्ञान के भंडार थे वेदव्यास

**शुभम संदेश। लोहरदगा**



ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर आदि गुरु वेदव्यास जी की जयंती अत्यंत श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाई गई. इस अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे. कार्यक्रम की शुरुआत मंत्रोच्चार और पुष्पांजलि से की गई. विद्यालय के प्राचार्य एसके झा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आदि गुरु वेदव्यास जी एक दिव्य पुरुष थे, जिनके भीतर ज्ञान का अथाह भंडार था.

उन्होंने कहा कि ऐसे महान व्यक्तित्वों की जीवनी से हमें प्रेरणा लेकर अपने जीवन को सार्थक बनाने का प्रयास करना चाहिए. शिक्षक रामचंद्र गिरि ने वेदव्यास जी के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वेद अपौरुषेय हैं और व्यास जी ने इन्हें ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद और अथर्ववेद में विभाजित कर जनमानस के लिए सुगम बनाया. उन्होंने महाभारत एवं 18 पुराणों की रचना कर संपूर्ण मानव जाति को अमूल्य ज्ञान प्रदान किया. कार्यक्रम में छात्रों द्वारा गुरु वंदना और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं. अंत में सभी ने आदि गुरु वेदव्यास जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया.

### गुरु पूर्णिमाः भारतीय संस्कृति और एकता का प्रतीक

**गुमला।** भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोपरि रहा है और गुरु पूर्णिमा इस परंपरा का जीवंत प्रतीक है. विभिन्न धर्मों और संप्रदायों में भी इस दिन का विशेष महत्व है. चाहे वह जैन धर्म हो, बौद्ध धर्म, सिख धर्म या अन्य, गुरु पूर्णिमा को सभी ने अपने-अपने तरीके से सम्मानित किया है. ऋषि पराशर के पुत्र कृष्ण द्वैपायन, जिन्हें वेद व्यास कहा जाता है, ने महाभारत की रचना की और वेदों को चार भागों में विभाजित किया. उनकी स्मृति में ही गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है. हिंदू मान्यताओं के अनुसार भगवान शिव को प्रथम गुरु माना गया है. महात्मा बुद्ध ने भी इसी दिन अपने पांच शिष्यों को प्रथम उपदेश दिया था, जबकि जैन धर्म में महावीर स्वामी ने गौतम स्वामी को इसी दिन ज्ञान देकर गुरु रूप में स्वयं को स्थापित किया. ऐसे अनेक ऐतिहासिक और धार्मिक संदर्भ इस पर्व की महत्ता को सिद्ध करते हैं. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी इस दिन को विशेष रूप से महत्व दिया है. संघ के स्वयंसेवक भगवा ध्वज को गुरु रूप में स्वीकार कर गुरु दक्षिणा अर्पित करते हैं. गुरु पूर्णिमा न केवल अध्यात्मिक ज्ञान का उत्सव है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति की एकता और अखंडता का कवच भी है.

### अवैध खनन व तस्करी के खिलाफ 14 जुलाई को धरना -प्रदर्शन

**गुमला।** बॉक्साइट माइन्स रैयत मजदूर समिति गुमला के तत्वाधान में अवैध बॉक्साइट उत्खनन एवं माइनिंग एक्ट का उल्लंघन कर चल रहे पत्थर क्रेशर के लीजधारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर 14 जुलाई को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा. यह जानकारी समिति के संयुक्त जिला सदस्य प्रदीप मुंडा ने दी. उन्होंने बताया कि खनन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध बॉक्साइट उत्खनन और पत्थर-बालू की तस्करी खुलेआम हो रही है. विभाग को इसके बारे में जानकारी होते हुए भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है. प्रदीप मुंडा ने कहा कि एनजीटी के नियमों के बावजूद बालू की अवैध तस्करी लगातार जारी है. शासन प्रशासन खनन कार्यों पर नजर रखने में पूरी तरह असफल साबित हो रहा है और इस मौनता से उसकी कर्तव्यनिष्ठा और पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं. समिति ने अवैध खनन रोकने और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की है. धरना प्रदर्शन के माध्यम से समिति प्रशासन से तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की उम्मीद कर रही है ताकि क्षेत्र में नियमों का उल्लंघन बंद हो और खनन कार्य नियंत्रित हो सके.

---

# आंगनबाड़ी व विद्यालयों तक पहुंचाएं नल कनेक्शनः डीसी



**शुभम संदेश। लोहरदगा**

समाहरणालय सभाकक्ष में बुधवार को उपायुक्त डॉ. ताराचंद की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों में संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए. उपायुक्त ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत सभी ग्रामीण परिवारों को शत-प्रतिशत स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है. जिन गांवों में अब तक फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन नहीं दिए गए हैं, वहां कार्ययोजना बनाकर जल्द कार्य पूरा करें. सिंगल विलेज स्कीम के अंतर्गत जिन योजनाओं का कार्य अंतिम चरण में है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए. उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिन योजनाओं का कार्य पूरा हो चुका है, उनका समय पर सर्टिफिकेशन कराना अनिवार्य है. इसके साथ ही प्रत्येक पंचायत में जलकर समिति गठित करने को कहा गया, जो स्थानीय स्तर पर जल कर का निर्धारण एवं संग्रहण करेगी. यह राशि नल-जल योजनाओं के रखरखाव और मरम्मत में उपयोग की जाएगी. डॉ. ताराचंद ने समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिन आंगनबाड़ी केंद्रों तक अभी नल कनेक्शन नहीं पहुंचा है, उनका सर्वे कराकर उन्हें जल जीवन मिशन से जोड़ा जाए. साथ ही, जिला शिक्षा अधीक्षक को सरकारी विद्यालयों में भी पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए गए.

# पुरनाडीह कांटाघर में चोरी, वारदात सीसीटीवी में कैद

**शुभम संदेश। पिपरवार**



पुरनाडीह कांटा घर में बीती रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर बड़ी मात्रा में सामग्री चोरी कर ली. घटना करीब रात 11 बजे की है, जिसमें करीब 21 पीस बैट्री, इनवर्टर मशीन, प्रिंटर समेत अन्य कई सामान चोरी हुए. वारदात कांटा घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी तरह कैद हो गई है. बताया गया कि चोरी के समय कांटा घर में तैनात एकमात्र सुरक्षाकर्मी लैटू उंराव खराब मौसम और बारिश के कारण बगल के ऑफिस में चला गया था. इसी मौका का फायदा उठाकर चोरों ने चोरी को अंजाम दिया. चोरी की जानकारी सुरक्षाकर्मी को बाद में हुई और उसने तुरंत विभाग को सूचित किया. इससे पहले भी पुरनाडीह कांटा घर में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं. पुलिस और संबंधित विभाग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है. पिपरवार थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और जल्द ही चोरों को पकड़ कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी. वहीं, परियोजना पदाधिकारी एसके सिंह ने कहा कि विभागीय जांच भी जारी है और ड्यूटी में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएगी.

# जिला प्रशासन की पहल से शासन-जनता के बीच बढ़ा विश्वास

**शुभम संदेश। सिमडेगा**

जिला प्रशासन द्वारा आम जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर आयोजित जनता दरबार में एक बार फिर सैकड़ों लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं. उपायुक्त कंचन सिंह के निर्देशानुसार समाहरणालय परिसर में आयोजित इस दरबार की अध्यक्षता अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र ने की. कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों सहित शहरी क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे. जनता दरबार में राशन वितरण, रोजगार, भूमि विवाद, निर्माण कार्य, सरकारी सहायता जैसे व्हीलचेयर की मांग से संबंधित समस्याएं सामने आईं. विशेष रूप से एक दिव्यांग व्यक्ति ने व्हीलचेयर की मांग रखी, जिसे अधिकारियों ने गंभीरता से लेते हुए त्वरित समाधान का आश्वासन दिया. वहीं, एक नागरिक ने धुमकुरड़िया भवन निर्माण के लिए कार्य आदेश की मांग की. अन्य लोगों ने राशन कार्ड में नाम कटौती, विवाह रसीद निर्गत करने में विलंब, और अवैध जमीन बिक्री जैसी शिकायतें प्रस्तुत कीं.

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने प्रत्येक नागरिक की बात को गंभीरता से सुना. संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए सभी आवेदनों को यथाशीघ्र आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया. अपर समाहर्ता ने कहा कि प्रत्येक समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा ताकि नागरिकों को राहत मिल सके.

---

**गुमला** | धरती आबा जनजातीय जागृत अभियान के तहत लगे 603 शिविर

# सवा दो लाख ग्रामीणों ने उठाया सरकारी सेवाओं का लाभ

**शुभम संदेश। गुमला**



केंद्र और राज्य सरकार की संयुक्त पहल धरती आबा जनजातीय जागृत अभियान के अंतर्गत गुमला जिले में अब तक 603 पंचायत स्तरीय शिविरों का आयोजन किया गया है. इन शिविरों में लगभग 2.25 लाख से अधिक ग्रामीणों ने भाग लिया और विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ उठाया. इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पीवीजीटी (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह) बहुल गांवों में ग्रामीणों को सरकारी सेवाएं उनके गांव के स्तर पर ही उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें. शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य, पोषण, पेंशन, प्रमाण पत्र, आधार सुधार, मनरेगा और अन्य डिजिटल सेवाओं की सुविधाएं एक ही स्थान पर दी जा रही हैं. पहले जिन कार्यों के लिए लोगों को प्रखंड कार्यालय जाना पड़ता था, अब वे सुविधाएं पंचायत सचिवालय पर ही सुलभ हो गई हैं, जिससे समय, श्रम और धन की बचत हो रही है.

शिविरों में अब तक आयुष्मान भारत योजना के तहत 5632 लोगों ने गोल्डन कार्ड के लिए आवेदन किया, जिनमें से 5109 को कार्ड जारी कर दिए गए हैं. जाति प्रमाण पत्र के लिए 3095 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 2132 को मौके पर ही प्रमाण पत्र प्रदान किया गया. पेंशन योजनाओं के तहत (वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग) 4603 आवेदन आए, जिनमें से 2838 को स्वीकृति दी गई. पोषण अभियान में 2090 नागरिकों को पोषण संबंधी सेवाएं व जागरूकता दी गई. आधार कार्ड निर्माण/सुधार को लेकर 3061 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 2398 का निष्पादन कैंप में ही किया गया. मनरेगा के तहत 7315 लोगों ने रोजगार के लिए आवेदन दिया, जिसमें से 5726 को योजनाओं से जोड़ते हुए जॉब कार्ड जारी किए गए. सिकल सेल जांच के तहत 13727 लोगों की जांच की गई. उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यह सिर्फ सेवा वितरण का माध्यम नहीं है, बल्कि जनजातीय समुदाय को योजनाओं से जोड़ने, उन्हें जागरूक करने और सरकारी तंत्र में विश्वास बढ़ाने की दिशा में एक ठोस प्रयास है. उन्होंने यह भी बताया कि शिविरों में हर नागरिक को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है और पात्र लोगों को समय पर लाभ देने की प्रक्रिया लगातार जारी है. यह अभियान 15 जुलाई तक चलाया जाएगा, जिसमें और अधिक गांवों को जोड़ा जाएगा ताकि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा सके. धरती आबा अभियान जनजातीय समाज को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बनता जा रहा है.

### गुमला में 13 जुलाई को निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर

**गुमला।** जन विकास ट्रस्ट द्वारा 13 जुलाई, रविवार को गुमला-लोहरदगा रोड स्थित निराला आई हॉस्पिटल में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन सह लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएगा. यह शिविर नेत्र रोगियों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जहां देश के प्रसिद्ध शंकर नेत्रालय, चेन्नई के विशेषज्ञ सेवाएं देंगे. शिविर में नेत्र सर्जन सह रेटिना विशेषज्ञ डॉ. एस. कुमार और नेत्र सर्जन डॉ. आर. कुमार जेनेथ मरीजों की जांच करेंगे. जांच के उपरांत मोतियाबिंद से पीड़ित रोगियों को भर्ती कर निःशुल्क ऑपरेशन तथा लेंस प्रत्यारोपण किया जाएगा. शिविर में आने वाले सभी मरीजों को दवाइयां और चश्मा भी निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा. नेत्र चिकित्सा सहायक डॉ. नीलू ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को गुणवत्तापूर्ण नेत्र चिकित्सा उपलब्ध कराना है.

---

## एक नजर

### सदर अस्पताल में मरीजों को मिलेगी बेहतर सुविधा, स्वच्छता पर जोरः डॉ. एसएन चौधरी



**गुमला।** जिले के नए सिविल सर्जन डॉ. एसएन चौधरी ने पदभार ग्रहण करने के बाद गुरुवार को सदर अस्पताल का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्था, सफाई और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया. डॉ. चौधरी ने कहा कि जनता को सदर अस्पताल पर भरोसा है, इसलिए यहां मरीजों की संख्या काफी अधिक है, लेकिन अस्पताल की क्षमता उस अनुपात में कम है. उन्होंने आश्वस्त किया कि छोटी-छोटी त्रुटियों को जल्द दूर किया जाएगा और मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे. निरीक्षण के दौरान डॉ. चौधरी ने सफाई व्यवस्था पर असंतोष जाहिर करते हुए संबंधित प्रभारी को जरूरी दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने मरीजों से बातचीत कर अस्पताल में मिल रहे भोजन, दवाओं और इलाज की स्थिति की जानकारी ली. मरीजों ने मौजूदा सुविधाओं पर संतोष जताया, लेकिन डॉ. चौधरी ने कहा कि जो भी कमियां दिखेंगी, उन्हें दुरुस्त किया जाएगा. आयुष्मान भारत योजना के तहत भुगतान की समस्या पर उन्होंने कहा कि यह मामला विभाग के संज्ञान में लाया जाएगा और आवश्यक पत्राचार किया जाएगा. निरीक्षण के दौरान डॉ. अनुपम किशोर, राजीव कुमार, प्रवीण बाड़ा, दिनेश कुमार व राहुल कुमार भी उपस्थित थे.

### कांवर यात्रा के लिए महाकाल क्लब ने मांगी सुरक्षा

**लोहरदगा।** सावन की पहली सोमवारी को लेकर महाकाल क्लब चंद्रशेखर आज़ाद चौक तेतरतर के बैनर तले आगामी 13 जुलाई को रांची के पहाड़ी मंदिर तक विशाल पैदल कांवर यात्रा का आयोजन किया जा रहा है. लगभग 80 किलोमीटर लंबी इस यात्रा में करीब 2000 शिवभक्त शामिल होंगे. श्रद्धालुओं की सुविधाओं और सुरक्षा के मद्देनज़र महाकाल क्लब की ओर से तैयारियाँ जोरों पर हैं. गुरुवार को क्लब के आजीवन संरक्षक सह पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष बलराम कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला पुलिस कप्तान सादिक अनवर रिजवी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा से मुलाकात कर सुरक्षा व्यवस्था की मांग की. इस अवसर पर दोनों अधिकारियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित भी किया गया. प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों को कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी और कांवर यात्रा के सफल संचालन में सहयोग का अनुरोध किया. बलराम कुमार ने बताया कि यह धार्मिक आयोजन पिछले 20 वर्षों से लगातार शांतिपूर्ण और भव्य रूप में संपन्न होता आ रहा है. इस बार भी भक्तों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए रास्ते में ठहराव, भोजन, और स्वास्थ्य जैसी सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं. साथ ही 12 जुलाई को नगर क्षेत्र में एक बाइक रैली निकालकर शिवभक्तों को आमंत्रित किया जाएगा. मौके पर क्लब अध्यक्ष रितेश कुमार, महामंत्री निश्चय वर्मा, संयोजक अमित वर्मा सहित कई सदस्य उपस्थित रहे.

### श्रद्धालुओं का जत्था चारधाम यात्रा पर निकला

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत से 18 श्रद्धालुओं का एक जत्था सावन के पावन अवसर पर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंग और भगवान विष्णु के चार धामों की यात्रा पर रवाना हुआ. श्रद्धालु खलारी रेलवे स्टेशन से जयकारों के साथ निकल पड़े. यह धार्मिक यात्रा महाराष्ट्र के त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग से शुरू होकर भीमाशंकर, घृष्णेश्वर और शिरडी में साईं बाबा के दर्शन के साथ आगे बढ़ेगी. तत्पश्चात जत्था तमिलनाडु के रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग और आंध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी धाम पहुंचेगा. इसके बाद श्रीशैलम में मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग के दर्शन होंगे. इस आध्यात्मिक यात्रा में अभय केशरी, नितेश प्रजापति, तूफान भुइयां सहित कुल 18 श्रद्धालु शामिल हैं. यात्रा से पूर्व सभी ने क्षेत्रवासियों का आशीर्वाद लिया और सुरक्षित यात्रा की कामना की गई. स्थानीय लोगों ने इस धार्मिक पहल की सराहना करते हुए श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं. इस यात्रा का उद्देश्य श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण होकर पवित्र धामों के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करना है. यात्रा के अंत में सभी श्रद्धालु पिपरवार लौटेंगे.

### कोलेबिरा थाना क्षेत्र में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम

**कोलेबिरा।** गुरुवार को कम्यूनिटी पुलिसिंग ₹मोर पुलिस मोय पुलिस₹ अभियान के तहत सिमडेगा के कोलेबिरा थाना के लचरगढ़, गिरदा ओपी के जमतई, जलडेगा के टिनगिना, मुफस्सिल के पिथरा, बानो के बिंतुका एवं सिमडेगा थाना के गरजा पंचायत में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं और शिकायतों को सुनना एवं उन्हें पुलिस से जोड़ना था. कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को मानव तस्करी, सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध, महिला उत्पीड़न और डायन प्रथा जैसी संवेदनशील और महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई.

### किसानों के बीच जागरूकता कार्यक्रम और बीज वितरण

**सिमडेगा।** हर वर्ष 10 जुलाई को ₹राष्ट्रीय मत्स्य दिवस₹ मनाया जाता है, जो डॉ. हीरालाल चौधरी की स्मृति में आयोजित होता है. डॉ. चौधरी ने ओडिशा के कटक स्थित केंद्रीय अंतर्देशीय मत्स्य अनुसंधान संस्थान में भारतीय मेजर कार्प के कृत्रिम प्रजनन में ऐतिहासिक सफलता हासिल की थी. इस उपलब्धि ने भारत में जलीय कृषि को एक नई दिशा दी और देश में मछली उत्पादन क्षमता को बढ़ावा दिया. इस वर्ष राष्ट्रीय मत्स्य दिवस के अवसर पर जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा द्वारा मत्स्य किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

### चान्हो में जंगली हाथी का कहर, एक की मौत

**चान्हो।** चान्हो थाना क्षेत्र के होन्हे पाकरटोली जंगल में बुधवार को एक जंगली हाथी ने 40 वर्षीय व्यक्ति को कुचलकर मार डाला. मृतक की पहचान गोपेन उराव, पिता बन्दे उराव, ग्राम होन्हे निवासी के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि गोपेन उराव बुधवार शाम जंगल गया था लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा. गुरुवार सुबह परिजनों और गांव के लोगों ने उसकी खोजबीन शुरू की, तब जंगल में उसका शव मिला. शव की स्थिति को देखकर स्पष्ट हुआ कि उसकी मौत जंगली हाथी के हमले से हुई है. इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है. सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम और चान्हो पुलिस घटनास्थल पर पहुंची. शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है.

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनाया गया गुरु पूर्णिमा

**चांपी।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बड़की चांपी में गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं महर्षि वेदव्यास जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई. कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि वेदव्यास की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन से किया गया. इस अवसर पर विद्यालय के सभी भैया-बहनों ने महर्षि जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर आचार्यों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया. गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आचार्य लाल गौरी शंकर नाथ शाहदेव ने कहा कि इस दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था. उन्होंने वेदों, महाभारत और पुराणों की रचना कर ज्ञान की महान परंपरा स्थापित की. उन्होंने कहा कि आचार्य ही विद्यार्थियों के भविष्य का निर्माण करते हैं, अतः हमें सदैव उनके प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता रखनी चाहिए. प्रधानाचार्य मनोहर मोदी ने प्राचीन एवं आधुनिक शिक्षा प्रणाली की तुलना करते हुए कहा कि पहले की गुरुकुल प्रणाली में नैतिक और आध्यात्मिक शिक्षा पर विशेष बल दिया जाता था, जबकि आज की शिक्षा तकनीकी और व्यावसायिक पहलुओं पर केंद्रित है.

### विधायक रोशन चौधरी के प्रयास से मिला नया ट्रांसफार्मर

**पिपरवार।** बुंडू पंचायत के खपियाटोला सुखलकठवा में बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी के प्रयास से 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है. पिछले सप्ताह ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण पूरे गांव में अंधकार छा गया था, जिससे ग्रामीणों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था. इस समस्या की सूचना मिलने पर विधायक ने तुरंत विभाग से संपर्क किया और नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की पहल की. आजसू पार्टी के केरेडारी प्रखंड सचिव मोहन कुमार ने नारियल फोड़कर नए ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन किया. ट्रांसफार्मर चालू होते ही पूरे गांव में खुशी का माहौल बन गया. इस उपलब्धि के लिए ग्रामीणों ने विधायक रोशन लाल चौधरी का आभार व्यक्त किया.

**मंथन**

## गुजरात पुल हादसा: छोटी लापरवाही की बड़ी कीमत

गुजरात को सौराष्ट्र से जोड़ने वाली महिसागर नदी पर बना पुल बुधवार सुबह अचानक ढह गया, जिससे दो ट्रक, दो पिकअप और एक रिक्शा नदी में समा गए. इस हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई और आठ लोगों को बचा लिया गया. घटना ने न केवल राज्य को, बल्कि पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शोक व्यक्त करते हुए मृतकों और घायलों के लिए मुआवजे की घोषणा की है, लेकिन सवाल यह है कि क्या केवल मुआवजे से इस त्रासदी का समाधान हो सकता है? यह पुल 45 साल पुराना बताया जा रहा. ऐसे में गंभीर जांच का विषय है कि क्या इसकी समय-समय पर तकनीकी जांच और मरम्मत की गई थी? क्या इसकी वहन क्षमता की समीक्षा की गई, और क्या कोई चेतावनी या संकेत पहले से मौजूद थे? देश में ऐसी घटनाएं बताती हैं कि ढांचागत संरचनाओं की निगरानी और रखरखाव को अक्सर गंभीरता से नहीं लिया जाता. जब तक कोई दुर्घटना न हो, जिम्मेदार विभाग सोया रहता है. महिसागर पुल हादसा इसी लापरवाही का परिणाम प्रतीत होता है. इस त्रासदी में स्थानीय ग्रामीणों, खासकर मुजपुर गांव के लोगों ने जिस बहादुरी से बचाव कार्य में भाग लिया, वह सराहनीय है. मगर यह भी दर्शाता है कि आपदा प्रबंधन तंत्र तत्काल मौके पर नहीं पहुंच पाया. इस हादसे को एक चेतावनी के रूप में लिया जाना चाहिए. सरकार को सभी पुराने पुलों और ढांचों की तत्काल समीक्षा करानी चाहिए. दोषियों की पहचान कर उन पर कार्रवाई होनी चाहिए. जनहानि की भरपाई मुआवजे से नहीं, बल्कि जवाबदेही तय कर भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकने से होगी.

**नजरिया**

## कांग्रेस आत्ममंथन से संगठन सशक्तीकरण की ओर बढ़ रही

कांग्रेस नेतृत्व द्वारा 14 जुलाई को झारखंड के विधायकों, मंत्रियों और सांसदों को दिल्ली तलब किया जाना दर्शाता है कि पार्टी अब संगठनात्मक मजबूती और जनविश्वास की पुनर्स्थापना को प्राथमिकता दे रही है. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की इस पहल को केवल औपचारिक समीक्षा नहीं, बल्कि आत्ममंथन और भविष्य की रणनीति तय करने की दृष्टि से देखा जाना चाहिए. पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में न केवल चुनावी वादों की प्रगति, बल्कि सरकार में कांग्रेस की भूमिका, जनहित के मुद्दों पर सक्रियता और संगठन की जमीनी स्थिति पर खुलकर संवाद होगा. यह स्पष्ट संकेत है कि कांग्रेस हाईकमान अब झारखंड को केवल गठबंधन सहयोगी की भूमिका तक सीमित नहीं रखना चाहता, बल्कि वहां अपनी स्वतंत्र और प्रभावशाली उपस्थिति को फिर से स्थापित करना चाहता है. पिछले दिनों प्रभारी राजू द्वारा मंत्रियों के साथ की गई नौ बिंदुओं पर आधारित बैठक और वित्त मंत्री के आवास पर हुई मंत्रिस्तरीय चर्चा यह दर्शाती है कि पार्टी झारखंड में नीतिगत निर्णयों और विकास कार्यों पर बारीकी से नजर रख रही है. झारखंड कांग्रेस के लिए यह आत्मचिंतन और संगठन निर्माण का बड़ा अवसर है. यदि यह कवायद केवल कागजी समीक्षा बनकर नहीं रह जाती, तो न केवल संगठन में ऊर्जा का संचार होगा, बल्कि आगामी चुनावों में कांग्रेस अपनी राजनीतिक जमीन भी मज़बूत कर सकेगी.

# कुप्रथा की आड़ में आए दिन होती क्रूरता

अरविंद जयतिलक



**डायन के नाम पर बर्बरता आए दिन देश समाज को इसी तरह विचलित करती हैं**

**कम पढ़े-लिखे लोग अक्सर गंभीर बीमारियों ने निपटने के लिए ओझा-गुनी और तांत्रिकों की शरण लेते हैं. नतीजा ओझा-गुनी उनके अंधविश्वास का फायदा उठा कर उनका आर्थिक शोषण करते हैं और उन्हें अपराध के लिए भी उकसाते हैं.**

बिहार राज्य के पूर्णिया जिले के टेटमा गांव में जादू-टोना करने के संदेह में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की हत्या रेखांकित करने के लिए पर्याप्त है कि जागरुकता और शिक्षा के प्रचार-प्रसार के बावजूद भी हमारा समाज अभी भी अंधविश्वास जैसी बुराइयों से उबर नहीं पाया है. दुखद पहलू यह भी कि हत्यारों ने पहचान छिपाने के इरादे से उन शवों को झाड़ियों में जला दिया जो क्रूरता की चरम पराकाष्ठा है. उचित होगा कि बिहार सरकार हत्यारों को गिरफ्तार कर उनके किए की सजा दे. गौर करें तो यह पहली बार नहीं है जब जादू-टोना करने के आरोप में लोगों को मौत की नींद सुलाने की खबरें अखबारों की सुर्खियां बनी है. आए दिन इस तरह की खबरें देश-समाज को विचलित करती रहती हैं.

याद होगा गत वर्ष पहले झारखंड राज्य के गुमला के एक गांव में डायन-बिसाही का आरोप लगाकर चार लोगों की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई. गत वर्ष पहले बंगाल के मालदा में महिला के डायन होने को लेकर अफवाह फैला और उसकी निर्दयता से दोनों आंखें निकालकर मौत के घाट उतार दिया गया. हत्या से पहले उस महिला के साथ सामुहिक बलात्कार भी किया गया. गत वर्ष पहले यूपी राज्य के सोनभद्र जिले में डायन होने के शक में एक महिला की जीभ काट दी गयी. गौर करें तो अंधविश्वास की ज्यादतर निर्मम घटनाएं उन्हीं राज्यों व क्षेत्रों में देखी जा रही हैं जहां विकास और शिक्षा की लौ पूरी तरह पहुंच नहीं सकी है. अमूमन इन क्षेत्रों में रहने वाले लोग शैक्षिक रूप से तो पिछड़े हैं ही साथ ही यहां स्वास्थ्य सेवाएं भी नदारद हैं. नतीजा वे अपनी बीमारी और अस्वस्थता का मूल कारण समझने के बजाए इसे भूत-प्रेत और डायनों का प्रभाव के तौर पर मान रहे हैं. इसका दुष्परिणाम यह है कि डायन की आड़ में महिलाएं हत्यारों की शिकार बन रही हैं. शैक्षिक रूप से पिछड़े व आदिवासी बहुल राज्य झारखंड की ही बात करें तो यहां अंधविश्वास की जड़ें गहरी हैं और उसका सर्वाधिक खामियाजा महिलाओं को भुगतना पड़ रहा है.

डायन कुप्रथा पर काम कर रही स्वयंसेवी संस्थाओं की मानें तो गांव वाले ही महिलाओं को डायन के रूप में चिंहित करते हैं और फिर मौत की नींद सुला देते हैं. अपराधी इसलिए पकड़ में नहीं आते हैं कि इन घटनाओं में पूरा गांव शामिल होता है और अपराधी की पहचान नहीं हो पाती है. आधुनिकता और टेक्नालाजी से लैस होने के बावजूद भी हमारा समाज कितना पिछड़ा और अंधविश्वास से ग्रसित है इन घटनाओं से समझा जा सकता है. याद होगा गत वर्ष पहले देहरादून की एक गैर सरकारी संस्था ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि देश में तकरीबन हर साल दो सैकड़ा से अधिक महिलाओं की हत्या डायन के नाम पर होती है. ऐसे निर्दयतापूर्ण कृत्य सिर्फ पिछड़े राज्यों में ही नहीं बल्कि विकसित राज्यों में भी होती हैं.

उदाहरण के तौर पर आंध्र में हर साल 30 से अधिक महिलाओं की हत्या डायन के नाम पर होती है. केरल में भी इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं. लिटिगेशन एंड एनटाइटिलमेंट केंद्र के अनुसार डायन बताकर महिलाओं की हत्या के मामले में हरियाणा और ओडिशा भी पीछे नहीं है. विगत डेढ़ दशकों में देश में डायन के नाम पर 2500 से अधिक महिलाओं की हत्या हो चुकी है. देखा जाए तो दिल दहलाने वाली ये घटनाएं मामूली नहीं है. जहां एक ओर देश में महिलाएं पंचायतों में अहम सहभागी बन रही हैं, नित नए बुलंदियों को चुम रही हैं और संसद में भी अपना लोहा मनवा रही हैं वही डायन के नाम पर उनकी निर्ममतापूर्वक हत्या हो रही है. समाज के ठेकेदार डायन के नाम पर उन्हें निर्वस्त्र घुमा और बलात्कार कर रहे हैं. इस तरह की कारस्तानी कानून और प्रशासन के लिए चिंता की बात होनी चाहिए.

अजीब बात यह है कि कड़े कानूनों के बावजूद भी ये घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही. कई बार पुलिस की मौजूदगी में ही महिलाओं को डायन बताकर उनके साथ बदसलूकी की जाती है. हालात तब और बदतर हो जाते हैं जब पिछड़े और आदिवासी क्षेत्रों में लगने वाली पंचायतें बैखौफ होकर अपने फैसले सुनाते हुए किसी भी महिला को डायन करार दे देती हैं और समाज का पढ़ा लिखा तबका उनका विरोध करने के बजाए उन्हें अपना मौन समर्थन देता नजर आता है.

इन घटनाओं के पीछे सामाजिक रूढ़िवादिता तो है ही साथ ही कानून के अनुपालन में कमी भी महत्वपूर्ण कारण है. यहां ध्यान देना होगा कि ऐसी महिलाओं को भी डायन करार देकर मौत के घाट उतारा जा रहा है जिनके परिजन नहीं है और उनके पास संपत्ति है. अगर कहा जाए कि डायन की आड़ में संपत्ति हड़पने का खेल चल रहा है तो यह गलत नहीं होगा. समाज में व्याप्त इन कुरीतियों और अंधविश्वासों के खिलाफ जनजागरण चलाने की जरुरत है. साथ ही इन घटनाओं को अंजाम देने वालों को भी चिंहिंत कर दंडित किया जाना चाहिए.

समाज में ऐसे लोगों को रहने का हक नहीं जो अपना मतलब साधने के लिए अंधविश्वासों को खाद-पानी मुहैया करा रहे हैं. भारतीय जनमानस को समझना होगा कि अंधविश्वासों को खत्म करने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं है. इसे उखाड़ फेंकने के लिए सिविल समाज को भी आगे आना होगा. उन क्षेत्रों की पहचान करनी होगी जहां ऐसी घटनांए बार-बार हो रही हैं. उन वजहों को भी तलाशना होगा जिनके कारण इन घटनाओं को प्रोत्साहन मिल रहा है. कम पढ़े-लिखे लोग अकसर गंभीर बीमारियों से निपटने के लिए अस्पतालों में जाने के बजाए ओझा-गुनी और तांत्रिकों की शरण लेते हैं. नतीजा ओझा-गुनी उनके अंधविश्वास का फायदा उठाकर उनका आर्थिक शोषण तो करते ही हैं और उन्हें अपराध करने के लिए भी उकसाते हैं. बेहतर होगा कि सरकार और स्वयंसेवी संस्थाएं पिछड़े और सुविधाहीन क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करे. इससे अफवाहों और अप्रिय घटनाओं पर रोक लगेगी और समाज अंधविश्वास से मुक्त होगा.

**आज का इतिहास**

1889: सोवा बाजार क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने वाला पहला भारतीय दल बना.
1921: मंगोलिया को चीन से आजादी मिली.
1930: ब्रेडमैन ने लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ एक दिन में 309 रन बनाए.
1948: येरूशलम पर पहला हवाई हमला.
1973: पेरिस के निकट ब्राजील का बोइंग विमान दुर्घटनाग्रस्त, 122 की मौत.
1977: मार्टिन लूथर किंग जूनियर को मेडल ऑफ फ्रीडम से सम्मानित किया गया.
1979: अमेरिकी स्काई लैब धरती पर गिरी. यह हिंद महासागर में गिरी.
1995: अमेरिका एवं वियतनाम के बीच कूटनीतिक रिश्ते बने.
1995: बोस्निया में 7000 से लोगों का नरसंहार.
2002: चांग शांग दक्षिण कोरिया की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं.
2006: मुंबई की लोकल रेलगाड़ियों में सिलसिलेवार बम धमाके.

## व्यवहार के सामने डिग्रियों का कोई मोल नहीं होता

**चिंतन**

बहुत पुराने समय की बात है. रूस के प्रसिद्ध लेखक और दार्शनिक लियो टॉलस्टॉय को एक बार अपना बड़ा और फैला काम-काज देखने के लिए एक काम करने वाले आदमी की ज़रूरत आन पड़ी. इस बारे में उन्होंने अपने कुछ मित्रों से भी कह दिया कि यदि उनकी जानकारी में कोई ऐसा योग्य व्यक्ति हो तो उसे भेजें. वे उसे अपने यहां काम करने के लिए रख लेंगे.

कुछ दिनों बाद एक मित्र ने किसी व्यक्ति को उनके पास काम करने के लिए भेजा. वह काफी ज्यादा पढ़ा लिखा था और उसके पास कई प्रकार के सर्टिफिकेट और डिग्रियां भी थीं. वह व्यक्ति दार्शनिक लियो टॉलस्टॉय से मिला, लेकिन तमाम डिग्रियां होने के बावजूद टॉलस्टॉय ने उस व्यक्ति को अपने यहां नौकरी पर नहीं रखा, बल्कि एक अन्य व्यक्ति जिसके पास ऐसी कोई डिग्री और सर्टिफिकेट नहीं थे उसका चयन कर लिया.... क्या मैं इसकी वजह जान सकता हूं? बाद में उनके मित्र ने टालस्टॉय से एक दिन पूछ लिया.

टॉलस्टॉय ने बताया, मित्र, जिस व्यक्ति का मैंने चयन किया है उसके पास तो अमूल्य प्रमाणपत्र हैं, उसने मेरे कमरे में आने के पूर्व मेरी अनुमति मांगी. दरवाजे पर रखे गए डोरमैट पर जूते साफ करके मेरे रूम में प्रवेश किया. उसके कपड़े भले ही साधारण थे, लेकिन साफसुथरे थे. मैंने उससे जो प्रश्न किये उसके उसने बिना घुमाए-फिराए संक्षिप्त में उत्तर दिए, और अंत में मुलाकात पूरी होने पर वह मेरी इज़ाज़त लेकर नम्रतापूर्वक फिर वापस चला गया. उसने कोई खुशामद नहीं की, ना किसी की सिफारिश लाया, अधिक पढ़ा-लिखा ना होने के बावजूद उसे अपनी काबिलियत पर विश्वास था, इतने सारे प्रमाणपत्र बहुत कम लोगों के पास होते हैं. इस लिए मैंने बहुत सोच समझ कर उसका तुरंत चयन कर लिया.

और तुमने जिसे व्यक्ति को भेजा था उसके पास इनमे से कोई भी प्रमाणपत्र नहीं था, वह सीधा ही कमरे में चला आया, बिना आज्ञा कुर्सी पर बैठ गया, और अपनी काबिलियत की जगह तुमसे जान-पहचान के बारे में बताने लगा..... तुम्हीं बताओ, उसकी इन डिग्रियों की क्या कीमत है?

**इंडिया पर ट्रेंडिंग**



1. #GuruPurnima
2. गुरु पूर्णिमा
3. #earthquake
4. #पूर्णगुरु_संतरामपालजीमहाराज
5. Saint Dr MSG Insan
6. रक्षा मंत्री
7. पूर्व राष्ट्रीय
8. Divine Guidance
9. Eternal Bond
10. #IA_Final_Result

# बहुरंग



## रणवीर सिंह ने खरीदी 4.5 करोड़ की नई इलेक्ट्रिक कार

बॉलीवुड सेलेब्स के लिए लग्ज़री कारें रखना आम बात है, लेकिन इलेक्ट्रिक कारों की लिस्ट में अभी भी कुछ ही नाम शामिल हैं. अब इस खास लिस्ट में रणवीर सिंह का नाम भी जुड़ गया है. रणवीर सिंह ने हाल ही में अपना जन्मदिन सेलिब्रेट किया, और इस मौके पर उन्होंने खुद को एक खास तोहफा दिय. रणवीर की नई इलेक्ट्रिक सवारी न सिर्फ स्टाइलिश है, बल्कि पर्यावरण के लिहाज़ से भी एक सराहनीय कदम माना जा रहा है. रणवीर सिंह ने हाल ही में अपने कार कलेक्शन में एक और शानदार नाम जोड़ लिया है, हम्मर ईवी 3X. यह एक इलेक्ट्रिक कार है, जिसकी कीमत लगभग 4.5 करोड़ रुपये है. खास बात यह है कि रणवीर इस इलेक्ट्रिक हम्मर को खरीदने वाले पहले बॉलीवुड सेलिब्रिटी बन गए हैं. रणवीर के पास पहले से ही रेंज रोवर, लेम्बोर्गिनी, मर्सिडीज़ और जगुआर जैसी लग्ज़री गाड़ियां मौजूद हैं. अब इस दमदार और पर्यावरण के अनुकूल इलेक्ट्रिक हम्मर ने उनके कलेक्शन को और भी खास बना दिया है. इस बीच रणवीर सिंह अपनी अगली फिल्म 'धुरंदर' को लेकर सुर्खियों में हैं. हाल ही में फिल्म का टीज़र रिलीज़ हुआ है, जिसने दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है. यह एक्शन से भरपूर फिल्म है, जिसमें रणवीर एक ऐसे अनोखे अवतार में नजर आने वाले हैं जैसा दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा. उनके लुक और अंदाज़ ने टीज़र में ही सबका ध्यान खींच लिया है. फिल्म में रणवीर के साथ सारा अर्जुन, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल और आर. माधवन जैसे दमदार कलाकार भी नज़र आएंगे, जो इसे और भी खास बना रहे हैं.

## बेबी बंप और हाई हील्स में दिखीं शूरा, पति अरबाज ने थामा हाथ




बॉलीवुड अभिनेता अरबाज़ खान एक बार फिर अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं. 57 साल की उम्र में वह दोबारा पिता बनने वाले हैं. उनकी दूसरी पत्नी शूरा खान प्रेग्नेंट हैं. कुछ दिन पहले ही अरबाज़ ने यह खुशखबरी साझा की थी कि शूरा मां बनने वाली हैं और वह एक बार फिर पिता बनने के लिए तैयार हैं. इस घोषणा के बाद हाल ही में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में अरबाज़ शूरा का बेहद प्यार और ध्यान से ख्याल रखते नजर आए, जिसे देखकर फैंस का दिल पिघल गया. यह कपल इन दिनों सोशल मीडिया पर भी खूब चर्चा में है और फैंस उन्हें ढेरों शुभकामनाएं दे रहे हैं. अरबाज़ खान और उनकी पत्नी शूरा हाल ही में फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' की स्क्रीनिंग में शामिल हुए. इस मौके पर दोनों ने पैपराज़ी को खुशी-खुशी पोज दिए. स्क्रीनिंग के दौरान अरबाज़, अपनी प्रेग्नेंट पत्नी शूरा का पूरा ख्याल रखते नजर आए. वह शूरा का हाथ थामे उन्हें सहारा देते दिखे और इस दौरान शूरा का बेबी बंप भी साफ नजर आया. कपल की ये केयरिंग केमिस्ट्री फैंस को काफी पसंद आ रही है. इस खूबसूरत पल का एक वीडियो इंस्टाग्राम पैपराजी पेज पर शेयर किया है, जिस पर फैन्स जमकर प्यार लुटा रहे हैं. अरबाज़ खान ने साल 1998 में मलाइका अरोड़ा से शादी की थी, लेकिन करीब दो दशक साथ रहने के बाद 2017 में दोनों ने तलाक ले लिया. इस पूर्व दंपति का एक बेटा है. अरहान, जो अब 22 साल का हो चुका है. इसके बाद अरबाज़ ने 2023 में मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से दूसरी शादी रचाई. शूरा के लिए भी यह दूसरी शादी है. अब यह कपल अपने जीवन के एक नए अध्याय की शुरुआत करने जा रहा है, क्योंकि जल्द ही अरबाज़ और शूरा माता-पिता बनने वाले हैं.

## पूर्व गर्लफ्रेंड संगीता बिजलानी की बर्थडे पार्टी में दिखा सलमान खान का जोरदार जलवा



अभिनेता सलमान खान बीती रात मुंबई में अपनी पूर्व गर्लफ्रेंड संगीता बिजलानी की जन्मदिन पार्टी में नजर आए. इस मौके पर उनका अंदाज़ कुछ गंभीर और शांत दिखाई दिया. सोशल मीडिया पर सलमान का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वे कड़े सुरक्षा घेरे के बीच पार्टी में एंट्री करते नजर आ रहे हैं. उनके चारों ओर बॉडीगार्ड्स की भारी तैनाती थी, जिससे उनकी मौजूदगी का रुतबा साफ झलक रहा था. पार्टी में सलमान ने कुछ फैन्स से भी मुलाकात की, जिनमें एक नन्हा बच्चा भी शामिल था. सलमान का बच्चों के प्रति स्नेह भरा अंदाज़ एक बार फिर लोगों का दिल जीत लिया. अपने छोटे फैन को देखकर सलमान खान बेहद खुश नजर आए. उन्होंने कुछ देर उस बच्चे से बातचीत की और मुस्कुराते हुए तस्वीरें भी खिंचवाई. हालांकि, जब वहां मौजूद बाकी प्रशंसक बड़ी संख्या में उन्हें घेरने लगे, तो सलमान बिना देर किए पार्टी वेन्यू के अंदर चले गए. अगर वर्क फ्रंट की बात करें, तो सलमान जल्द ही अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' में नजर आएंगे. इस फिल्म का निर्देशन अपूर्व लाखिया कर रहे हैं, जिन्होंने इसकी कहानी भी लिखी है. 'बैटल ऑफ गलवान' 2020 में गलवान घाटी में हुए वास्तविक संघर्ष पर आधारित है, और सलमान फिल्म में भारतीय सेना के बहादुर कर्नल संतोष बाबू की भूमिका निभाते दिखाई देंगे.

## नई फिल्म के लिए बॉबी देओल ने घटाया 15 किलो वजन



अभिनेता बॉबी देओल इंडस्ट्री के सबसे दमदार और पसंदीदा कलाकारों में से एक हैं. हाल ही में उन्हें 'हाउसफुल 5' में एक खास मेहमान भूमिका में देखा गया था, जिसमें उनके छोटे लेकिन प्रभावशाली अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया. अब बॉबी देओल अपनी अगली फिल्म की तैयारियों में जुट चुके हैं और इसके लिए उन्होंने अपना लुक पूरी तरह बदल लिया है. उन्होंने अपने बाल और दाढ़ी-मूंछ बढ़ा ली है, जिससे उनका नया अवतार काफी रहस्यमयी और दमदार नजर आ रहा है. खास बात ये है कि इस फिल्म में बॉबी देओल एक ऐसे किरदार में दिखाई देंगे, जिसमें उन्हें पहले कभी नहीं देखा गया. दर्शक उन्हें इस बिल्कुल नए अंदाज़ में देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं.

रिपोर्ट्स के मुताबिक, बॉबी देओल ने अपनी अगली फिल्म के लिए जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन किया है. उन्होंने न सिर्फ अपना पूरा लुक बदला है, बल्कि किरदार की मांग को देखते हुए करीब 15 किलो वजन भी कम किया है. सूत्रों के अनुसार, ₹इस फिल्म में बॉबी देओल एक ऐसे अवतार में नजर आएंगे, जैसा दर्शकों ने आज तक नहीं देखा. उन्होंने अपने किरदार की शारीरिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जो मेहनत की है, वह वाकई काबिले-तारीफ है. फिल्म के सेट से उनकी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जिनमें उनका बदला हुआ लुक देखकर फैंस खासा उत्साहित नजर आ रहे हैं. बॉबी का यह नया अंदाज़ दर्शकों को ज़रूर चौंकाने वाला है. बॉबी देओल इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' को लेकर खासा चर्चा में हैं. यह पीरियड एक्शन ड्रामा फिल्म 24 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने जा रही है. फिल्म का निर्देशन कृष जगरलामुदी और एएम ज्योति कृष्णा ने मिलकर किया है, और इसमें साउथ सुपरस्टार पवन कल्याण भी अहम भूमिका में नजर आएंगे. इसके अलावा बॉबी देओल के पास एक और बड़ी फिल्म 'अल्फा' भी है, जिसमें वह आलिया भट्ट और शरवरी वाघ के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे. यह एक्शन से भरपूर फिल्म 25 दिसंबर को रिलीज़ होगी. दोनों ही प्रोजेक्ट्स को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है, और बॉबी का ट्रांसफॉर्मेशन देखकर उनकी फिल्मों के लिए उम्मीदें और भी बढ़ गई हैं.




**मेष :** कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है. मान-सम्मान में वृद्घि होगी. जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है. आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंग. रुपये पैसों की सुविधा मिल जाएगी. दैनिक सुख-सुविधा में वृद्घि व खर्चा बढ़ेगा. शुभांक-2-4-6

**वृष :** बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी. यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी. नियोजित धन से लाभ होने लगेगा. घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी. शुभांक-3-4-5

**मिथुन :** बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. नौकरी में पदोन्नति की संभावना है. मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है. ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा. धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. शुभांक-2-4-5

**कर्क :** खान-पान में सावधानी रखें. शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. संतोष रखने से सफलता मिलेगी. नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी. शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी. मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा. कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. शुभांक-4-6-7

**सिंह :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगें. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. शुभांक-4-6-8

**कन्या :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. बुरी संगति से बचें. नौकरी में सावधानी पूर्वक कार्य करें. अपनों का सहयोग प्राप्त होगा. कोई धार्मिक यात्रा करेगें. शुभांक-2-5-7

**तुला :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्घि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा. किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होगी. प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे. सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा. प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक :** कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा. व्यावसायिक प्रगति भी होगी. स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी. कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे. व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है. ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. शुभांक-2-4-6

**धनु :** स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे. मनोरथ सिद्घि का योग है. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे हैं. शुभांक-4-6-8

**मकर :** सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा. कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं. कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंग. धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. सुख-आनंद कारक समय है. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा. शुभांक-6-7-9

**कुंभ :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा. वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे. संयमित भाषा का इस्तेमाल करें. कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे. आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. आध्यात्मिक रुचि बनेगी. शुभांक-3-5-7

**मीन :** अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी. व्यावसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. फिर कुछ चिंताएं बलवती हो सकती हैं. शुभांक-2-4-6



# मेंटल हेल्थ को बूस्ट करने में मददगार है अरोमाथेरेपी

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में फिजिकल हेल्थ खराब होने के साथ ही मेंटल हेल्थ पर भी काफी असर पड़ रहा है। हर दूसरा बंदा काम के बोझ के तले इतना दब गया है कि उसे अपने लिए टाइम ही नहीं है। तनाव के कारण एंग्जाइटी और डिप्रेशन जैसी दिक्कत होने लगी है। लोगों की नींद प्रभावित हो रही है, फोकस करने में परेशानी आती है। अगर आप भी इस तरह की परेशानी होती है तो आप मेंटल हेल्थ को बूस्ट करने के लिए अरोमाथेरेपी का सहारा ले सकते हैं।

## क्या होती है अरोमाथेरेपी

अरोमाथेरेपी जैसा की इसके नाम से मालूम चल रहा है अरोमा मतलब खुशबू और थेरेपी मतलब इलाज,खुशबू की मदद से इलाज करने को ही हम अरोमाथेरेपी कहते हैं । यह मानसिक तनाव का इलाज करने का सबसे कारगर तरीका है। एसेंशियल ऑयल्स इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं,यह तेल पौधों,जड़ी बूटियों फूलों,पंखुड़ियों जैसी चीजों से निकाले जाते हैं।

## मेंटल हेल्थ को कैसे बूस्ट करता है अरोमाथेरेपी

एक्सपर्ट के मुताबिक लैवेंडर कैमोमाइल जैसे एसेंशियल ऑयल्स में शांत करने वाले गुण होते हैं जो तनाव और चिंता को कम करने में मदद करते हैं,इससे बेहतर नींद को बढ़ावा मिलता है और जब आप सुकून भरी नींद सोते हैं तो इससे मस्तिष्क के सेल्स रिपेयर होते हैं । एसेंशियल ऑयल्स की खुशबू लेने से कोर्टिसोल का स्तर कम हो सकता है,जो तनाव के लिए जिम्मेदार हार्मोन होता है,जब आपका कोर्टिसोल हार्मोनकम होता है तो आपको सुकून भरी नींद आती है इससे मेंटल हेल्थ बूस्ट होता है। एसेंशियल ऑयल्स मूड पर पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं,अवसाद की भावनाओं को कम कर देवदार की लकड़ी और चंदन जैसी सुगंध गहरी, अधिक आरामदायक नींद चक्र को बढ़ावा देकर नींद की गुणवत्ता को बढ़ा सकती है। क्लैरी सेज जैसे एसेंशियल ऑयल नींद को नियंत्रित करने वाले हार्मोन को संतुलित करने में मदद कर सकते हैं जिससे नींद का पैटर्न सही हो जाता है। अच्छी खुशबू वाला कमरा एक शांत और आरामदायक वातावरण बनाता है जिससे आराम करना और नींद आना आसान हो जाता है।



# स्किन और नाखूनों से दिखाई देती है किडनी की बीमारी

**स्किन और नाखूनों से ये दिखाई देता है कि हमारी किडनी में किस तरह की बीमारी होने जा रही है। आपको ये ध्यान रखना चाहिए कि किडनी के लक्षण काफी गंभीर हो सकते हैं।**

हमारा शरीर आने वाले हर खतरे का संकेत पहले से ही देने लगता है। शरीर में अगर कोई बड़ी समस्या होने वाली है तो उससे पहले छोटी-छोटी चीजों से हमें कुछ न कुछ संकेत मिलते रहते हैं। शरीर का कोई भी बड़ा ऑर्गन खराब हो रहा हो तो कई बार हमें स्किन और बालों के जरिए भी उसके संकेत मिलने लगते हैं। ऐसा ही किडनी की बीमारी के साथ भी होता है। किडनी की बीमारी होने से पहले स्किन पर कई तरह के बदलाव देखने को मिलते हैं। यहां सिर्फ बालों का झड़ना या फिर हेयर लाइन शुरू होते ही फ्लेकी स्किन नहीं बल्कि नाखूनों, पैरों, हाथों आदि पर भी असर दिखता है और आपको ये ध्यान रखना चाहिए कि अगर ऐसे कोई लक्षण दिख रहे हैं तो आपको एक्सपर्ट की सलाह लेनी चाहिए। पर आखिर कौन से संकेत हैं जो साफ दिखाई देते हैं।

## किडनी की बीमारी के समय शरीर में होती है ये समस्या

स्किन, बाल और नाखून हमारी सेहत को लेकर बहुत ही जरूरी संकेत देते हैं। कोई भी छुपी हुई बीमारी जैसे मालन्यूट्रीशन, माइक्रोन्यूट्रिएंट्स का ओवरडोज, दवाओं का असर या बीमारी आदि के संकेत इन दोनों से मिल जाते हैं। जिन लोगों को किडनी की बीमारी या किडनी फेलियर का रिस्क होता है उन्हें जिंक, कैल्शियम, आयरन, विटामिन डजैसे मिनरल्स दिए जाते हैं। जिन मरीजों को डायलेसिस की जरूरत होती है उन्हें इन मिनरल्स की कमी के लिए रीनल विटामिन्स दिए जाते हैं जिनमें विटामिन बकॉम्प्लेक्स के हाई लेवल होते हैं। कैल्शियम और आयरन को ब्लड लेवल में मॉनिटर किया जाता है और अगर ये लेवल कम होते हैं तो सप्लिमेंट्स उसी हिसाब से दिए जाते हैं।

## किडनी की बीमारी के कारण स्किन पर दिखते हैं ये असर

किडनी की बीमारी के कारण शरीर में टॉक्सिन्स काफी बढ़ जाते हैं और इसके कारण स्किन में पिग्मेंटेशन भी बढ़ जाता है। स्किन बहुत ड्राई, खुजली वाली हो जाती है। इसी के साथ, स्किन में क्रैक्स, स्केल्स आदि बनने लगते हैं। स्किन काफी पतली हो जाती है और बहुत आसानी से स्ट्रेच मार्क्स भी आ जाते हैं जो कच्चे होते हैं और खुजली वाले भी होते हैं। इनमें आसानी से ब्लीडिंग होने लगती है। स्किन ज्यादा सफेद दिखने लगती है और इसका रंग भी ग्रे, ब्लू, पर्पल या येलो शेड का हो जाता है। सिस्ट्स और स्पॉट्स भी दिख सकते हैं।

## हाथ और पैरों में आ जाती है बहुत ज्यादा सूजन



हाथों और पैरों में सूजन, चेहरे में सूजन, ऐड़ियों में सूजन आना बहुत ही आम लक्षण है जिसे लेकर आपको तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। शरीर से टॉक्सिन्स ठीक तरह से बाहर न निकल पाने के कारण ये होता है और आपको इस बात का ध्यान भी रखना चाहिए कि ऐसा लक्षण गंभीर समस्या की तरफ इशारा करता है इसलिए डॉक्टर से सलाह लें।

## किडनी की बीमारी के कारण नाखूनों पर दिखते हैं ये असर

नाखूनों पर भी किडनी की बीमारी का असर साफ दिखाई देता है। सफेद बैंड्स या स्पॉट्स नाखूनों पर बनने लगते हैं और ये कमजोर, कच्चे और फ्लेकी हो जाते हैं। अक्सर ऐसे नाखूनों के बीच में लाइन बनने लगती है। हमारे नाखून कई और बीमारियों के संकेत भी देते हैं और ऐसे में हमें ये ध्यान रखना चाहिए कि हम ऐसे कोई भी लक्षण के दिखने पर डॉक्टर से बात करनी चाहिए।

## स्किन पर दाने और रैशेज



जैसा कि हम पहले बता चुके हैं कि किडनी की बीमारी के कारण शरीर में टॉक्सिन बहुत ज्यादा इकट्ठा हो जाता है और ये रैशेज, बम्स, ब्लीडिंग वाली स्ट्रेचमार्क्स आदि का कारण बनता है ऐसे में आप शरीर में कई तरह के मिनरल्स आदि का टेस्ट करवा सकते हैं। ये सारे लक्षण किसी अन्य वजह से भी हो सकते हैं, लेकिन ऐसा भी हो सकता है कि ये सिर्फ और सिर्फ किडनी के कारण हों। आपको ये ध्यान रखना होगा कि अगर आपको कोई समस्या हो रही है तो एक्सपर्ट की सलाह लेना ही किसी गंभीर रोग से मुक्ति का अच्छा कारण हो सकता है। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न दिखाएं और डॉक्टर से सलाह लेते रहें।



# थायराइड कैसे करता है हार्ट हेल्थ को प्रभावित

आजकल थायराइड की बीमारी काफी आम हो चुकी है। थायराइड रोग वह स्थिति है जिसमें थायराइड ग्लैंड शरीर की जरूरत से कम या अधिक हार्मोन का निर्माण करने लगता है जिसके कारण कई सारी समस्याएं पैदा होती है। थायराइड के कारण जहां मोटापा हेयर फॉल , जोड़ों में दर्द जैसी समस्या होती है वहीं यह दिल की सेहत को भी बुरी तरह से प्रभावित करता है। इसको लेकर हमने एक्सपर्ट से बात की है। आइए जानते हैं थायराइड कैसे दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ा देता है।

## कैसे करता है हार्ट हेल्थ को प्रभावित

एक्सपर्ट बताती हैं की दोनों ही थायराइड हार्ट हेल्थ को प्रभावित करता है। हाइपोथायरायडिज्म की बात करें तो इसमें थायराइड हार्मोन का लेवल शरीर में कम हो जाता है,इससे थायराइड ग्लैंड का फंक्शन कम होने लगता है,इससे मेटाबॉलिज्म खराब हो जाता है,इससे दिल को नुकसान हो सकता है जैसे इससे हार्ट रेट स्लो हो जाता है,इससे आपको ब्रेडीकार्डिया की स्थिति पैदा हो जाती है। इससे कोलेस्ट्रॉल भी बढ़ सकता है,इसके कारण हृदय का फैलाव हो सकता है। इससे दिल का दौरा पड़ सकता है।थायराइड बढ़ने से हार्ट की धमनियां संकरी होने लगती है,इससे ब्लड का सर्कुलेशन ठीक ढंग से नहीं हो पाता है,लंबे समय तक यह स्थिति बनी रहने पर हार्ट अटैक आने का खतरा बना रहता है। हाइपरथायरायडिज्म में आपका थायराइड ग्लैंड ओवर एक्टिव हो जाता है इससे हाइपर मेटाबॉलिज्म होता है जिससे हार्ट रेट बढ़ सकता है,इससे टैकी कार्डिया की स्थिति पैदा हो सकती है। इस स्थिति में भी हार्ट का फैलाव हो जाता है। ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है और इस तरह से हार्ट को नुकसान पहुंचता है।



# क्या आपको भी बार-बार बर्फ खाने का मन करता है हो सकता है इस बीमारी का संकेत

**क्या आपको भी हर वक्त कच्चा बर्फ चबाने का दिल करता है। अगर हां तो आपको फौरन डॉक्टर से मिलना चाहिए क्योंकि यह एक गंभीर डिसऑर्डर की तरफ इशारा करता है।**

गर्मियों के मौसम में हर किसी को कुछ ना कुछ ठंडा खाने का मन करता है। ठंडा पानी तो हर कोई पीता है, लेकिन आइसक्रीम मिल जाए तो सोने पर सुहागा हो जाता है। गर्मी से राहत पाने के लिए कुछ लोग तो घर में रखे आइस क्यूब भी खाते हैं। लेकिन अगर आप बार-बार कच्ची बर्फ चबाते हैं तो इसे इग्नोर ना करें। दरअसल आपकी यह आदत किसी बीमारी की तरफ इशारा करती है। आइए जानते हैं बार-बार बर्फ खाने का मन क्यों करता है।

क्या आपको भी बार-बार बर्फ खाने का मन करता है आपको भी बार-बार बर्फ खाने की क्रेविंग होती है तो शायद आप पिका डिसऑर्डर से पीड़ित हैं। वैसे तो यह बच्चों या गर्भवती महिलाओं में होता है,लेकिन अगर आप में आयरन की कमी हो तो भी आपको इसकी क्रेविंग हो सकती है। एक्सपर्ट बताते हैं कि एनीमिया से पीड़ित लोगों में रेड ब्लड सेल्स की कमी हो जाती है ऐसे में लोगों को बर्फ खाने की इच्छा बढ़ जाती है। वहीं जो लोग मानसिक तनाव से गुजर रहे होते हैं उन्हें भी बर्फ खाने की क्रेविंग होती है। अगर यह क्रेविंग लंबे समय तक बनी हुई है तो आपको तुरंत डॉक्टर से मिलकर इसका इलाज करवाना चाहिए।

## क्या हैं इसके नुकसान

- दांतों में दर्द, बर्फ आपके दांत की इनेमल की परत को डैमेज कर सकती है।
- एनीमिया की गंभीर समस्या,इसके कारण हार्ट हेल्थ को नुकसान पहुंचता है।
- पेट में इंफेक्शन और कब्ज की समस्या




# छींक क्यों नहीं रोकनी चाहिए

**छींक आना नॉर्मल है। लेकिन, अगर आपको बहुत अधिक छींक आती है, तो इसे नजरअंदाज करें। इसके अलावा, अगर आप छींक आते वक्त इसे रोकती हैं, तो इससे भी सेहत को नुकसान हो सकता है।**

हमारा शरीर सेहतमंद रहने के लिए कई नेचुरल प्रोसेस को फॉलो करता है। पेट साफ होना, गैस बाहर निकलना, डकार आना और छींक आना समेत कई ऐसी चीजें हैं, जिनका हमारी सेहत से गहरा कनेक्शन है। कई बार, नाक के अंदर डस्ट और पाउडर जैसे पार्टिकल्स चले जाते हैं। इन्हें बाहर निकालने के लिए, छींक आती है। वहीं, सर्दी-जुकाम होने पर भी छींक आती है। हालांकि, अगर आपको अक्सर बहुत अधिक छींक आती है, तो इसके पीछे कुछ हेल्थ कंडीशन्स हो सकती हैं। आमतौर पर छींक आना काफी नॉर्मल होता है। कई लोग, छींक आने पर इसे रोक लेते हैं। लेकिन, सेहत के लिहाज से ऐसा करना गलत है। एक्सपर्ट के मुताबिक, अगर आप छींक रोकती हैं, तो इससे स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याएं हो सकती हैं। इस बारे में डॉक्टर नीतिका कोहली जानकारी दे रही हैं। वह आयुर्वेद में एमडी हैं। उन्हें इस फील्ड में लगभग 17 सालों का अनुभव है।

## छींक रोकने से सेहत को हो सकता है नुकसान

- दरअसल, हमारी नाक में एक म्यूकस नाम की झिल्ली होती है। इसके टिश्यू या सेल्स पर जब कोई डस्ट पार्टिकल आकर चिपकता है, तो इसे बाहर निकालने के लिए छींक आती है।
- आयुर्वेद में छींक को क्षतु कहा जाता है। इसे अधारणीय वेग कहा जाता है। इसकी गिनती उन वेगों में होती है, जिन्हें रोका नहीं जा सकता है और रोकना भी नहीं चाहिए।
- छींक के जरिए, बैक्टीरिया और वायरस नाक से बाहर निकल जाते हैं। इसलिए, यह फायदेमंद होती है।
- छींक रोकना सेहत के लिहाज से सही नहीं है। इससे गर्दन अकड़ सकती है और साइनस की दिक्कत भी हो सकती है।
- अगर आप छींक आने पर इसे रोकने की कोशिश करते हैं, तो इससे फेस की नर्व्स और मसल्स कमजोर हो सकती हैं।
- यह शरीर की सफाई का एक नेचुरल प्रोसेस है। इसलिए, इसे होल्ड नहीं करना चाहिए।
- एक्सपर्ट के मुताबिक, कई बार सोशल एटिकेट्स या अन्य कई वजहों से लोग छींक को रोक लेते हैं। लेकिन, छींक रोकने से फेफड़ों पर दबाव पड़ता है। इससे श्वसन तंत्र पर बुरा असर हो सकता है।
- छींक के जरिए, बाहर निकलने वाली हवा का प्रेशर काफी तेज होता है। इसे रोकने से, आंख, नाक और कान के ब्लड वेसल्स पर असर पड़ सकता है।
- छींक आने पर उसे रोकने की कोशिश न करें। एक्सपर्ट की सलाह पर जरूर ध्यान दें। अगर आपको स्वास्थ्य से जुड़ी कोई समस्या है, तो हमें आर्टिकल के ऊपर दिए गए कमेंट बॉक्स में बताएं। हम अपने आर्टिकल्स के जरिए आपकी समस्या को हल करने की कोशिश करेंगे।



## गंभीर-अगरकर के लिए धड़का युवराज का दिल

# यूं कहीं मन की बात- उन्हें सही से क्रेडिट नहीं मिलता...

एजेंसियां। लंदन

भारतीय टीम को एक चैरिटी कार्यक्रम में कुछ पूर्व खिलाड़ियों के साथ समय बिताने का मौका मिला. इस दौरान उन्हें एजबेस्टन में मिली शानदार जीत के लिए दिग्गज खिलाड़ियों ने सराहा. इस कार्यक्रम में सचिन तेंदुलकर, रवि शास्त्री, ब्रायन लारा, आशीष नेहरा, क्रिस गेल और केविन पीटरसन जैसे सितारों ने भारतीय टीम के सीरीज में जबरदस्त वापसी की खूब तारीफ की. युवराज सिंह, जो शुभमन गिल के शुरुआती गुरुओं में से एक रहे हैं, उन्होंने भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के लिए मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर की भूमिका पर जोर दिया. युवराज सिंह ने अपने फाउंडेशन के माध्यम से कैंसर के इलाज के लिए धन जुटाने के लिए आयोजित इस गाला डिनर में कहा, जब टीम अच्छा करती है तो अगरकर और गौतम को पर्याप्त श्रेय नहीं मिलता. जब टीम हारती है तो उनकी आलोचना होती है. जब से अगरकर मुख्य चयनकर्ता बने हैं, भारत ने वनडे विश्व कप का फाइनल खेला है, टी20 विश्व कप जीता है, चैंपियंस ट्रॉफी जीती है और अब उन्होंने एजबेस्टन में इतिहास रचा है. वे दोनों बहुत अच्छा काम कर रहे हैं.



### युवी ने शुभमन गिल और ऋषभ पंत की भी की तारीफ

युवराज ने यह भी कहा कि गिल और ऋषभ पंत दोनों टीम के साथ बहुत अच्छा काम कर रहे हैं. उन्होंने गिल को बहुत कम उम्र से देखा है. उन्होंने कहा, मैंने गिल का विकास देखा है. वह हमेशा टीम में सबसे ज्यादा मेहनत करने वाले खिलाड़ी रहे हैं. उन्होंने टेस्ट कप्तानी की जिम्मेदारी को बखूबी संभाला है और वह इस काम के लिए सबसे सही व्यक्ति हैं. मुझे कहना होगा कि जिस तरह से ऋषभ पंत दुर्घटना से वापस आए हैं और अब इस नेतृत्व समूह का हिस्सा हैं वह शानदार रहे हैं.

## भारत के टॉप 5 बल्लेबाज जिन्होंने कप्तान रहते हुए टेस्ट में बनाए सबसे ज्यादा रन

एजेंसियां। लंदन

भारतीय टेस्ट क्रिकेट में ऐसे कई मौके आए हैं जब कप्तानों ने न सिर्फ टीम का नेतृत्व किया बल्कि बल्ले से भी शानदार उदाहरण पेश किया है. हम बात कर रहे हैं उन पांच भारतीय कप्तानों की, जिन्होंने किसी एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं.

**■ सुनील गावस्कर - 1978, वेस्टइंडीज के खिलाफ - 732 रन**

भारतीय क्रिकेट के लिटिल मास्टर कहे जाने वाले सुनील गावस्कर ने 1978 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 6 मैचों की सीरीज में 732 रन बना डाले थे. उनका औसत था 91.50 , जो आज भी एक बेंचमार्क मानी जाती है. उस सीरीज में गावस्कर ने तीन शतक भी लगाए थे और अकेले दम पर भारतीय बल्लेबाजी की रीढ़ बने रहे थे.



**■ विराट कोहली - 2016, इंग्लैंड के खिलाफ - 655 रन**

विराट कोहली ने 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज में 655 रन बनाए थे. उन्होंने 109.16 के अविश्वसनीय औसत से रन बनाकर यह साबित कर दिया कि क्यों उन्हें मॉडर्न क्रिकेट का बादशाह कहा जाता है. उनकी कप्तानी के बाद से टेस्ट क्रिकेट में एक नए युग का आरम्भ हुआ था.

**■ विराट कोहली - 2017, श्रीलंका के खिलाफ - 610 रन**

कोहली ने एक साल बाद फिर श्रीलंका के खिलाफ अपने बल्ले से कहर बरपाया था. 2017 की टेस्ट सीरीज में उन्होंने सिर्फ 3 मैचों में 610 रन बना डाले थे, वो भी 152.50 के औसत से. यह प्रदर्शन भारतीय कप्तानी इतिहास में सबसे प्रभावशाली बल्लेबाजी सीरीज में से एक मानी जाती है.

**■ विराट कोहली - 2018, इंग्लैंड के खिलाफ - 593 रन**

इस लिस्ट में तीसरे नंबर भी विराट कोहली का ही नाम है. साल 2018 में इंग्लैंड के खिलाफ कठिन विदेशी हालातों में विराट ने शानदार बल्लेबाजी की और बतौर कप्तान टीम को एक मजबूत स्कोर प्रदान किया था. उन्होंने 5 टेस्ट मैचों में 593 रन बनाए थे. जिसमें उनका औसत 59.30 का रहा था. इस सीरीज के बाद कोहली की बल्लेबाजी और उनकी कप्तानी की जमकर तारीफ हुई थी.

**■ शुभमन गिल - 2025, इंग्लैंड के खिलाफ - 485 रन**

इस लिस्ट में ताजा नाम है भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल का, जिन्होंने हाल ही में 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ धमाकेदार प्रदर्शन किया है. गिल ने इस सीरीज में शुरूआती तीन मैंचों में 485 रन बना लिए हैं और फिलहाल उनका औसत 146.25 का है. इस दौरान उन्होंने एक दोहरा शतक भी जड़ा और कप्तान के रूप में पहली बड़ी टेस्ट सीरीज को यादगार बना दिया है. उनके सीरीज के 3 मैच और बचे है.

## सीरीज में बतौर कप्तान सर्वाधिक रन से शतक तक

# शुभमन गिल के निशाने पर पांच रिकॉर्ड, लॉर्ड्स में मचेगा धमाल

एजेंसियां। लंदन

शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय टेस्ट टीम के शुभ युग का आगाज हो चुका है. फिलहाल टीम इंडिया इंग्लैंड दौरे पर है और पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही है. लीड्स टेस्ट में मिली हार का बदला लेते हुए भारत ने एजबेस्टन में इंग्लैंड को मात दी और सीरीज में 1-1 की बराबरी की. दूसरे मुकाबले में जीत के साथ कप्तान शुभमन गिल ने तमाम रिकॉर्ड्स बनाए. वह पहले एशियाई कप्तान बन गए जिन्होंने एजबेस्टन में इंग्लैंड की बादशाहत खत्म की. अब उनकी नजर लॉर्ड्स में खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट पर है.

किसी सीरीज में सबसे ज्यादा रन गिल के निशाने पर सर डॉन ब्रैडमैन का एक और रिकॉर्ड है. दरअसल, 1930 में खेली गई एशेज सीरीज में ब्रैडमैन ने सबसे ज्यादा 974 रन बनाए थे. उनके नाम किसी टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड दर्ज है. पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के बाकी बचे तीन मुकाबलों में अगर गिल 390 रन और बना लेते हैं तो ब्रैडमैन के इस रिकॉर्ड को ध्वस्त कर देंगे. वहीं, गिल आगामी मुकाबलों में गावस्कर को पीछे छोड़ सकते हैं जिन्होंने 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में खेले चार मैचों में 774 रन बनाए थे. गिल अब 189 रन दूर हैं. एशेज सीरीज के शुरुआती दो मुकाबलों में ब्रैडमैन ने 394 रन बनाए थे, लेकिन गिल ने लीड्स और एजबेस्टन टेस्ट में 585 रन बनाकर उन्हें पीछे छोड़ दिया है.

**बतौर कप्तान सबसे तेज 1000 टेस्ट रन :** 25 वर्षीय बल्लेबाज के निशाने पर ब्रैडमैन का एक और रिकॉर्ड है. पूर्व ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज के नाम सबसे कम पारियों में बतौर कप्तान 1000 टेस्ट रन पूरे करने का रिकॉर्ड दर्ज है. उन्होंने 11 पारियों में 1000 टेस्ट रन पूरे किए थे. अब गिल उनके इस रिकॉर्ड को ध्वस्त करने से महज 415 रन दूर हैं. पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के बाकी बचे तीन मुकाबलों की छह पारियों में वह ब्रैडमैन के इस रिकॉर्ड को ध्वस्त कर सकते हैं. भारत के लिए बतौर कप्तान टेस्ट में सबसे तेज 1000 रन बनाने का रिकॉर्ड सुनील गावस्कर के नाम दर्ज है. उन्होंने 14 पारियों में टेस्ट में 1000 रन पूरे किए थे. इस दौरान उन्होंने पांच शतक लगाए। गिल उनके इस रिकॉर्ड को नौ टेस्ट पारियों में तोड़ सकते हैं.

**इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में सबसे ज्यादा रन:** इंग्लैंड के खिलाफ किसी सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के नाम दर्ज है. उन्होंने 2024 में खेली गई घरेलू सीरीज में दो दोहरे शतकों की मदद से 712 रन बनाए थे. अब गिल उनके इस रिकॉर्ड को तोड़ने से महज 127 रन दूर हैं. इंग्लैंड में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा एक सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड राहुल द्रविड़ के नाम है, जिन्होंने 2002 में तीन शतकों की मदद से 602 रन बनाए थे. गिल उनसे बस 18 रन पीछे हैं. विराट कोहली कप्तान के तौर पर इस सूची में शीर्ष पर हैं, जिन्होंने 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में भारत की अगुवाई करते हुए 655 रन बनाए थे. गिल उनसे 91 रन पीछे हैं.



### किसी सीरीज में सबसे ज्यादा शतक का रिकॉर्ड

गिल अब तक इस सीरीज में तीन शतक लगा चुके हैं, जिसमें एक दोहरा शतक भी शामिल है. वह आगामी मुकाबलों में इंग्लैंड के खिलाफ दो शतक और जड़ते ही वेस्टइंडीज के मगान क्लाइड वॉलकॉट के रिकॉर्ड को तोड़ देंगे. वॉलकॉट ने 1955 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में पांच शतक लगाए थे. बतौर कप्तान किसी सीरीज में सर्वाधिक शतक लगाने का रिकॉर्ड ब्रैडमैन के नाम दर्ज है. उन्होंने 1947 में भारत के खिलाफ चार शतक जड़े थे.

### किसी सीरीज में बतौर कप्तान सर्वाधिक रन

इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में गिल ने तीन शतकीय पारियों जिसमें एक दोहरा शतक भी शामिल है, की मदद से 585 रन बना लिए हैं. वह फिलहाल इस सीरीज में रनों के मामले में शीर्ष पर हैं और उनका औसत 146.25 का है. दाएं हाथ के बल्लेबाज सर डॉन ब्रैडमैन के 88 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं. दरअसल, ब्रैडमैन के नाम एक सीरीज में बतौर कप्तान सर्वाधिक 810 रन बनाने का रिकॉर्ड दर्ज है. ऐसा उन्होंने 1936-37 में खेली गई एशेज सीरीज में किया था. अब गिल की नजर उनके इस रिकॉर्ड पर है. वह बतौर कप्तान एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने से सिर्फ 225 रन दूर हैं. गिल की तरह ब्रैडमैन ने भी बतौर कप्तान डेब्यू टेस्ट में रिकॉर्ड्स की झड़ी लगाई थी. उनका सर्वाधिक स्कोर 270 रन था. वहीं, अब तक गिल का सर्वोच्च स्कोर 269 रन है. किसी सीरीज में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड सुनील गावस्कर के नाम है, जिन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 1978-79 में 732 रन बनाए थे. गावस्कर के इस रिकॉर्ड को तोड़ने से गिल सिर्फ 148 रन दूर हैं.

### इंग्लैंड के दिग्गज क्रिकेटर ने की शुभमन गिल की तारीफ, बोले

## वह फैब-4 की जगह लेने में सक्षम हैं

एजेंसियां। लंदन

इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज मार्क रामप्रकाश ने भारत के नए कप्तान शुभमन गिल की जमकर तारीफ की है. रामप्रकाश ने गिल के दमखम, कौशल और जज्बे की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस युवा बल्लेबाज ने दिखा दिया है कि वह फैब फोर में जगह लेने के लिए तैयार हैं और सक्षम हैं. फैब-4 उन चार बल्लेबाजों की सूची को कहा जाता है, जो पिछले एक दशक में दुनिया के चार सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रहे हैं. रामप्रकाश ने कहा कि गिल अब इस जिम्मेदारी को संभालने में सक्षम हैं. फैब-4 की लिस्ट में फिलहाल विराट कोहली, केन विलियम्सन, जो रूट और स्टीव स्मिथ शामिल हैं. गिल ने बर्मिंघम टेस्ट की दोनों पारियों में 269 और 161 रन बनाए. इससे पहले उन्होंने लीड्स में सीरीज के पहले मैच की पहली पारी में 147 रन भी बनाए थे. रामप्रकाश ने द गार्डियन में लिखा, हमें न केवल एक बल्लेबाज के रूप में बल्कि एक युवा टीम के नए कप्तान के रूप में उदाहरण स्थापित करने के लिए उनकी सहनशक्ति, उनके कौशल और उनके जज्बे की दाद देनी होगी. उन्होंने कहा, कप्तानी किसी खिलाड़ी की फॉर्म पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है, लेकिन ऐसा लगता है कि इसने उन्हें एकाग्र किया है और पिछले तीन सप्ताह में उन्होंने अपनी तीन सर्वश्रेष्ठ पारियां खेली. हम उस दौर के अंतिम पड़ाव पर हैं, जिसमें तथाकथित फैब फोर – विराट कोहली, जो रूट, स्टीव स्मिथ और केन विलियम्सन का दबदबा रहा है और ऐसे खिलाड़ियों की तलाश जारी है, जो उनकी जगह ले सकें. रामप्रकाश ने कहा, 'गिल ने दिखा दिया कि वह उनकी जगह लेने में सक्षम हैं. वह खेल के तीनों प्रारूप में खेलते हैं और बड़ी अच्छी तरह से सामंजस्य बिठाते हैं. उनकी तकनीक शानदार है. यह 25 वर्षीय खिलाड़ी सुनील गावस्कर के बाद एक ही टेस्ट में दोहरा शतक और शतक बनाने वाले दूसरे भारतीय बन गए. गिल इंग्लैंड में टेस्ट मैच में दोहरा शतक बनाने वाले पहले भारतीय और एशियाई कप्तान भी बने. भारत ने उनके शानदार प्रदर्शन से दूसरे टेस्ट मैच में 336 रन से जीत दर्ज कर पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर की. भारत लीड्स में पहला टेस्ट मैच पांच विकेट से हार गया था. तीसरा टेस्ट गुरुवार से लॉर्ड्स में खेला जा रहा है.



## महिला क्रिकेट: भारत ने चौथे टी-20 में इंग्लैंड को छह विकेट से हराया, सीरीज पर किया कब्जा

एजेंसियां। मैनचेस्टर

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथा टी-20 मैच छह विकेट से जीतकर पांच मैचों की सीरीज़ में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है. यह जीत मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर दर्ज की गई, और इसी के साथ भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार घरेलू या विदेशी ज़मीन पर टी-20 द्विपक्षीय सीरीज़ अपने नाम की. 127 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की सलामी जोड़ी स्मृति मंधाना (32 गेंदों पर 31 रन) और शेफाली वर्मा (19 गेंदों पर 31 रन) ने तेज़ शुरुआत करते हुए सातवें ओवर तक 56 रन की साझेदारी की. हालांकि, शेफाली को ऑफ स्पिनर चार्ली डीन ने आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई. जल्द ही स्मृति भी पवेलियन लौट गईं और इंग्लैंड की वापसी की उम्मीदें जागीं. इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर (25 गेंदों पर 26 रन) और जेमिमा रॉड्रिग्स (22 गेंदों पर नाबाद 24 रन) के बीच 48 रन की साझेदारी हुई, जिसने टीम को लक्ष्य तक तीन ओवर शेष रहते पहुंचा दिया. इससे पहले, इंग्लैंड ने लगातार चौथी बार टॉस जीतकर बल्लेबाज़ी चुनी. लेकिन तीसरे मैच जैसी शुरुआत दोहराना इंग्लिश सलामी बल्लेबाज़ों के लिए मुश्किल साबित हुआ. सोफिया डंकली (19 गेंदों पर 22 रन) और डैनी वायट-हॉज (7 गेंदों पर 5 रन) को पावरप्ले में ही दीप्ति शर्मा और एन. श्री चरनी ने पवेलियन भेज दिया. इसके बाद एलिस कैप्सी (21 गेंदों पर 18 रन) और कप्तान टैमी ब्यूमोंट (19 गेंदों पर 20 रन) ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन भारतीय स्पिनरों ने शानदार नियंत्रण दिखाते हुए नियमित अंतराल पर विकेट निकालते रहे. सातवें से बीसवें ओवर के बीच भारतीय स्पिनरों ने नौ ओवर फेंके, जिसमें उन्होंने मात्र 56 रन देकर पांच विकेट चटकाए. राधा यादव ने चार ओवर में 15 रन देकर दो विकेट लिए और भारत की ओर से सबसे सफल गेंदबाज़ रहीं. आखिरी ओवर में सोफी एक्लेस्टोन और इस्सी वोंग ने कुछ बड़े शॉट लगाए, लेकिन इंग्लैंड का कुल स्कोर 126 रन ही पहुंच सका, जो बचाव के लिए पर्याप्त नहीं था. भारत अब 3-1 की अजेय बढ़त के साथ सीरीज़ जीत चुका है, और आखिरी मुकाबला औपचारिकता भर रह गया है.

## पीएसजी से मिली हार के बाद लुका मोड्रिक ने रियल मैड्रिड को कहा अलविदा

एजेंसियां। ईस्ट रदरफोर्ड

फीफा क्लब वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) के हाथों 0-4 की करारी हार रियल मैड्रिड के दिग्गज मिडफील्डर लुका मोड्रिक के लिए विदाई का पल साबित हुई. यह मैच रियल मैड्रिड के लिए मोड्रिक का आखिरी मुकाबला था. 39 वर्षीय क्रोएशियाई स्टार मोड्रिक ने 2012 में रियल मैड्रिड का दामन थामा था और इसके बाद क्लब के साथ उन्होंने 28 प्रमुख खिताब अपने नाम किए. इनमें छह यूएफा चैंपियंस लीग, चार ला लीगा और दो कोपा डेल रे खिताब शामिल हैं.



इस उपलब्धि के साथ मोड्रिक रियल मैड्रिड के इतिहास में सबसे अधिक ट्रॉफी जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं. मोड्रिक न सिर्फ क्लब के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी रहे हैं, बल्कि रियल मैड्रिड के लिए सबसे उम्रदराज गोल स्कोरर का रिकॉर्ड भी उनके नाम है. पीएसजी के खिलाफ अपने आखिरी मैच में मोड्रिक 63वें मिनट में जूड बेलिंघम की जगह मैदान पर उतरे. उनके इस फैसले से एक युग का अंत हुआ है, जिसमें उन्होंने रियल मैड्रिड को यूरोप और दुनिया की फुटबॉल में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया.

## विंबलडन 2025: नोवाक जोकोविच ने रिकॉर्ड 14वीं बार सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसियां। लंदन

अनुभवी सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने एक बार फिर अपना दबदबा दिखाते हुए इटली के फ्लावियो कोबोली को 6-7(6), 6-2, 7-5, 6-4 से हराकर विंबलडन 2025 के सेमीफाइनल में जगह बना ली. यह जोकोविच का ऑल इंग्लैंड क्लब में रिकॉर्ड 14वां सेमीफाइनल है. 38 वर्षीय जोकोविच अब रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए आठवीं बार विंबलडन खिताब जीतने और ग्रैंड स्लैम की कुल संख्या 25 तक पहुंचने की ओर अग्रसर हैं. सेमीफाइनल में उनका सामना टॉप सीड जैनिक सिनर से होगा, जबकि खिताबी भिड़ंत में उनका सामना कार्लोस अल्कराज या टेलर फ्रिट्ज से हो सकता है.



मैच के बाद जोकोविच ने कहा, बहुत सारे आंकड़े हैं, जो मेरे दिमाग में घूम रहे हैं. विंबलडन हमेशा मेरे लिए सबसे खास टूर्नामेंट रहा है. यह मेरे करियर का एक बड़ा हिस्सा है और आज भी 38 की उम्र में यहां प्रतिस्पर्धा कर पाना मेरे लिए सम्मान की बात है. उन्होंने आगे कहा, आज कोबोली जैसे युवा खिलाड़ी के खिलाफ खेलना मुझे भी युवा महसूस कराता है. अब मैं सिनर के खिलाफ खेलूंगा और यह शानदार मुकाबला होगा. 22वीं वरीयता प्राप्त फ्लावियो कोबोली ने पहले सेट में शानदार वापसी करते हुए 3-5 से पिछड़ने के बाद जोरदार शॉट लगाए और टाईब्रेक में पहला सेट 7-6(6) से अपने नाम किया. पूर्व रोमा फुटबॉल खिलाड़ी कोबोली ने बाद में टेनिस को अपना करियर चुना और आज उन्हीं के आदर्श जोकोविच के खिलाफ कोर्ट में डटे रहे.

जोकोविच ने कोबोली की तारीफ करते हुए कहा, कोबोली को इस शानदार टूर्नामेंट और आज के संघर्ष के लिए बधाई. उन्होंने बहुत ही ऊंचे स्तर का खेल दिखाया. सबसे ज्यादा मुझे उनकी सर्विस ने चौंकाया.


### दिल की बात | विराट कोहली ने टेस्ट से संन्यास पर तोड़ी चुप्पी, बताई वजह

# युवराज से दोस्ती को लेकर भी दिया बयान

एजेंसियां। लंदन

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के अपने फैसले पर पहली बार चुप्पी तोड़ी है. लंदन में आठ जुलाई को युवराज सिंह द्वारा आयोजित चैरिटी कार्यक्रम में कोहली ने कहा कि उनकी उम्र ने इस फैसले में बड़ी भूमिका निभाई है. कोहली ने साथ ही युवराज सिंह के साथ अपनी दोस्ती को लेकर भी बयान दिया.

**युवराज-भज्जी और जैक ने सहज महसूस कराया :** कोहली ने युवराज सिंह के साथ अपनी दोस्ती पर भी बात की. उन्होंने याद किया कि जब वह भारतीय टीम में नए थे तो हरभजन सिंह और जहीर खान जैसे सीनियर खिलाड़ियों के साथ मिलकर युवराज ने कैसे उनकी काफी मदद की थी. उन्होंने कहा, हमने मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह बहुत अच्छा रिश्ता साझा किया. जब मैंने भारत के लिए खेलना शुरू किया तो युवी पा, भज्जू पा और जैक ने मुझे अपनी छत्रछाया मे लिया और ड्रेसिंग रूम में सहज महसूस कराया.



**कैंसर के बाद युवी की वापसी अविश्वसनीय :** कोहली ने युवराज को कैंसर से लड़ाई के बाद गर्व के साथ क्रिकेट में वापसी करते हुए देखा है. उन्होंने कहा, कैंसर के बाद उनकी वापसी अविश्वसनीय थी. मैं कप्तान था जब उन्होंने वापसी की और कटक में इंग्लैंड के खिलाफ एक अद्भुत पारी खेली. मुझे लगता है कि युवी ने 150 रन बनाए थे. मैंने उस दिन किसी से कहा था- ऐसा लग रहा है मैं फिर से अपने बचपन में क्रिकेट देख रहा हूं. मेरे मन में उनके लिए बहुत प्यार और सम्मान है. मैं किसी और के लिए इस तरह के आयोजन में नहीं आऊंगा.

**भारतीय टीम भी चैरिटी कार्यक्रम में पहुंची:** टेस्ट से संन्यास लेने के बाद से कोहली लंदन में चुपचाप रह रहे हैं.

### दाढ़ी का रंग..., कोहली का मजेदार जवाब

कोहली ने मुस्कुराते हुए कहा, मैंने दो दिन पहले ही अपनी दाढ़ी को काला रंग दिया था. आप जानते हैं कि यह वो समय है जब आप हर चार दिन में अपनी दाढ़ी को रंग रहे हैं. कोहली ने इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से ठीक पहले संन्यास की घोषणा की थी. इस खबर ने कई प्रशंसकों और विशेषज्ञों को चौंका दिया था. 36 वर्षीय कोहली अभी भी खेल के सबसे फिट क्रिकेटरों में से एक हैं. कई लोगों का मानना था कि उनके पास अभी भी कुछ और साल बाकी थे. पूर्व क्रिकेटरों का मानना था कि उनके पास 10,000 टेस्ट रन तक पहुंचने के लिए पर्याप्त समय भी था.

## ब्रीफ न्यूज

### एयरपोर्ट की पुरानी बिल्डिंग में लगी आग

**पटना ।** पटना के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की पुरानी बिल्डिंग में गुरुवार को आग लग गई. आग लगने की सूचना मिलते ही तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और दमकल कर्मियों ने लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के शाद आग पर काबू पाया. घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. आग सिर्फ एक सीमित हिस्से में फैली थी, जिससे बड़ी दुर्घटना होने से बच गई. पटना एयरपोर्ट के पुराने टर्मिनल भवन को तोड़ा जा रहा है. इसी दौरान गैस कटर से कटाई का कार्य किया जा रहा था. आशंका जताई जा रही है कि गैस कटर से निकली चिंगारी के कारण वहां मौजूद ज्वलनशील सामग्री ने आग पकड़ ली. आग लगते ही निर्माण कार्य कर रहे कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन समय रहते सभी को बाहर निकाल लिया गया. एयरपोर्ट प्रशासन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यह आग नया टर्मिनल भवन निर्माण कार्य से जुड़ी पुरानी बिल्डिंग में लगी थी, न कि वर्तमान में चालू टर्मिनल या रनवे क्षेत्र में.

### तेजस्वी के काफिले में अचानक घुस गई कार

**पटना ।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है. यह घटना पटना के मरीन ड्राइव के पास उस समय हुई जब वह नवादा से पटना लौट रहे थे. इस मामले में आरोपी शख्स से पटना सिटी के सुल्तानगंज थाने की पुलिस पूछताछ कर रही है.
घटना के संबंध में बताया जाता है कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव बिहार बंद के बाद शाम में नवादा गये थे. देर शाम लौटने के क्रम में पटना के मरीन ड्राइव के पास तेजस्वी यादव के काफिले में एक कार अचानक आ घुसी. कार सवार ने इससे पहले तेजस्वी यादव की गाड़ी को ओवरटेक किया और फिर उनके काफिले में वह कार घुस गई. ऐसा होते ही कुछ देर के लिए सुरक्षाकर्मियों के बीच हड़कंप मच गया. आनन फानन में सुरक्षाकर्मियों ने कार सवार को पकड़ लिया. फिर वहां स्थानीय थाना सुल्तानगंज थाने को इसकी जानकारी दी गई. सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और आरोपी कार चालक को हिरासत में ले लिया.

## बिहार पुलिस का नया आदेश जारी, ड्यूटी के दौरान मेकअप और रील बनाना सख्त मना

**संवाददाता ।पटना**



बिहार पुलिस मुख्यालय ने महिला पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को ड्यूटी के दौरान मेकअप करने से परहेज़ करने का सख्त निर्देश जारी किया है. यह कदम बल के भीतर अनुशासन को सख्ती से लागू करने की मंशा से उठाया गया है. गुरुवार को एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी पुष्टि की. एडीजी (कानून व्यवस्था) पंकज दराड़ के कार्यालय से जारी इस आदेश में कहा गया है कि हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो और फोटो वायरल हुए, जिनमें महिला पुलिसकर्मी ड्यूटी के दौरान भारी मेकअप और गहनों में रील बनाते हुए नजर आईं. इसे गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए कार्रवाई की बात कही गई है.




**सख्त कार्रवाई की चेतावनी :** मुख्यालय ने स्पष्ट किया है कि निर्देशों की अवहेलना करने वालों की पहचान की जाएगी और उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई होगी. सभी एसपी, एसएसपी, डीआईजी और आईजी स्तर के अधिकारियों को निर्देश की कॉपी भेज दी गई है और आदेश को सख्ती से लागू कराने के निर्देश दिए गए हैं. यदि किसी क्षेत्र में निर्देशों का पालन नहीं होता है तो संबंधित अधिकारियों से जवाब-तलबी भी की जा सकती है.

गौरतलब है कि बिहार पुलिस पहले भी ड्यूटी के दौरान ड्रेस कोड, मोबाइल फोन और वीडियो कॉलिंग को लेकर दिशा-निर्देश जारी कर चुकी है, लेकिन यह पहली बार है जब महिला पुलिसकर्मियों के मेकअप और गहनों पर स्पष्ट रूप से प्रतिबंध लगाया गया है. पुलिस विभाग ने हाल के दिनों में कई मामलों में पुलिसकर्मियों को वर्दी में सोशल मीडिया रील बनाते देखा, जिससे विभाग की साख और अनुशासन पर सवाल उठे. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ₹इस निर्देश का उद्देश्य विभाग के भीतर सख्त अनुशासन बनाए रखना है ताकि सभी कर्मी अपने कर्तव्यों पर पूरी तरह से केंद्रित रहें. अब देखना यह है कि पूरे बिहार में इस निर्देश को कितनी प्रभावी तरीके से लागू किया जा पाता है, खासकर ऐसे समय में जब पुलिस बल के आधुनिकीकरण के प्रयास भी साथ-साथ चल रहे हैं.

## बिहार सरकार के अधिकारी के तीन ठिकानों पर ईओयू का छापा

- टीमों में आर्थिक अपराध इकाई के वरिष्ठ अधिकारी व तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हैं.

**संवाददाता ।पटना**




आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने गुरुवार सुबह राजधानी पटना, सहरसा और सीतामढ़ी में छापा मारा है. यह कार्रवाई बिहार सरकार के एक अधिकारी के आवास और अन्य स्थानों पर की गई है. अधिकारियों के अनुसार, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड (बीएसइआईडीसी) के कार्यपालक अभियंता प्रमोद कुमार के ठिकानों पर दबिश दी गई है. ईओयू की एक टीम सीतामढ़ी, तीन टीमें सहरसा और दो टीमें पटना में कार्रवाई की हैं. टीमों में आर्थिक अपराध इकाई के वरिष्ठ अधिकारी और तकनीकी विशेषज्ञ शामिल थे. तीनों जगह सुरक्षा बल के जवान तैनात हैं. ईओयू की प्रारंभिक जांच में पता चला प्रमोद कुमार के पास ज्ञात आय से 309.61 प्रतिशत अधिक संपत्ति है. इस आधार पर आर्थिक अपराध थाना में 9 जुलाई को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है. मौके पर से जमीन-जायदाद के कागजात, बैंक खाते, निवेश से जुड़ी फाइलें और कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए हैं. अधिकारियों का कहना है कि डिजिटल डेटा की फॉरेंसिक जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी. बिहार पुलिस मुख्यालय ने बयान में कहा कि यह छापेमारी राज्य सरकार की 'भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन' नीति के तहत की गई है.

## तेज रफ्तार हाईवा ने ली मजदूर की जान ग्रामीणों ने ट्रक को किया आग के हवाले



**संवाददाता ।नालंदा**

बिहार के शेखपुरा जिले से एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है, जहां गुरुवार को एक तेज रफ्तार गिट्टी लदे हाईवा ट्रक ने मजदूर को कुचल दिया. हादसे में मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई. घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रक में आग लगा दी और शव को सड़क पर रखकर घंटों तक हंगामा किया.

यह हादसा शेखपुरा-ससबहना मुख्य मार्ग पर मनकौल गांव के पास हुआ. मृतक की पहचान अरियरी थाना क्षेत्र के मनकौल निवासी 50 वर्षीय राजकुमार महतो के रूप में हुई है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, राजकुमार महतो मजदूरी के लिए शेखपुरा जा रहे थे, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार हाईवा ने उन्हें टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई.

**ग्रामीणों का आक्रोश, ट्रक को लगाई आग :** हादसे के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा. लोगों ने घटनास्थल पर ही ट्रक में आग लगा दी, जिससे वह जलकर खाक हो गया. इसके बाद ग्रामीणों ने मृतक का शव सड़क पर रखकर शेखपुरा-ससबहना मार्ग को जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.

**तीन घंटे तक जाम, प्रशासन हरकत में आया :** लगभग तीन घंटे तक सड़क पूरी तरह से जाम रही. सूचना मिलने पर अरियरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ नहीं मानी. बाद में एसडीओ राहुल कुमार सिंह और एसपी डॉ. राकेश कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों व ग्रामीणों से बातचीत कर जाम को खत्म करवाया. प्रशासन ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है.

**ग्रामीणों की प्रशासन से मांग :** ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन तेज रफ्तार ट्रकों की चपेट में लोग आ रहे हैं, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है. उन्होंने आबादी वाले क्षेत्रों में स्पीड ब्रेकर और पुलिस की तैनाती की मांग की, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके. एएसपी डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि ट्रक को आग के हवाले करने वालों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी. फिलहाल सड़क पर यातायात सामान्य हो चुका है.

## अपराधियों ने दुकानदार को मारी गोली, ग्रामीणों ने गुस्से में सड़क जाम की

**संवाददाता ।सीवान**

सीवान में अपराधियों ने लूटपाट के दौरान एक किराना दूकानदार को गोली मार दी. इस घटना में दुकानदार घायल हो गया. आननफानन में उसे स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया. घटना बसंतपुर थाना क्षेत्र के बसंतपुर बाज़ार की है. दुकानदार चुटकुला प्रसाद को पहले सीवान सदर अस्पताल लाया गया, जहां से उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें पटना रेफर कर दिया गया. अब घटना से आक्रोशित लोग सड़क पर उतर गये और आगजनी कर घटना का विरोध कर रहे हैं. घटना के संबंध में किराना दुकानदार चुटकुला प्रसाद ने बताया कि बीती देर रात वह अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे. उनके थैले में दिन भर की कमाई थी. जैसे ही वह बसंतपुर स्थित स्टेट बैंक के पास पहुँचे, तभी दो बाइक पर सवार चार अपराधियों ने उनका पीछा कर थैला लूटने की कोशिश की. जब दुकानदार ने लूट का विरोध किया और शोर सुनकर आसपास के लोग जमा होने लगे, तो अपराधियों ने उनके पैर में गोली मार दी और मौके से फरार हो गए. इस घटना के विरोध में गुरुवार सुबह से ही बसंतपुर बाजार में लोगों का गुस्सा फूट पड़ा. आक्रोशित लोगों ने सीवान-पटना-छपरा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और सड़क पर आगजनी कर प्रदर्शन शुरू कर दिया.

## सीएम नीतीश ने की क्रिकेट स्टेडियम और हॉकी टूर्नामेंट की तैयारियों की समीक्षा



**संवाददाता ।पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को नालंदा जिले के राजगीर में चल रहे महत्वपूर्ण विकास कार्यों का निरीक्षण किया. एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री ने पर्यटन और खेल अवसंरचना से जुड़ी कई परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की. मुख्यमंत्री ने सबसे पहले पटना बख्तियारपुर फोरलेन के पास करौटा से राजगीर को जोड़ने वाले टूरिस्ट वे परियोजना का निरीक्षण किया. यह नई सड़क परियोजना क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकसित की जा रही है. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए.

**अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निरीक्षण :** इसके बाद मुख्यमंत्री का काफिला राजगीर पहुंचा, जहां उन्होंने निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का जायजा लिया. यह स्टेडियम बिहार खेल अकादमी के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार तैयार किया जा रहा है. फिलहाल आउटफील्ड का कार्य तेजी से चल रहा है, वहीं जनरल स्टैंड ईस्ट और वेस्ट तथा रिवर्स पवेलियन का सिविल वर्क लगभग अंतिम चरण में है. मुख्य पवेलियन का स्ट्रक्चर तैयार हो चुका है और अब प्लास्टर, पुट्टी व वायरिंग जैसे फिनिशिंग कार्य जारी हैं.

**एशियन हॉकी टूर्नामेंट की तैयारियों की समीक्षा :** मुख्यमंत्री ने आगामी हीरो एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट की तैयारियों का भी जायजा लिया. यह प्रतियोगिता 29 अगस्त से 7 सितंबर तक राजगीर में आयोजित की जाएगी, जिसमें पाकिस्तान समेत कई अंतरराष्ट्रीय टीमें हिस्सा लेंगी. उल्लेखनीय है कि राजगीर पहले भी नवंबर 2023 में महिला एशियाई चैंपियनशिप ट्रॉफी की सफल मेज़बानी कर चुका है, जिसमें भारत ने चीन को हराकर खिताब जीता था.

**सुरक्षा व्यवस्था रही चाक चौबंद :** मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम किए गए थे. हर प्रमुख स्थान पर पुलिस बल की तैनाती की गई, जिससे दौरे के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुचारु रही. निरीक्षण के दौरान पटना और नालंदा जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे. उन्होंने मुख्यमंत्री को जिले में चल रही योजनाओं की स्थिति और प्रगति की जानकारी दी.

## कारोबार

### क्रायोजेनिक ओजीएस की लिस्टिंग के बाद लगा अपर सर्किट

**नई दिल्ली ।** हाई क्वालिटी फिल्टरेशन इक्वीपमेंट बनाने वाली कंपनी क्रायोजेनिक ओजीएस के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया. आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 47 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे. आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 90 प्रतिशत प्रीमियम के साथ इसकी लिस्टिंग 89.30 रुपये के स्तर पर हुई. लिस्टिंग के बाद लिवाली शुरू हो जाने के कारण कुछ ही देर में कंपनी के शेयर उछल कर 93.76 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गए. इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों का पैसा लगभग डबल हो गया है और उनका मुनाफा 99.49 प्रतिशत के स्तर तक पहुंच गया है.
क्रायोजेनिक ओजीएस का 17.77 करोड़ रुपये का आईपीओ 3 से 7 जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था.

## आसियान के साथ व्यापार समझौते में तेजी : गोयल

**एजेंसी ।नई दिल्ली**

भारत और दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संगठन (आसियान) के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की समीक्षा जल्द पूरी होने की उम्मीद है. केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि मौजूदा व्यापार समझौते की समीक्षा के लिए आसियान के साथ चर्चा जारी है. वह वार्ता में तेजी लाने के लिए उत्सुक हैं. केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने जारी बयान में बताया कि उन्होंने इस मुद्दे पर मलेशिया के निवेश, व्यापार और उद्योग मंत्री टी. जफरुल अजीज के साथ बैठक की है.

जफरुल अजीज के साथ वचुर्अल बैठक के बाद उन्होंने कहा कि भारत-आसियान एफटीए की समीक्षा जल्द पूरी होने वाली है. मौजूदा व्यापार समझौते की समीक्षा के लिए आसियान के साथ चर्चा जारी है, वह बातचीत में तेजी लाने को उत्सुक हैं. उन्होंने बताया कि आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते



(एआईटीआईजीए) की चल रही समीक्षा और उससे जुड़ी चुनौतियों के समाधान पर चर्चा हुई.

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने कहा कि निष्पक्ष व्यापार और संतुलित विकास सुनिश्चित करने के लिए आसियान सदस्य देशों के साथ बातचीत में तेजी लाने की आशा है. हमने दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) पर आगे की बातचीत पर भी चर्चा की. गौरतलब है कि मलेशिया, आर्थिक मामलों पर आसियान की ओर से भारत का स्थायी समन्वयक है.

## आईटी शेयरों में गिरावट से फिसला बाजार 345 अंक गिरकर बंद हुआ सेंसेक्स, निफ्टी 25355 पर बंद

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त में खुलने के बावजूद लाल निशान में बंद हुए. आईटी और पीएसयू बैंक शेयरों में गिरावट से बाजार पर दबाव पड़ा. वहीं, ट्रंप टैरिफ नीतियों और जून तिमाही के नतीजों से पहले निवेशक सतर्क रुख अपनाते हुए नजर आये. टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) गुरुवारको अपने अप्रैल-जून तिमाही के नतीजों की घोषणा करेगी. टीसीएस के पहली तिमाही के नतीजे जारी होने से पहले आईटी शेयरों पर दबाव बना रहा. टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के अप्रैल-जून तिमाही के नतीजे कमजोर रहने की आशंका और संभावित अमेरिकी व्यापार समझौते पर अनिश्चितता के कारण आईटी शेयरों में गिरावट आई.
तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को 122 अंक की बढ़त लेकर 83,658.20 पर ओपन हुआ. हालांकि, कुछ ही देर में यह लाल निशान में फिसल गया. कारोबार के दौरान यह 83,134 अंक तक फिसल गया था. अंत में यह 345.80 अंक या 0.41% की गिरावट लेकर 83,190.28 पर बंद हुआ.
इसी तरह, नैशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी गुरुवार बढ़त के साथ हरे निशान में



खुला. लेकिन ठोस ट्रिगर पॉइंट नहीं होने के चलते यह लाल निशान में फिसल गया. अंत में यह 120.85 अंक या 0.47 फीसदी की गिरावट के साथ 25,355 पर बंद हुआ. यह लगातार दूसरे ट्रेडिंग सेशन है, जब इंडेक्स गिरावट में बंद हुए हैं.

**ग्लोबल मार्केट्स से क्या संकेत :** ग्लोबल मोर्चे पर बात करें तो एशिया-प्रशांत बाजारों में मिलाजुला रुख देखने को मिला. निवेशक अमेरिका और ब्राजील के बीच बढ़ते व्यापारिक तनाव और अमेरिकी फेड के ब्याज दरों को लेकर दिए गए संकेतों पर नजर बनाए हुए हैं. अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ब्राजील से आयात पर टैरिफ 10% से बढ़ाकर 50% करने का ऐलान किया है, जो 1 अगस्त से लागू होगा. ट्रंप ने इस फैसले को ब्राजील की पूर्व राष्ट्रपति जैर बोल्सोनारो के खिलाफ चल रही कार्रवाई से जोड़ते हुए इसे 'प्रतिशोधात्मक कदम' बताया है. ट्रंप ने ब्राजील के साथ व्यापार को 'बहुत ही अनुचित' करार दिया है.
इसी बीच, फेडरल रिजर्व की जून बैठक के मिनट्स से पता चला है कि इस साल ब्याज दरों में कटौती की संभावना बनी हुई है, लेकिन अधिकारियों की राय इस पर बंटी हुई है. कुछ अधिकारी जहां अगली बैठक में ही कटौती के पक्ष में हैं, वहीं कुछ को 2025 में किसी कटौती की जरूरत नजर नहीं आ रही. फेड ने यह भी कहा कि टैरिफ से महंगाई पर असर फिलहाल मामूली और अस्थायी रह सकता है. हालांकि व्यापार और भू-राजनीतिक तनाव अब भी बने हुए हैं, लेकिन पिछली बैठक की तुलना में अनिश्चितता थोड़ी कम हुई है. एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.39% और टोपिक्स 0.48% नीचे रहे. वहीं, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.91% और ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 इंडेक्स 0.65% की तेजी में रहा. दूसरी ओर, अमेरिकी शेयर बाजार बुधवार को हरे निशान पर बंद हुए. नेस्डाग इंडेक्स 0.94% की बढ़त के साथ 20,611.34 पर बंद हुआ, जो रिकॉर्ड स्तर है. एस&पी 500 में 0.61% की तेजी आई और यह 6,263.26 पर बंद हुआ.

## ग्लोबल टेक टैलेंट में भारत का जलवा, टॉप-10 में बेंगलुरु का कब्जा

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

एशिया प्रशांत क्षेत्र एक वैश्विक तकनीक प्रतिभा (ग्लोबल टेक टैलेंट) केंद्र के रूप में तेजी से प्रगति कर रहा है. इस क्षेत्र में भारत भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है. टॉप-10 स्थानों में भारत का शहर भी शामिल है. इन स्थानों में चीन और जापान ने भी स्थान हासिल किया है. कॉलियर्स की एक नई रिपोर्ट, "ग्लोबल टेक मार्केट्सः टॉप टैलेंट लोकेशन्स 2025" में प्रतिभा अधिग्रहण, वेंचर कैपिटल (वीसी) फंडिंग, श्रम सूचकांक, प्रतिभा पाइपलाइन और क्षेत्र संरचना के आधार पर 200 से ज़्यादा वैश्विक बाजारों का विश्लेषण किया गया है. भारत और चीन वैश्विक टेक प्रतिभा परिदृश्य पर अपना दबदबा बनाए हुए हैं और भारत एशिया प्रशांत के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर भी तकनीकी प्रतिभा के लिए शीर्ष गंतव्यों में से एक है.



भारत का कौन शहर ग्लोबल टेक टैलेंट में शामिल?

कॉलियर्स की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत और चीन वैश्विक तकनीकी प्रतिभा परिदृश्य पर अपना दबदबा बनाए हुए हैं और भारत एशिया प्रशांत के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर भी टेक प्रतिभा के लिए शीर्ष गंतव्यों में से एक है. भारत के बेंगलूरु ने 3.4 स्कोर के साथ टॉप-10 वैश्विक टेक प्रतिभा केंद्र में छठवां स्थान हासिल किया है. ऐशिया प्रशांत के इन टॉप-10 टेक प्रतिभा स्थानों में अमेरिका का सैन फ्रांसिस्को खाड़ी क्षेत्र पहले, यूके का लंदन दूसरे, चीन का बीजिंग पांचवे और जापान का टोक्यो 10 वें स्थान पर हैं. कॉलियर्स में ऑफिस सर्विसेज के प्रबंध निदेशक अर्पित मेहरोत्रा ने कहा कि भारत टेक प्रतिभा का एक केंद्र है और वैश्विक नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी है. भारत के अग्रणी टेक शहरों में एशिया प्रशांत क्षेत्र की कुल टेक प्रतिभा का 69 फीसदी हिस्सा है. बेंगलूरु और हैदराबाद इस क्षेत्र के सबसे बड़े प्रतिभा समूहों की मेजबानी करते हैं.

**भारत के शीर्ष ऑफिस स्पेस में टेक क्षेत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा :** कॉलियर्स की इस रिपोर्ट में कहा गया कि टेक क्षेत्र के व्यवसायी भारत के शीर्ष सात शहरों में ऑफिस स्पेस की मांग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बने हुए हैं, जिससे पिछले वर्षों में पारंपरिक और फ्लेक्स स्पेस दोनों में ग्रेड ए स्पेस की मांग में तेजी आई है. 2025 की पहली छमाही के दौरान, टेक व्यवसायियों ने शीर्ष 7 शहरों में 1 करोड़ वर्ग फुट से अधिक ऑफिस स्पेस लीज पर लिए हैं. जिससे पारंपरिक स्थल की मांग में 40 फीसदी वृद्धि हुई. फ्लेक्स स्पेस में भी लगभग आधी मांग टेक फर्मों की ओर से आई. टेक क्षेत्र का प्रभुत्व भारत के गहन प्रतिभा पारिस्थितिकी तंत्र, स्थापित आईटी अवसंरचना और कम परिचालन व प्रतिभा लागत के कारण है, जो इसे वैश्विक टेक फर्मों के लिए एक आदर्श केंद्र बनाता है. बेंगलूरु और हैदराबाद भारत में पसंदीदा टेक गंतव्य बने हुए हैं. इसके बाद अन्य प्रमुख बाजार हैं. ये सभी कुशल प्रतिभाओं की उपलब्धता और एक परिपक्व टेक पारिस्थितिकी तंत्र वाली वैश्विक टेक कंपनियों को आकर्षित करते हैं. कॉलियर्स इंडिया के राष्ट्रीय निदेशक और अनुसंधान प्रमुख विमल नादर ने कहा कि 2025 की पहली छमाही में टेक व्यवसायों ने कुल जीसीसी लीजिंग में 41 फीसदी यानी 52 लाख वर्ग फुट का योगदान दिया.

### व्यापार समझौते के लिए अब वाशिंगटन जाएगी वाणिज्य मंत्रालय की टीम

**नई दिल्ली ।** अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते पर बातचीत करने और उसे अंतिम रूप देने का प्रयास आखिरी दौर में है. वाणिज्य मंत्रालय की एक टीम प्रस्तावित समझौते पर बातचीत के लिए शीघ्र ही वाशिंगटन जाएगी. वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते के पहले चरण को इस साल सितंबर-अक्तूबर तक पूरा करने का लक्ष्य है. इस दौरान द्विपक्षीय व्यापार समझौते के अंतरिम और पहले चरण पर बातचीत होगी. हालांकि, इस यात्रा की तारीखें अभी तय नहीं हुई हैं. भारत व अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के मुख्य वार्ताकार अग्रवाल ने कहा कि भारत ने अबतक 26 देशों के साथ 14 से अधिक एफटीए लागू किए हैं. ट्रंप प्रशासन ने भारत सहित कई देशों पर लगाए गए अतिरिक्त टैरिफ को एक अगस्त तक निलंबित कर रखा है.

## एलआईसी में सरकार बेचेगी अब और 6.5 प्रतिशत हिस्सा

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी एलआईसी (भारतीय जीवन बीमा निगम) में अपनी और हिस्सेदारी बेचने की तैयारी कर रही है. सूत्रों के मुताबिक, इस प्रक्रिया की बारीकियों पर अब विनिवेश विभाग काम करेगा. फिलहाल एलआईसी में सरकार की 96.5% हिस्सेदारी है. मई 2022 में कंपनी का आईपीओ लाया गया था, जिसमें 3.5% हिस्सा बेचा गया था. उस समय शेयर का प्राइस बैंड 902 से 949 रुपये था, जिससे सरकार को करीब 21,000 करोड़ की आमदनी हुई थी.

**ओएफएस के ज़रिए होगी अगली बिक्री :** सूत्रों ने बताया कि सरकार ने ओएफएस के ज़रिए अगली हिस्सेदारी बेचने को मंजूरी दे दी है. हालांकि ये चर्चाएं अभी शुरुआती चरण में हैं. ये तय करना कि कितनी हिस्सेदारी बेची जाए, किस रेट पर और कब. ये सब बाद में डिसाइड किया जाएगा. शेयर बाज़ार के नियमों के मुताबिक, किसी भी लिस्टेड सरकारी कंपनी में 10% हिस्सा जनता के पास होना जरूरी है. एलआईसी में अभी सिर्फ 3.5% हिस्सा ही पब्लिक के पास है. यानी सरकार को 6.5% और बेचने होंगे. जिसकी डेडलाइन है 16 मई 2027.

**एलआईसी का मार्केट वैल्यू और शेयर की चाल :** इस वक्त एलआईसी का बाज़ार पूंजीकरण करीब 5.85 लाख करोड़ है. बुधवार को एलआईसी का शेयर बीएसई पर 924.40 पर ट्रेड कर रहा था, जो पिछले दिन के मुकाबले 2.27% नीचे था.

## न्यूज अपडेट

### कोलकाता में तीन दिवसीय पर्यटन मेले का हुआ शुभारंभ, पहुंचे लोग

**कोलकाता।** कोलकाता स्थित बांग्ला मेला प्रांगण में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मेले का शुभारंभ हुआ. उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला थे और इसमें देश-विदेश से आए प्रतिनिधियों और पर्यटन से जुड़े प्रतिष्ठानों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली. इस वर्ष के पर्यटन मेले में 14 देशों और 25 भारतीय राज्यों के 500 से अधिक प्रतिनिधि अपने-अपने पर्यटन स्थलों और सांस्कृतिक विरासतों का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से भाग ले रहे हैं. यह मेला आगामी 12 जुलाई तक चलेगा, जिसमें विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनियां और पर्यटन आधारित संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे.

### गुजरातः गंभीरा ब्रिज हादसे में मरने वालों की संख्या 15 तक पहुंची

**वडोदरा ।** आणंद और वडोदरा शहर को जोड़ने वाले गंभीरा पुल हादसे में मरने वाले की संख्या बढ़कर 15 हो गई है. प्रशासन का कहना है कि अभी भी तीन लापता लोगों की तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है. नदी में दो और वाहनों के फंसे होने की आशंका है. एक दिन पहले बुधवार सुबह यह हादसा हुआ था. कलेक्टर के मुताबिक हादसे की चपेट में आने वाले दो अन्य वाहन जो नदी में गिरने के करीब थे, उन्हें सुरक्षित खींच लिया गया है. वडोदरा (ग्रामीण) के पुलिस अधीक्षक रोहन आनंद ने बताया कि पुल का 10 से 15 मीटर लंबा स्लैब सुबह भरभरा कर गिर गया. उधर, राज्य सरकार के प्रवक्ता एवं कैबिनेट मंत्री ऋषिकेश पटेल ने बताया कि राज्य सरकार ने इस नदी पर नया पुल बनाने की त्वरित मंजूरी दे दी है. इसके लिए 212 करोड़ रुपये आवंटित किए गए है.

### विधायक सुब्बा रेड्डी के घर समेत बेंगलुरु में 5 जगहों पर ईडी का छापा

**बेंगलुरु ।** विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा ) के उल्लंघन के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार सुबह कांग्रेस विधायक बी. सुब्बा रेड्डी के घर समेत बेंगलुरु में कुल पांच स्थानों पर छापेमारी की. चिकबल्लापुर जिले के बागेपल्ली विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सुब्बा रेड्डी के आवास, उनके परिजनों की संपत्तियों और उनके व्यावसायिक साझेदारों के परिसरों में तलाशी ली गई है. मलेशिया, हांगकांग और जर्मनी में मौजूद बैंक खातों और विदेशी संपत्तियों से संबंधित दस्तावेजों को लेकर छानबीन की जा रही है. आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, विदेशी लेन-देन और निवेश से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज मिलने की संभावना के चलते ईडी की टीम ने यह कार्रवाई की है.

### अमरनाथ यात्राः 7,307 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था जम्मू से रवाना

**जम्मू ।** अमरनाथ गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए 7,307 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ. अधिकारियों के अनुसार तीर्थयात्री आज सुबह 284 वाहनों में जम्मू के आधार शिविर से रवाना हुए. इस जत्थे में 5534 पुरुष, 1586 महिलाएं, 25 बच्चे, 138 साधु और 24 साध्वियां शामिल थीं. इनमें से 3081 तीर्थयात्री तड़के 3:15 बजे बालटाल आधार शिविर और 4226 तीर्थयात्री तड़के 3:58 बजे पहलगाम आधार शिविर के लिए रवाना हुए, जहां से वे पवित्र गुफा की अपनी आगे की यात्रा के लिए रवाना होंगे.

### हरियाणा के पांच जिलों में भूकंप के झटके, लोगों में मची अफरा-तफरी

**चंडीगढ़ ।** हरियाणा के पांच जिलों में गुरुवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए. प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में बुधवार रात से लगातार बारिश हो रही है. बारिश के दौरान भूकंप के झटकों से लोगों में अफरा-तफरी मच गई. गुरुग्राम, रोहतक, सोनीपत, झज्जर, हिसार सहित कई हिस्सों में गुरुवार सुबह करीब नौ बजकर पांच मिनट पर भूकंप के झटके महसूस हुए. इसका केंद्र झज्जर रहा. भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.1 मापी गई. यहां करीब 10 कि.मी. नीचे धरती में हलचल महसूस की गई है. किसी ने जमीन के नीचे ट्रेन की तरह आवाज सुनाई देने का दावा किया तो किसी ने डरावनी आवाज सुनने की बात कही. सोनीपत निवासी अजयदीप के अनुसार इस तरह के झटके पहले कभी महसूस नहीं किए गए.

### शेख हसीना और तीन अन्य के खिलाफ औपचारिक मुकदमा शुरू

**ढाका ।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और तीन आरोपितों के खिलाफ आज अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-1 में औपचारिक मुकदमा शुरू हो गया. चारों पर पिछले साल जुलाई में हुए जन-विद्रोह के दौरान मानवता के विरुद्ध अपराधों में शामिल होने का गंभीर आरोप है. इस केस में गिरफ्तार पूर्व पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल मामून ने न्यायाधिकरण से सरकारी गवाह बनने की इच्छा व्यक्त की है. ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार न्यायमूर्ति मोहम्मद गुलाम मुर्तुजा मोजुमदार की अध्यक्षता वाले तीन सदस्यीय अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-1 ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना समेत चारों आरोपितों के खिलाफ औपचारिक आरोप तय करने का आदेश दिया.






## मौसम हुआ सुहाना

नई दिल्ली के चांदनी चौक पर बारिश के बीच लोग आवागमन करते हुए.

### यूक्रेन को लेकर अमेरिकी नीति में असमंजस के हालात

# पेंटागन ने पहले हथियारों की सप्लाई रोकी, फिर शुरू कर दी

- मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने बीते सप्ताह यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति रोकने का निर्देश दिया था

**एजेंसी ।वाशिंगटन**

यूक्रेन नीति को लेकर ट्रंप प्रशासन में असमंजस और समन्वय की कमी नजर आ रही है. दरअसल बीते दिनों खबर आई थी कि अमेरिका ने यूक्रेन को कई हथियारों की आपूर्ति रोक दी है. अब खबर आई है कि ट्रंप प्रशासन ने यूक्रेन को हथियारों की सप्लाई फिर से शुरू कर दी है. जो हथियार भेजे जा रहे हैं, उनमें 155 एमएम के गोला बारूद और गाइडेड रॉकेट शामिल हैं. हालांकि ये जानकारी नहीं दी गई है कि हथियारों की आपूर्ति कब शुरू हुई.

**व्हाइट हाउस ने हथियारों की सप्लाई पर रोक पर जताई हैरानी :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने बीते हफ्ते यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति रोकने का निर्देश दिया था. दरअसल पेंटागन द्वारा हथियारों के स्टॉक की समीक्षा के लिए आपर्ति रोकी गई थी. हालांकि इस फैसले पर व्हाइट हाउस ने हैरानी जताई है. व्हाइट हाउस के अधिकारी ने बताया कि यूक्रेन को भेजे जाने वाले हथियारों पर कभी भी रोक नहीं लगाई गई थी. हालांकि सुरक्षा रणनीति के तहत अमेरिकी सेना के हथियारों के स्टॉक की समीक्षा की गई थी. बीते हफ्ते पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने मीडिया से बात करते हुए कहा था कि यूक्रेन को किन हथियारों की आपूर्ति रोकी गई, उसकी वे जानकारी नहीं दे सकते और अमेरिकी राष्ट्रपति और रक्षा मंत्री ही इस बारे में फैसला लेंगे. इससे साफ है कि यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति के मुद्दे पर समन्वय की कमी है, जिससे असमंजस की स्थिति बनी.



**ट्रंप ने पेंटागन के अधिकारियों से जताई निराशा :** पूर्व में जब हथियारों की सप्लाई रोकने की खबर सामने आई थी तो बताया गया कि पैट्रियट मिसाइलों, जीएमएलआरएस रॉकेट, हेलफायर मिसाइल, होवित्जर राउंड आदि की आपूर्ति रोकी गई. अब ये साफ नहीं है कि पैट्रियट मिसाइलों की आपूर्ति फिर शुरू की गई है या नहीं. राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को घोषणा की कि अमेरिका, यूक्रेन को रक्षात्मक हथियार पहुंचाना जारी रखेगा. हाल ही में पत्रकारों के साथ बातचीत में उन्होंने इस सवाल को टाल दिया कि हथियारों की आपूर्ति रोकने का आदेश किसने दिया.

ट्रंप ने हथियारों की आपूर्ति पर रोक के लिए पेंटागन के अधिकारियों से निराशा जाहिर की. वही पेंटागन ने इस बात से इनकार किया है कि रक्षा मंत्री हेगसेथ ने राष्ट्रपति से सलाह लिए बिना कोई कार्रवाई की. अमेरिका का यह कदम ऐसे समय सामने आया है, जब रूस ने यूक्रेन पर हवाई हमले तेज़ कर दिए हैं. ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने की बात कही थी, लेकिन युद्धविराम समझौते पर सहमति नहीं बनने के बाद अब लग रहा है कि ट्रंप, रूसी राष्ट्रपति पुतिन से खुश नहीं हैं और अमेरिका द्वारा हथियारों की आपूर्ति भी उसी ओर इशारा कर रही है.

### नासा के अंतरिम प्रशासक नियुक्त किए गए सीन डफी, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किया एलान

सीन डफी को नासा का अंतरिम प्रशासक नियुक्त किए जाने की जानकारी देते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लिखा कि, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि मैं हमारे परिवहन सचिव, सीन डफी को नासा का अंतरिम प्रशासक नियुक्त कर रहा हूं. सीन हमारे देश के परिवहन मामलों को संभालने में जबरदस्त काम कर रहे हैं, जिसमें अत्याधुनिक एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम बनाना भी शामिल है. वह इस अत्यधिक महत्वपूर्ण अंतरिक्ष एजेंसी के लिए एक शानदार नेता होंगे, भले ही केवल थोड़े समय के लिए ही क्यों न हों ? बधाई हो, और धन्यवाद, सीन! विस्कॉन्सिन से पूर्व सांसद और ट्रंप के लंबे समय से सहयोगी रहे डफी ने जेनेट पेट्रो का स्थान लिया है, जो जनवरी से कार्यवाहक नासा प्रशासक के रूप में कार्यरत थीं. ट्रंप ने मई में इस पद के लिए जेरेड आइजैकमैन को दिसंबर 2024 नामित किया था, हालांकि बाद में उन्होंने उनका नाम वापस ले लिया.

### बाइडन के पूर्व डॉक्टर का जवाब देने से इनकार डॉ. केविन ने संविधान संशोधन का इस्तेमाल किया

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल के दौरान उनकी मानसिक और शारीरिक सेहत को लेकर जांच कर रही है. इस मामले में एक नया मोड़ तब आया जब व्हाइट हाउस के पूर्व डॉक्टर डॉ. केविन ओ कॉनर ने बुधवार को बाइडन की सेहत से संबधित जांच के मामले में गवाही देने से इनकार कर दिया. उन्होंने अमेरिकी संविधान के पांचवें संशोधन के तहत अपने अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए सवालों के जवाब नहीं दिए. बता दें कि रिपब्लिकन सांसद की तरफ से जो बाइडन की मानसिक और शारीरिक सेहत की जांच कर रहे हैं. साथ ही ये दावा भी कर रहे हैं कि बाइडन के कार्यकाल के दौरान कुछ नीतियां व्हाइट हाउस के ऑटोपेन (दस्तखत की मशीन) के जरिए पास हुईं, जो तब वैध नहीं मानी जाएंगी, अगर यह साबित हो गया कि बाइडन उस समय मानसिक रूप से अक्षम थे. हालांकि बाइडन ने इन आरोपों को बेतुका और झूठा बताया है.

**डॉ. कॉनर ने क्यों नहीं दिया गवाही :** मामले में अब एक सवाल लगातार खड़े हो रहे है कि डॉ. ओ'कॉनर ने बाइडन की सेहत को लेकर चल रहे जांच में गवाही क्यों नहीं? इस बात की जानकारी डॉ. के वकील डेविड शर्टलर ने दिया. उन्होंने कहा कि डॉक्टर के पास कोई विकल्प नहीं था, क्योंकि उन्हें एक डॉक्टर के रूप में मरीज की गोपनीयता बनाए रखनी थी और साथ ही न्याय विभाग की ओर से चल रही जांच में कानूनी जोखिम से भी बचना था.

### दक्षिण कोरिया : मार्शल लॉ से जुड़े मामले में नया मोड़

## पूर्व राष्ट्रपति यून सुक-योल की गिरफ्तारी को कोर्ट की मंजूरी

**एजेंसी ।सियोल**

दक्षिण कोरिया की सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने गुरुवार तड़के देश के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक-योल की दोबारा गिरफ्तारी को मंजूरी दे दी. यह गिरफ्तारी दिसंबर में उनके द्वारा थोड़े समय के लिए लगाए गए मार्शल लॉ से जुड़े गंभीर आरोपों को लेकर की गई है. अदालत ने विशेष अभियोजक की उस दलील को स्वीकार किया कि यून सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकते हैं. यून सुक-योल को राजधानी सियोल के पास स्थित एक डिटेंशन सेंटर में फिर से भेज दिया गया है. गौरतलब है कि मार्च में उन्हें पहले ही रिहा कर दिया गया था, जब अदालत ने जनवरी में उनकी गिरफ्तारी को रद्द कर ट्रायल के दौरान हिरासत में रखने की आवश्यकता नहीं मानी थी. पूर्व राष्ट्रपति यून के खिलाफ जांच की कमान विशेष अभियोजक चो यून-सुक की टीम संभाल रही है, जो उन पर राजद्रोह, सत्ता के दुरुपयोग, सरकारी कामकाज में बाधा और आधिकारिक दस्तावेजों की हेराफेरी जैसे गंभीर आरोपों में नए मुकदमे दर्ज करने की तैयारी में है. टीम ने यून से दो बार पूछताछ करने के बाद रविवार को गिरफ्तारी वारंट के लिए आवेदन दायर किया था.

### यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नया व्यापारिक हमला

## फिलीपींस समेत 6 अन्य देशों पर आयात शुल्क का किया ऐलान

**एजेंसी ।वॉशिंगटन**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिलीपींस सहित छह और देशों पर भारी आयात शुल्क लगाने का ऐलान किया है. बुधवार को इन देशों के नेताओं को भेजे गए औपचारिक पत्रों में ट्रंप ने कहा कि 01 अगस्त से लागू होने वाले इन टैरिफ में लीबिया, इराक और अल्जीरिया से आने वाले आयात पर 30%, मोल्दोवा और ब्रुनेई पर 25%, और फिलीपींस पर 20% का शुल्क लगाया जाएगा. इस कदम के साथ इस सप्ताह टैरिफ की नई दरों से प्रभावित होने वाले देशों की संख्या 20 हो गई है. इससे पहले ट्रंप प्रशासन ने कंबोडिया, थाईलैंड, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, जापान और दक्षिण कोरिया सहित कई देशों पर भी शुल्क बढ़ाने की घोषणा की थी. ट्रंप ने एक कैबिनेट बैठक में स्पष्ट किया कि एक अगस्त की समयसीमा अंतिम है और वह इन टैरिफ को लेकर अब और बातचीत की गुंजाइश नहीं है. हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई देश बातचीत करना चाहता है, तो वे 01 अगस्त से पहले समझौता कर सकते हैं. साथ ही ट्रंप ने अपने पत्र में चेतावनी भी दी कि जितना वे (अन्य देश) अपने टैरिफ बढ़ाएंगे, उतना ही हम अपने शुल्क में जोड़ देंगे.

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष अप्रैल माह में ट्रंप प्रशासन ने तथाकथित रिसिप्रोकल टैरिफ (प्रतिस्पर्धी शुल्क) की घोषणा की थी, जिसे 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया था. 07 जुलाई को हस्ताक्षरित कार्यकारी आदेश के अनुसार, अब इन्हें 01 अगस्त से लागू किया जाएगा.

## लॉस एंजिल्स में सुरंग ढही, अग्निशमन कर्मियों ने 31 श्रमिकों को बचा लिया

**एजेंसी ।वाशिंगटन**

संयुक्त राज्य अमेरिका के खूबसूरत शहर लॉस एंजिल्स में बुधवार रात एक सुरंग ढह गई. इस दौरान सुरंग में कम से कम 31 श्रमिक काम कर रहे थे. इन सभी को बचा लिया गया है. लॉस एंजिल्स कैलिफोर्निया प्रांत का सबसे बड़ा एवं देश का दूसरा सबसे बड़ा शहर है. लॉस एंजिल्स मनोरंजन उद्योग, हॉलीवुड, और सुंदर समुद्र तटों के लिए प्रसिद्ध है. यह शहर दुनिया भर में मशहूर हस्तियों, फिल्म, टेलीविजन, और जीवंत सांस्कृतिक दृश्यों के लिए भी जाना जाता है. सीबीएस न्यूज चैनल के अनुसार, लॉस एंजिल्स अग्निशमन विभाग ने बताया कि शहर के विलमिंगटन क्षेत्र में हुई इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ. निर्माणाधीन यह सुरंग अपशिष्ट जल प्रबंधन परियोजना का हिस्सा है.



विलमिंगटन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वालीं लॉस एंजिल्स काउंटी पर्यवेक्षक जेनिस हैन ने कहा कि सुरंग के अंदर मौजूद श्रमिकों को घटना के लगभग एक घंटे बाद बचा लिया गया. अग्निशमन विभाग के अनुसार, सुरंग में फंसे 31 निर्माण श्रमिकों में से किसी को भी कोई गंभीर चोट नहीं आई. इन श्रमिकों को लगभग 12 से 15 फुट ऊंचे मिट्टी के ढेर से सुरक्षित निकाला गया. मेयर करेन बास ने कहा कि उन्होंने इन श्रमिकों से बातचीत की है.

### ट्रंप पर गोलीबारी की घटना में छह सीक्रेट सर्विस एजेंट निलंबित

**वाशिंगटन ।** पिछले साल जुलाई में डोनाल्ड ट्रंप पर की गई गोलीबारी में अमेरिकी सीक्रेट सर्विस ने अपने छह एजेंटों को निलंबित कर दिया है. एक अधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई पिछले साल 13 जुलाई को पेंसिलवेनिया के बटलर में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास से जुड़ी विफलताओं के सिलसिले में की गई है. एबीसी न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, 13 जुलाई, 2024 को हुई गोलीबारी की घटना की बरसी से चार दिन पहले ही इन कर्मियों के निलंबन की पुष्टि की गई है. इस गोलीबारी में ट्रंप का कान खून से लथपथ हो गया था. रैली के दौरान ट्रंप की सीक्रेट सर्विस के काउंटर स्नाइपर्स ने शूटर को मार गिराया था.

## भारतीय ज्ञान प्रणाली को समझने के लिए ग्रंथ और अनुभव दोनों जरूरी : उपराष्ट्रपति

**एजेंसी ।नई दिल्ली**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली को समझने और पुनर्स्थापित करने के लिए हमें ग्रंथों और अनुभवों दोनों को समान महत्व देना होगा. वे जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में आयोजित 'भारतीय ज्ञान प्रणालियों पर प्रथम वार्षिक शैक्षणिक सम्मेलन' को संबोधित कर रहे थे. उपराष्ट्रपति ने कहा कि ज्ञान केवल पुस्तकों में सीमित नहीं होता बल्कि वह परंपराओं, समुदायों और पीढ़ियों से संचित अनुभवों में भी समाहित होता है. उन्होंने बल दिया



कि शोध के क्षेत्र में संदर्भ और सजीवता से ही सच्चा ज्ञान उत्पन्न होता है, और इसके लिए ग्रंथों और व्यवहारिक अनुभव दोनों को बराबरी से शामिल करना जरूरी है. धनखड़ ने भारतीय ग्रंथों विशेष रूप से संस्कृत, तमिल, पाली, प्राकृत जैसी क्लासिकल भाषाओं में उपलब्ध साहित्य के डिजिटलीकरण की तत्काल आवश्यकता पर ज़ोर दिया. उन्होंने कहा कि यह सामग्री शोधकर्ताओं और छात्रों के लिए सार्वभौमिक रूप से सुलभ होनी चाहिए. साथ ही, युवाओं को दर्शन, गणना, नृविज्ञान और तुलनात्मक अध्ययन जैसे विषयों में सशक्त प्रशिक्षण देने की भी आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि भारत की वैश्विक शक्ति के रूप में पहचान तभी टिकाऊ होगी जब वह बौद्धिक और सांस्कृतिक गरिमा के साथ खड़ी हो. उपराष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्र की असली शक्ति उसकी सोच की मौलिकता और परंपराओं की गहराई में होती है.

**केंद्र सरकार** | असम, मणिपुर सहित छह राज्यों को एक हजार करोड़ जारी करने को मंजूरी दी, अमित शाह बोले-

# मोदी सरकार हर परिस्थिति में राज्यों के साथ खड़ी है

**एजेंसी ।नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने देशभर में मानसून के दौरान भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, केरल और उत्तराखंड सहित छह राज्यों के लिए 1,066.80 करोड़ रुपये की राशि जारी करने की मंजूरी दी है. केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार बाढ़ प्रभावित छह राज्यों में से असम को 375.60 करोड़ रुपये, मणिपुर को 29.20 करोड़ रुपये, मेघालय को 30.40 करोड़ रुपये, मिजोरम को 22.80 करोड़ रुपये, केरल को 153.20 करोड़ रुपये और उत्तराखंड को राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) से केंद्रीय अंश के



रूप में 455.60 करोड़ रुपये दिए गए. ये राज्य इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान अत्यधिक भारी वर्षा, बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित हुए हैं.

इस वर्ष, केंद्र सरकार पहले ही एसडीआरएफ से 14 राज्यों को 6,166.00 करोड़ रुपये और एनडीआरएफ से 12 राज्यों को 1,988.91 करोड़ रुपये जारी कर चुकी है. इसके अतिरिक्त, राज्य आपदा न्यूनीकरण कोष (एसडीएमएफ) से 5 राज्यों को 726.20 करोड़ रुपये और राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण कोष (एनडीएमएफ) से 2 राज्यों को 17.55 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं. केंद्र सरकार ने बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने से प्रभावित सभी राज्यों को आवश्यक एनडीआरएफ टीमों, सेना और वायु सेना की टीमों की तैनाती सहित सभी प्रकार की रसद सहायता भी प्रदान की है. मौजूदा मानसून के दौरान 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में राहत और बचाव कार्यों के लिए एनडीआरएफ की 104 टीमें तैनात की गई हैं. इसके साथ ही, सेना और वायु सेना को भी जरूरत के अनुसार सक्रिय किया गया है. इस निर्णय के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि मोदी सरकार हर परिस्थिति में राज्यों के साथ दृढ़ता से खड़ी है और पीड़ितों को राहत पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि आज केंद्र सरकार ने बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित असम, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, केरल और उत्तराखंड राज्यों के लिए राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) के अंतर्गत केंद्रीय हिस्से के रूप में 1066.80 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है. शाह ने कहा कि इस वर्ष 19 राज्यों को एसडीआरएफ व राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) निधि से 8000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदान की गई है. वित्तीय सहायता के अलावा आवश्यक एनडीआरएफ, सेना और वायु सेना की तैनाती सहित सभी रसद सहायता प्रदान करना हमारी प्राथमिकता रही है.

### स्टेट लेवल टेनिस खिलाड़ी राधिका की गोली मारकर हत्या

**गुरुग्राम ।** गुरुग्राम के सेक्टर 57 में जहां स्टेट लेवल टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की उसके ही पिता ने गोली मारकर हत्या कर दी. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू की. पुलिस के मुताबिक, वारदात गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे सेक्टर 57 के एक मकान में हुई, जहां राधिका अपने परिवार के साथ रहती थी. परिवार में उस समय आपसी विवाद हुआ, जिसके बाद पिता ने गुस्से में आकर राधिका पर एक के बाद एक तीन गोलियां चला दीं. गोलियां लगने के बाद राधिका को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे बचा नहीं सके. राधिका यादव स्टेट लेवल की जानी-मानी टेनिस खिलाड़ी थीं.

### कर्नाटकः महिलाओं की अश्लील तस्वीरें पोस्ट करने वाला युवक गुरदीप सिंह हुआ गिरफ्तार

**बेंगलुरु ।** इंस्टाग्राम पर बिना अनुमति महिलाओं के वीडियो और तस्वीरें पोस्ट करने के आरोप में 26 साल के गुरदीप सिंह को बेंगलुरु पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी के खिलाफ एक महिला ने अपना वीडियो वायरल होने के बाद शिकायत की थी. आरोपी गुरदीप कॉमन रेग्युलर वीडियो बनाने के बहाने महिलाओं को टारगेट करता था और उनका वीडियो सोशल मीडिया में पोस्ट करता था. बेंगलुरु पुलिस के मुताबिक, आरोपी गुरदीप सिंह आरके पुरम इलाके में अपने भाई के साथ रहता है. होटल मैनेजमेंट में ग्रैजुएट गुरदीप इन दिनों बेरोजगार था. वह चर्च स्ट्रीट पर अव्यवस्था को फिल्माने के बहाने महिलाओं का वीडियो बनाता था.







स्वायत्ताधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक सुरजीत सिंह द्वारा फ्लैट नंबर 48, श्रीवाटिका अपार्टमेंट, चेशायर होम रोड, रेजीमेंटल गेट नंबर 1 के सामने, पोस्ट कोकर, पीएस सदर, रांची - 834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : सुरजीत सिंह. स्थानीय संपादक : संजय सिंह*** फोन नंबर 0651-2961734. (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)**